सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 07 जुलाई , 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 183, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 521 अंकों की उछाल

लगातार चौथे सत्र की बढ़त के दौरान सेंसेक्स में 521 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 160 अंक चढ़ गया। } 10

भारत टैक्सी की तर्ज पर बनेगी सहकारी जीवन बीमा कंपनी

केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घोषणा की कि सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ाने के लिए एक सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी। } 10

एक्ट ईस्ट नीति को करेंगे और मजबूत : मोदी

इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड की यात्रा पर प्रधानमंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की उनकी यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति, महासागर दृष्टिकोण और एक स्वतंत्र, खुले तथा समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए भारत की प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगी।

मोदी ने छह से 11 जुलाई तक तीन देशों की अपनी यात्रा पर रवाना होने से पहले एक बयान में कहा कि यह यात्रा इन तीनों देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों में बनी मजबूत गति को और आगे बढ़ाएगी। मोदी ने बयान में कहा, पूर्वी और दक्षिणी हिंद महासागर में क्रमशः इंडोनेशिया और ऑस्ट्रेलिया और उसके बाद न्यूजीलैंड की मेरी यात्रा भारत की एक्ट ईस्ट नीति, महासागर दृष्टिकोण और साथ ही स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के प्रति हमारे नजरिए को और मजबूत करेगी। महासागर यानी क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए परस्पर और समग्र प्रगति सभी क्षेत्रों की सुरक्षा और विकास के लिए भारत का दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गति देने के लिए इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ...शेष पृष्ठ 10 पर

स्टार्टअप मिशन निदेशालय के गठन का प्रस्ताव पास

जलालाबाद का नाम हुआ परशुरामपुरी, होमगार्ड जवानों को कैशलेस इलाज, पदक विजेताओं की होगी सीधी भर्ती

विशेष संवाददाता

- पुलिस समेत कई विभागों के कर्मचारियों के वर्दी भत्ते में बढ़ोतरी, 20 करोड़ रुपये होंगे खर्च
- गोरखपुर व मुरादाबाद में बनेंगे 100-100 बेड के आधुनिक ईएसआई अस्पताल
- आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत बनेगा मिशन, जोखिम प्रबंधन-पशुधन बीमा योजना मंजूर
- गोरखपुर 80 करोड़ व मुरादाबाद नगर निगम 50 करोड़ का जारी करेंगे म्युनिसिपल बॉण्ड
- रायबरेली में उद्यान महाविद्यालय की स्थापना का रास्ता साफ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश होमगार्ड विभाग के अंतर्गत कार्यरत होमगार्ड स्वयंसेवकों, अवैतनिक अधिकारियों और उनके आश्रित परिवारों को बड़ी राहत देते हुए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। यह सुविधा स्टेट एजेंसी फॉर कॉम्प्रिहेंसिव हेल्थ एंड इंटीग्रेटेड सर्विसेज (साचीज) के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा पुलिस समेत कई विभागों के कर्चमारियों के वर्दी भत्ते में बढ़ोतरी पर भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट में विभिन्न विभागों के 29 प्रस्ताव रखे गए। इनमें से 28 को मंजूरी दी गई, जबकि एक प्रस्ताव मदरसे से सम्बंधित स्थगित कर दिया गया। अन्य प्रस्तावों में शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा/नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में विभागों के चिह्नित पदों को नियमावली में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा कानपुर के बिल्हौर में महर्षि योगी इंटरनेशनल कृषि विश्वविद्यालय, एंग्लो संस्कृत कॉलेज, फतेहपुर की ओर से विवि की स्थापना और गाजियाबाद में अजय कुमार गर्ग विवि की स्थापना को भी मंजूरी दी गई। साथ ही लोक सेवा आयोग के अध्यक्षों व सदस्यों की पेंशन बढ़ाने, उप्र में स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन स्टार्टअप के प्रस्ताव को पास कर दिया गया। मुख्यमंत्री ने 6 दिसंबर 2025 को होमगार्ड दिवस के अवसर पर होमगार्ड जवानों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। अब कैबिनेट की मंजूरी के साथ इस घोषणा को अमली जामा पहनाया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि योजना के तहत होमगार्ड स्वयंसेवकों, अवैतनिक अधिकारियों और उनके आश्रित परिवारों ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी पौधरोपण का बनायेगा नया कीर्तिमान : मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'पौधरोपण महाभियान-2026' के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेशभर के जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए 12 जुलाई को आयोजित होने वाले वृहद वृक्षारोपण अभियान को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

महिला का कई टुकड़ों में कटा शव बरामद

जौनपुर। जिले में मड़ियाहूं क्षेत्र में रानीपुर तिराहे के पास रविवार की सुबह पुलिस ने सड़क के किनारे झाड़ी में एक महिला का कई टुकड़ों में कटा शव बरामद किया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में एक अभियुक्त को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से अभियुक्त घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पांच जुलाई को मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के रानीपुर बाईपास (भदोही मुख्य मार्ग) के पास झाड़ियों में एक अज्ञात महिला का कई टुकड़ों में कटा शव बरामद किया गया था। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने रामनगर विकास खंड कार्यालय के गेट की तरफ आ रहे एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर रोकने की कोशिश की तो उसने पुलिस पर जान से मारने की नीयत से गोलियां चलायीं। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलायी जो बदमाश के दाहिने पैर में लगी और वह घायल होकर गिर गया।

धर्मांतरण के आरोप में 12 लोग गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। मंसूरपुर थाना क्षेत्र में हिंदुओं को लालच देकर ईसाई बनाने की कोशिश करने के आरोप में पांच महिलाओं समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने संवाददाताओं को बताया कि मंसूरपुर थाना क्षेत्र के जड़ौदा गांव में पुलिस ने कुछ हिंदूवादी संगठनों की शिकायत पर शनिवार को एक स्थान पर छापा मारा, जहां सभा आयोजित की जा रही थी। इस सभा में लोगों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में दाखिल कराने की कोशिश करने के आरोप में पांच महिलाओं समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने मौके से तीन डायरी, तीन धार्मिक किताबें और छह मोबाइल फोन भी बरामद किये हैं।

चंपत राय व अनिल मिश्रा का इस्तीफा मंजूर

❍ कृष्ण मोहन को मिली राम मंदिर व्यवस्था की जिम्मेदारी ❍ ट्रस्ट का सीईओ चुनने के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

जिला संवाददाता

अयोध्या। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर के चढ़ावे में कथित गबन की जांच जारी रहने के बीच सोमवार को यहां एक बैठक के दौरान अपने महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे स्वीकार कर लिये। ट्रस्टी कृष्ण मोहन को अंतरिम महासचिव नामित किया गया है। ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने यह जानकारी दी। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने बताया कि तीन घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में अंतरिम व्यवस्था के तौर पर सदस्य कृष्ण मोहन को महासचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपने का भी निर्णय लिया गया।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के लिए उपयुक्त उम्मीदवारों का चयन करने के लिए तीन सदस्यीय समिति की घोषणा की। ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि ने संवाददाताओं से बातचीत में एक सवाल का जवाब देते हुए कहा हमने न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) प्रदीप कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) विष्णुकांत चतुर्वेदी और सुरेश हवारे (श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष) की तीन सदस्यीय समिति नियुक्त की। यह समिति उम्मीदवारों का साक्षात्कार लेगी और हमें चुनने के लिए तीन नाम देगी।

गिरि ने मंदिर की दान पेटियों से कथित चोरी को ट्रस्ट के लिए गहरे दर्द और शर्मिंदगी का विषय बताया एवं कहा कि इस विवाद ने सदियों के लंबे संघर्ष और अनगिनत बलिदानों के बाद बने मंदिर पर ग्रहण लगा दिया है। गिरि ने कहा कि चंपत राय ने स्वेच्छा से पद छोड़ दिया है क्योंकि उनका मानना है कि जब तक जांच पूरी नहीं हो जाती और जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता तब तक महासचिव पद पर बने रहना उचित नहीं है। कोषाध्यक्ष ने कहा कि ट्रस्ट के पास इस मामले में कोई विवेकाधिकार नहीं है क्योंकि वरिष्ठ ट्रस्टी के. परासरन ने बताया कि ट्रस्ट के संविधान के तहत एक बार इस्तीफा देने के बाद यह प्रभावी हो जाता है, जिससे ट्रस्ट के पास इसे स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

के. परासरन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इस बैठक में शामिल हुए। गिरि ने इन आरोपों को खारिज किया कि नकदी के अलावा अन्य चढ़ावा भी गायब हो गया है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट मंदिर को दान की गई सभी वस्तुओं की जानकारी वाला एक रजिस्टर रखता है। उन्होंने दावा किया कि ऐसी प्रत्येक वस्तु सुरक्षित है। कोषाध्यक्ष ने कहा कि ट्रस्ट सत्यापन चाहने वाले किसी भी व्यक्ति को रिकॉर्ड और दान की गई वस्तुएं दिखाने के लिए तैयार है। गिरि ने कहा कि ट्रस्ट ने सर्वसम्मति से चंपत राय का इस्तीफा स्वीकार करने के बावजूद राम मंदिर आंदोलन और निर्माण में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अंतरिम ...शेष पृष्ठ 10 पर

चढ़ावा चोरी याचिका पर विचार करने से इलाहाबाद उच्च न्यायालय का इनकार

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अयोध्या स्थित राम मंदिर में चढ़ावे के कथित दुरुपयोग की स्वतंत्र जांच कराने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करने से सोमवार को इनकार कर दिया।

अदालत ने कहा कि इसी मुद्दे पर एक याचिका पहले से ही उच्चतम न्यायालय में लंबित है। न्यायमूर्ति राजन राय और न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने स्थानीय अधिवक्ता मोहित अशोक द्वारा दायर जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए कहा कि इसी प्रकार की एक याचिका अजय कुमार राय द्वारा उच्चतम न्यायालय में दायर की गई है, जिस पर वहां पहले से विचार चल रहा है। सुनवाई के दौरान पीठ ने मामले की सुनवाई होने से पहले ही मीडिया को साक्षात्कार देने को लेकर याचिकाकर्ता पर कड़ी नाराजगी भी जताई। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता का यह आचरण सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास प्रतीत होता है और उसे भविष्य में ऐसा दोबारा नहीं करने की चेतावनी दी। याचिका में राम मंदिर की वित्तीय व्यवस्था का भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ...शेष पृष्ठ 10 पर

पाक संचालित दो आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

छह गिरफ्तार, पेट्रोल बम, पिस्तौल व आपत्तिजनक सामग्री बरामद

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गैंगस्टर शहजाद भट्टी से जुड़े पाकिस्तान समर्थित दो कथित मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने उनके पास से पेट्रोल बम, पिस्तौल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि एक मॉड्यूल को पाकिस्तान स्थित आकाओं ने पेट्रोल बम का उपयोग कर दिल्ली में आतंकवादी हमला करने का काम सौंपा था, जबकि दूसरा कथित तौर पर ड्रोन से सीमा पार से भारत में तस्करी किए गए हथियारों को प्राप्त करने और उन्हें बेचने में शामिल था। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों को शहजाद भट्टी के पाकिस्तान स्थित सहयोगियों द्वारा निर्देशित किया जा रहा था और वे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस... शेष पृष्ठ 10 पर

हाफिज सईद पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने का आरोप

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के पाकिस्तान स्थित प्रमुख हाफिज सईद के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया।

भारत और अमेरिका द्वारा पहले ही वैश्विक आतंकवादी घोषित सईद पर व्यक्तिगत तौर पर और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा और उसके सक्रिय सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के प्रमुख के तौर पर आरोप लगाए हैं। सईद 2008 के मुंबई हमलों का भी मुख्य साजिशकर्ता है। पूरक आरोपपत्र जम्मू स्थित विशेष एनआईए अदालत में दाखिल किया गया है, जिसमें 76 वर्षीय सईद पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और ...शेष पृष्ठ 10 पर

धामी सरकार खुद पंहुची जनता के द्वार

धामी सरकार के विशेष अभियान से तीन दिन में हजारों लोगों की समस्याओं का समाधान

प्रमुख संवाददाता

लखनऊ। उत्तराखंड में सरकारी सेवाओं को लोगों के घर-आंगन तक पहुंचाने की पहल तेजी से जमीन पर उतरती दिखाई दे रही है। राज्य सरकार के जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार के अभियान के तहत लगाये जा रहे विशेष शिविरों में पहले तीन दिनों के भीतर ही हजारों नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज करायी, जिनमें बड़ी संख्या में तत्काल निस्तारण किया गया। इसके साथ ही पात्र लाभार्थियों को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से भी मौके पर जोड़ा गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ तभी है, जब प्रशासन लोगों की जरूरतों के अनुरूप कार्य करे और नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक भागदौड़ न करनी पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रशासन को अधिक जनोन्मुख बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है और इसी सोच के तहत अधिकारी स्वयं गांवों और दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं घोषित करना नहीं, बल्कि उनका लाभ समयबद्ध तरीके से प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी कारण विभिन्न विभागों की सेवाओं को एकीकृत कर विशेष शिविरों के माध्यम से नागरिकों को एक ही स्थान पर अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। 4 जुलाई से प्रारंभ हुए इस राज्यव्यापी अभियान के अंतर्गत 15 जुलाई तक सभी जिलों, विकासखंडों और तहसीलों में जनसेवा शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, कृषि, उद्यान, खाद्य, पेयजल, विद्युत, पंचायतीराज, महिला सशक्तिकरण सहित अनेक विभाग संयुक्त ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- राष्ट्र को समर्पित था डॉ. मुखर्जी का जीवन : योगी (पृष्ठ-02)
- चढ़ावा चोरी आस्था व श्रद्धा के साथ खिलवाड़ (पृष्ठ-02)
- सोना 150 रुपये टूटा, चांदी 5,000 रुपये लुढ़की (पृष्ठ-10)
- रुपया 20 पैसे टूटकर 95.38 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- भारत की ऊर्जा प्रणाली पर होगा अलनीनो का असर (पृष्ठ-10)

विशेष खबर संगठनात्मक अनुशासन का 'नितिन मंत्र', 'पद से पहले प्रक्रिया को प्राथमिकता', जिला, मंडल और प्रदेश स्तरीय बैठकों का तय 'रोडमैप'

यूपी मिशन 2027 : 'नितिन मॉडल' से चुनावी बिसात बिछाने की तैयारी

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन का हालिया लखनऊ दौरा केवल एक औपचारिक यात्रा नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश में आगामी 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी की बदली हुई कार्यशैली का संकेत है। 4 से 5 जुलाई के अपने प्रवास के दौरान नबीन ने संगठन की नब्ज टटोलते हुए जिस तरह कड़े संदेश दिये हैं, वे स्पष्ट करते हैं कि भाजपा अब 'सतर्क और आक्रामक' मोड में आ चुकी है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि नितिन नबीन का यह दौरा भाजपा की उस परंपरा को आगे बढ़ाता है जहां 'पद से पहले प्रक्रिया' को प्राथमिकता दी जाती है। उन्होंने प्रदेश की नवगठित टीम को स्पष्ट कर दिया है कि संगठन का काम केवल बैठकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि हर कार्यकर्ता को गांवों में प्रवास करना होगा। उनका यह कहना कि मैं खुद प्रवास कर रहा हूं, यह दर्शाता है कि शीर्ष नेतृत्व अब केवल दिल्ली या मुख्यालय से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर से चुनाव का संचालन करेगा। विपक्ष द्वारा उठाये जा रहे जातिगत और नैरेटिव आधारित सवालों के बीच, नितिन नबीन ने

कार्यकर्ताओं को 'राष्ट्र प्रथम' का एजेंडा थमाया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सुशासन और कानून-व्यवस्था ही चुनाव का मुख्य मुद्दा होगा। 2027 में लगातार उत्तर प्रदेश में तीसरी बार सत्ता में वापसी का लक्ष्य रखने वाली भाजपा के लिए यह दौरा पार्टी के भीतर अनुशासन का वह नया 'सॉफ्टवेयर' है, जो कार्यकर्ताओं को चुनाव से काफी पहले जनता के बीच सक्रिय रहने के लिए मजबूर करेगा।

पंकज चौधरी और सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुई बैठकों में, नितिन नबीन ने यह संदेश दिया कि पार्टी में कोई भी पद केवल दिखावे के लिए नहीं है। मंडल, जिला और प्रदेश स्तरीय बैठकों का जो 'रोडमैप' उन्होंने तय किया है, वह यह बताता है कि भाजपा अब किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेगी। कुल मिलाकर, नितिन नबीन का यह दौरा यूपी भाजपा में एक नये 'एक्शन प्लान' की शुरूआत है। जहां एक तरफ वे संगठनात्मक ढांचे को दुरुस्त कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ वे कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद बनाकर संगठन और जनता के बीच की दूरी को खत्म करने की कोशिश में हैं। विपक्षी खेमों के लिए यह भाजपा की उस चुनावी मशीनरी का संकेत है, जो चुनाव से बहुत पहले ही पूरी गति के साथ काम करना शुरू कर देती है। साथ ही वरिष्ठ साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों से की गयी मुलाकात भी इस बात का संकेत स्पष्ट देती है कि भाजपा के लिए हर कोई अहमियत रखता है। वहीं, बूथ अध्यक्ष का जन्मदिन मनाने गये भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जाना भी स्पष्ट संदेश के रूप में देखा जा रहा है कि ...शेष पृष्ठ 10 पर

रूस ने यूक्रेन पर किया भीषण हमला, 18 की मौत

एजेंसी

❍ नाटो शिखर सम्मेलन में उठाएंगे मुद्दा

कीव। रूस ने सोमवार तड़के यूक्रेन पर मिसाइलों और ड्रोन से कई चरणों में बड़े पैमाने पर हमला किया, जिसमें कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। इस हमले ने यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली में बढ़ती कमजोरियों को उजागर कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, रूस द्वारा दागी गई सभी बैलिस्टिक मिसाइल अपने निर्धारित लक्ष्यों तक सटीक तरीके से पहुंचीं। इससे यह स्पष्ट हुआ कि यूक्रेन के पास पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों की कमी लगातार गंभीर होती जा रही है।

ऐसा माना जा रहा है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की इस सप्ताह तुर्किये के अंकारा में होने वाले नाटो शिखर सम्मेलन में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाकर ये हमले किए गए, जहां 12 लोगों की मौत हुई। वहीं, कीव क्षेत्र में छह अन्य लोगों के मारे जाने की पुष्टि क्षेत्रीय प्रमुख मायकोला कलाशनिक ने की। जेलेंस्की ने बताया कि हमले में कम से कम 60 लोग घायल हुए हैं। राहत एवं बचाव दल राजधानी में उन दो आवासीय इमारतों के मलबे में जीवित लोगों की तलाश कर रहे हैं।

C M Y K

यूपी स्टार्टअप मिशन को मंजूरी, आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के तहत बनेगा मिशन

हाईटेक रिसर्च व इनोवेशन के लिए स्थापित होंगे 20 नये सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश स्टार्टअप नीति-2026 के साथ उत्तर प्रदेश प्रदेश स्टार्टअप मिशन को भी मंजूरी दे दी गई। नई नीति का उद्देश्य प्रदेश में नवाचार, उद्यमिता और निवेश को बढ़ावा देना, युवाओं के लिए नए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर सृजित करना तथा उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर का मजबूत, समावेशी स्टार्टअप इकोसिस्टम उपलब्ध कराना है। सरकार का मानना है कि यह नीति प्रदेश को नवाचार और उद्यमिता का अग्रणी केंद्र बनाने के साथ-साथ वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने नई नीति के तहत स्टार्टअप्स को शुरूआती चरण से लेकर विस्तार (स्केल-अप) तक व्यापक वित्तीय और संस्थागत सहायता देने का प्रावधान किया है। इसके तहत सस्टेनेंस अलाउंस (भरण-पोषण भत्ता) 17,500 रुपये प्रतिमाह (एक वर्ष) से बढ़ाकर 20,000 रुपये प्रतिमाह (दो वर्ष) कर दिया गया है। वहीं प्रोटोटाइप अनुदान 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये और सीड फंडिंग 7.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 15 लाख रुपये कर दी गई है। विशेष परिस्थितियों में यह सहायता 50 लाख रुपये तक बढ़ाई जा सकेगी।

इसके तहत पेटेंट एवं गुणवत्ता प्रमाणन के लिए 2 करोड़ रुपये तक की प्रतिपूर्ति, 5 करोड़ रुपये तक की मैचिंग ग्रांट, 2 करोड़ रुपये तक के टर्म लोन पर 4 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, ईपीएफ और ईएसआई की प्रतिपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। इससे स्टार्टअप्स की शुरूआती वित्तीय चुनौतियां कम होंगी और उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सरकार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रोबोटिक्स, क्वांटम टेक्नोलॉजी, स्पेस टेक्नोलॉजी और अन्य उभरती तकनीकों पर आधारित डीप-टेक स्टार्टअप्स को विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया है।

ऐसे स्टार्टअप्स को 20 लाख रुपये तक प्रोटोटाइप सहायता, 30 लाख रुपये तक सीड फंडिंग, 100 करोड़ रुपये तक पेशेंस कैपिटल सहायता तथा अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के लिए 40 प्रतिशत तक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। नई नीति में स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए इन्क्यूबेटर्स को भी अधिक सहायता देने का प्रावधान किया गया है। इन्क्यूबेटर्स के लिए पूंजीगत अनुदान 1 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1.25 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जबकि पूर्वांचल और बुंदेलखंड के इन्क्यूबेटर्स के लिए यह राशि बढ़ाकर 1.50 करोड़ रुपये कर दी गई है।

इसके अलावा परिचालन व्यय अनुदान 30 लाख रुपये से बढ़ाकर 40 लाख रुपये प्रतिवर्ष किया गया है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन्क्यूबेटर्स और उनके माध्यम से निवेश जुटाने वाले स्टार्टअप्स को अतिरिक्त प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। प्रदेश में अत्याधुनिक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 20 नए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) स्थापित किए जाएंगे। इनका फोकस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, स्पेस टेक्नोलॉजी, हेल्थटेक, एग्रीटेक, रोबोटिक्स सहित अन्य उभरती तकनीकों पर रहेगा।

गोरखपुर व मुरादाबाद में बनेंगे 100-100 बेड के ईएसआई अस्पताल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में प्रदेश के श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को और अधिक मजबूत करने के लिए अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट ने गोरखपुर और मुरादाबाद में 100-100 बेड के कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पतालों तथा वाराणसी में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की। योगी सरकार की ओर से इन परियोजनाओं के लिए भारत सरकार को निःशुल्क और रियायती दरों पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी।

मुरादाबाद में अस्पताल निर्माण के लिए ग्राम हरथला, तहसील एवं जनपद मुरादाबाद स्थित गाटा संख्या-1336/9.984 हेक्टेयर में से 2.025 हेक्टेयर राज्य सरकार की भूमि ईएसआईसी, श्रम एवं रोजगार विभाग, भारत सरकार को निःशुल्क आवंटित की जाएगी। यह भूमि राजस्व अभिलेखों में श्रेणी-1 राज्य सरकार की संपत्ति के रूप में दर्ज है। मुरादाबाद में प्रस्तावित 100 शैय्या अस्पताल से लगभग 93,591 बीमांकित श्रमिकों और उनके 3,55,646 परिजनों को चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। अस्पताल का निर्माण कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा कराया जाएगा, जिससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं आएगा। इसके संचालन से चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल कर्मी, प्रशासनिक अधिकारी और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

इसी प्रकार गोरखपुर में गीडा सेक्टर-09 स्थित संस्थागत भूखंड संख्या एएल-7, क्षेत्रफल 21,427 वर्ग मीटर (करीब 5.249 एकड़) भूमि पर 100 बेड का ईएसआईसी अस्पताल बनाया जाएगा। परियोजना को प्रोत्साहन देने के लिए भूमि की दर 8720 रुपये प्रति वर्ग मीटर के स्थान पर रियायती 2000 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित की गई है। नियमानुसार अन्य शुल्क अलग से देय होंगे। इस अस्पताल की स्थापना से चिकित्सकीय सुविधाओं के विस्तार के साथ ही प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से नए रोजगार अवसर भी सृजित होंगे। श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने बताया कि वाराणसी में बनने वाले ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के लिए पिंडरा तहसील के ग्राम पिंडरा में लगभग 13 एकड़ भूमि शिक्षण संकाय के लिए भारत सरकार को निशुल्क दी जाएगी। प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज की स्थापना में लगभग 800 करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है, जिससे बड़े पैमाने पर चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टाफ तथा संविदा स्टाफ के लिए रोजगार अवसर सृजित होंगे। कॉलेज में एमबीबीएस की अधिसंख्य सीटें उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थियों को उपलब्ध होंगी। 50 प्रतिशत एमबीबीएस सीटें बीमित श्रमिकों के बच्चों के लिए आरक्षित रहेंगी। इसके अलावा 18 प्रतिशत सीटों पर राज्य सरकार व 7 प्रतिशत सीटों पर केंद्र सरकार के माध्यम से प्रवेश दिया जाएगा। अनिल राजभर ने बताया कि प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज में भविष्य में नर्सिंग व पैरामेडिकल कोर्सेज भी प्रारंभ किए जा सकेंगे। राज्य सरकार का यह कदम प्रदेश में श्रमिकों व उनके आश्रितों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे वाराणसी एवं आसपास के जनपदों के संगठित क्षेत्र के 1.45 लाख ईएसआई कार्डधारक श्रमिकों तथा उनके 5.50 लाख परिजनों को बेहतर चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा मिलेगी।

पशुपालकों को मिलेगा सुरक्षा कवच, मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना को मंजूरी

- 60 करोड़ रुपये से लागू होगी बीमा योजना, 85 प्रतिशत प्रीमियम देगी सरकार और 15 प्रतिशत लाभार्थी का अंशदान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना (राज्य योजना) की कार्ययोजना एवं वित्तीय प्रावधान को मंजूरी दे दी गई। इस योजना का उद्देश्य प्रदेश के किसानों, पशुपालकों और डेयरी संचालकों को पशुओं की मृत्यु या दुर्घटना से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाना और उन्हें वित्तीय सुरक्षा प्रदान करना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के संचालन के लिए 60 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। बीमा प्रीमियम का 85 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी।

पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालन आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है। अगर किसी वजह से पशु की मृत्यु हो जाती है या वह स्थायी रूप से काम करने योग्य नहीं रहता, तो इससे पशुपालक की आर्थिक स्थिति पर गंभीर असर पड़ता है। ऐसे संकट से बचाने के लिए राज्य सरकार ने इस नई योजना को मंजूरी दी है। योजना के तहत लघु एवं सीमांत किसान, भूमिहीन पशुपालक, डेयरी फार्म के पशुपालकों तथा अन्य पात्र पशुपालकों के पशुओं का बीमा कराया जाएगा।

यदि किसी पशु की महामारी, दैविक आपदा, आकस्मिक दुर्घटना के कारण मृत्यु हो जाती है या वह अनुपयोगी हो जाता है, तो बीमा के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश सरकार ने योजना में दावा निस्तारण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया है। पशु की मृत्यु होने पर बीमा दावा स्वीकृत होने के बाद क्लेम की राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाएगी। वहीं, यदि कोई पशु स्थायी रूप से विकलांग (पीटीडी) हो जाता है, तो बीमा कंपनी बीमित राशि का 75 प्रतिशत तक भुगतान करेगी। इससे पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा मिलने के साथ-साथ पशुपालन और दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।

कैबिनेट से स्वीकृत प्रस्ताव में वित्तीय वर्ष 2026-27 में इस योजना के संचालन के लिए 60 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। इस बजट के माध्यम से प्रदेश में कुल 2,28,350 पशुओं का बीमा कराया जाएगा। इनमें 1,86,800 पशुओं का बीमा सामान्य मद और 41,550 पशुओं का बीमा एससीएसपी कम्पोनेंट के अंतर्गत किया जाएगा। योजना के तहत बीमा प्रीमियम का 85 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करेगी, जबकि 15 प्रतिशत राशि लाभार्थी को अंशदान के रूप में देनी होगी।

धर्मपाल सिंह ने बताया कि यूपी पशुधन की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है। जीडीपी के संदर्भ में पशुधन का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में 5.50 प्रतिशत का योगदान है। प्रदेश में कृषि एवं संबंध क्षेत्र की कुल जीडीपी 30 प्रतिशत से अधिक है। पशुधन का इसमें विशेष योगदान है। मुख्यमंत्री जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना 75 जिलों में लागू होगी। राज्यांश 85 प्रतिशत और लाभार्थी का अंश 15 प्रतिशत होगा। योजना के तहत एक महीने के अंदर बीमा राशि का भुगतान बीमा कंपनी द्वारा कराया जाएगा। इस बीमा योजना से पशुपालकों को बड़ा लाभ होगा।

शाहजहांपुर के जलालाबाद का नाम होगा 'परशुरामपुरी'

- अधिसूचना जारी होने के बाद प्रभावी होगा नाम परिवर्तन का निर्णय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में जनपद शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा/नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय के साथ राज्य सरकार ने नगर की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान के अनुरूप उसका नाम परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। कैबिनेट के इस निर्णय से जनपद शाहजहांपुर के नगर जलालाबाद को 'परशुरामपुरी' के रूप में नई आधिकारिक पहचान प्राप्त होगी। अधिसूचना जारी होने के बाद नाम परिवर्तन का निर्णय प्रभावी हो जाएगा।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि कैबिनेट के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव में जनपद शाहजहांपुर की नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्र के अंतर्गत स्थित कस्बा जलालाबाद का नाम 'परशुरामपुरी' किए जाने का प्रस्ताव रखा गया था। प्रस्ताव पर विचार करने के उपरांत मंत्रिपरिषद ने इसे स्वीकृति प्रदान कर दी। इस निर्णय के बाद संबंधित विभाग द्वारा नाम परिवर्तन के संबंध में आवश्यक प्रशासनिक एवं विधिक औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी। इसके बाद सभी शासकीय अभिलेखों, विभागीय दस्तावेजों तथा अन्य आधिकारिक अभिलेखों में नगर का नाम निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार परिवर्तित किया जाएगा।

जनपद शाहजहांपुर स्थित नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्रान्तर्गत कस्बा जलालाबाद भगवान परशुराम की जन्मस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। पौराणिक कथाओं एवं विभिन्न ग्रंथों में भी इस स्थान का प्रमुखता से उल्लेख मिलता है। इसी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को देखते हुए जनप्रतिनिधियों तथा स्थानीय निवासियों द्वारा लंबे समय से नगर का नाम भगवान परशुराम के नाम पर 'परशुरामपुरी' किए जाने की मांग की जा रही थी। भारत सरकार द्वारा भी इस प्रस्ताव पर अनापत्ति प्रदान किए जाने के बाद राज्य सरकार ने नगर पालिका परिषद जलालाबाद क्षेत्रान्तर्गत नगर जलालाबाद का नाम परिवर्तित कर 'परशुरामपुरी' किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है।

अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को सीधी भर्ती में मिलेंगे अवसर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता सीधी भर्ती नियमावली-2022 में विभागों के चिह्नित पदों को नियमावली में शामिल किया जाएगा, जिससे अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के सेवायोजन के लिए अधिक अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा खेल गतिविधियों को लगातार प्रोत्साहन, खेल अवसंरचना के विकास तथा खेलों के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि के परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों की भागीदारी और पदक प्राप्ति में निरंतर वृद्धि हुई है। इसी के दृष्टिगत खिलाड़ियों के सेवायोजन के लिए वर्तमान नियमावली में शामिल पदों एवं उनकी संख्या को और पर्याप्त बनाए जाने की आवश्यकता महसूस की गई। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार संशोधित नियमावली के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों को विभिन्न विभागों के चिह्नित पदों पर नियुक्ति प्रदान की जाएगी। ये नियुक्तियां लोक सेवा आयोग की परिधि से बाहर रहेंगी।

रायबरेली में उद्यान महाविद्यालय की स्थापना का रास्ता साफ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में जनपद रायबरेली में उद्यान महाविद्यालय की स्थापना के लिए कृषि विभाग की 22 हेक्टेयर भूमि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। यह महाविद्यालय चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत स्थापित किया जाएगा। इस निर्णय से प्रदेश में कृषि एवं उद्यान शिक्षा के विस्तार को नई गति मिलेगी।

उद्यान महाविद्यालय की स्थापना के लिए जिलाधिकारी रायबरेली द्वारा ग्राम पड़ेरा, परगना एवं तहसील सदर स्थित उपलब्ध भूमि चिन्हित की गई थी। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार उपलब्ध 44.888 हेक्टेयर भूमि में से 22 हेक्टेयर भूमि कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग को निःशुल्क हस्तांतरित की जाएगी। इससे रायबरेली सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश में उद्यानिकी शिक्षा, अनुसंधान तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के विकास को नई मजबूती मिलेगी। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय अयोध्या, बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय बांदा, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मेरठ तथा निजी क्षेत्र का सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिक एवं विज्ञान विश्वविद्यालय प्रयागराज में संचालित हैं। इसके अतिरिक्त पूर्वी उत्तर प्रदेश में कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा बुद्ध कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुशीनगर की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के अंतर्गत रायबरेली में उद्यान महाविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस परियोजना पर लगभग 50 करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है।

त्रिस्तरीय पंचायती संस्थाओं के लिए वित्तीय प्रस्ताव स्वीकृत : कैबिनेट बैठक में पंचायती राज्य संस्थाओं की वित्तीय आवश्यकताओं से संबंधित प्रस्ताव पर भी सहमति दी गई। इसके अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत तीनों स्तर की पंचायतों के लिए 14,988.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसकी 10 प्रतिशत धनराशि यानी लगभग 1,498 करोड़ रुपये प्रशासनिक, परिचालन एवं रख-रखाव पर खर्च होंगे। इसी राशि में से 495.89 करोड़ रुपये पंचायत प्रतिनिधियों के मानदेय व बैठक भत्तों पर व्यय किए जाएंगे।

पूर्व विधायक राजेश यादव रालोद में शामिल

लखनऊ। गुन्नौर संभल से पूर्व विधायक राजेश यादव ने मंगलवार को रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय कौशल विकास मंत्री चौधरी जयंत सिंह के समक्ष उनके नेतृत्व में आस्था जताते हुए रालोद में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रालोद संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद केसी त्यागी मौजूद रहे। रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बताया कि पूर्व विधायक राजेश यादव के पार्टी में शामिल होने से पूरे प्रदेश में दल को मजबूती मिलेगी और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा सकेगा।

चढ़ावा चोरी आस्था व श्रद्धा के साथ खिलवाड़ : अखिलेश

- सपा अध्यक्ष ने पत्रकारवार्ता कर श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी का उठाया मुद्दा

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि अयोध्या श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी से आस्था और श्रद्धा के साथ खिलवाड़ हुआ है। खजाना देख कर सत्ता में बैठे लोग अंधे हो गये है। उन्हें आस्था और श्रद्धा की परवाह नहीं है। ये सब बौरा गये है। भाजपाइयों के घपलों की वजह से अयोध्यावासियों को दुःख-दर्द सहना पड़ रहा है।

पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ पर आयोजित पत्रकारवार्ता में सोमवार को अखिलेश यादव ने कहा कि अयोध्या में चढ़ावा चोरी की घटना बहुत दुखद है। अयोध्या में जो घटना हुई है, उसका सम्पूर्ण विश्व के राम भक्त संज्ञान लें। दुनिया भर के सनातनी, अयोध्या के साधु संत, सर्वोच्च न्यायालय, लोकसभा अध्यक्ष, अयोध्या के सभी नागरिक और समस्त पीडीए समाज अयोध्या में चढ़ावा चोरी की घटना का संज्ञान ले।

उन्होंने कहा कि चढ़ावा, चंदा और दान चोरो का गिरोह जनाक्रोश का सामना नहीं कर पा रहा है। यह गिरोह डरा हुआ है इसीलिए चुपचाप बैठ गये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा में सत्ता का संघर्ष चल रहा है। अगर चढ़ावा चोरी की जांच ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स करती तो जांच दिल्ली वालों के हाथ में होती रिपोर्ट उनके पास जाती, दिल्ली वाले जब तक सोचते तब तक लखनऊ वालों ने एसआईटी बना दी अब रिपोर्ट इनके पास आयेगी। अयोध्या में पैसे को देखकर ये सब बौरा गये है। सारी मयार्दाएं और लक्ष्मण रेखा पार कर गये हैं। एक सवाल के जवाब में अखिलेश यादव ने कहा कि चोरों को सब लोग चोर नजर आते हैं। सोशल मीडिया पर हमारे खिलाफ जो दुष्प्रचार चल रहा है सपा के कार्यकर्ता उस पर एफआईआर लिखायेंगे।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार, भ्रष्टाचार चरम पर है। अत्याचार की सारी सीमाएं पार हो गयी है। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस केवल इस सरकार का नारा है। हर विभाग और हर काम में भ्रष्टाचार है। कोई क्षेत्र भ्रष्टाचार और लूट से अछूता नहीं है। भ्रष्टाचार से पूरा प्रदेश त्रस्त है। उन्होंने कहा कि लखनऊ में सिविल हॉस्पिटल को अच्छा बनाने के लिए सपा सरकार में सूचना विभाग की बिल्डिंग हॉस्पिटल के लिए खाली करायी गयी, लेकिन भाजपा सरकार ने दस साल में कुछ नहीं किया। सपा सरकार में लखनऊ के सिविल हॉस्पिटल और बलरामपुर हॉस्पिटल को विश्वस्तरीय बनाएंगे, सभी सुविधाएं की जाएंगी।

अरूणाचल प्रदेश में सीमा पार चीन के अतिक्रमण को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि सीमा पर चीन का खतरा बढ़ता जा रहा है। आजादी के पहले और आजादी के बाद चीन ने भारत की सबसे ज्यादा जमीन छीनी है। सीमा पर सबसे ज्यादा उल्लंघन चीन की सेना ने किया है लेकिन सरकार चुप है।

राष्ट्र को समर्पित था डॉ. मुखर्जी, अटल व अशोक सिंघल का जीवन : योगी

- मुख्यमंत्री ने काली घाट स्थित प्रेरणा पार्कका लोकार्पण किया
- प्रयागराज में गंगा नदी पर एक हजार करोड़ से बनेगा नया पुल

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रयागराज के काली घाट स्थित प्रेरणा पार्क का लोकार्पण किया तथा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और अशोक सिंघल की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तीनों महान विभूतियों का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा और भारतीय संस्कृति के उत्थान के लिए समर्पित रहा।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भारतीय राजनीति के महान शिक्षाविद, स्वतंत्रता सेनानी और अखंड भारत के स्वप्नद्रष्टा थे। उन्होंने ?एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे? का उद्घोष करते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्र भारत में जब तत्कालीन नेहरू सरकार ने देश की अखंडता के विपरीत नीतियां अपनाईं तो डॉ. मुखर्जी ने मंत्री पद से इस्तीफा देकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा और बाद में भारतीय जनसंघ की स्थापना कर भविष्य की भाजपा की नींव रखी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनुच्छेद-370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के अधूरे संकल्प को पूरा किया गया। इससे जम्मू-कश्मीर भी देश के अन्य राज्यों की तरह पूर्ण रूप से भारत की मुख्यधारा में शामिल हुआ। मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने छह दशक के सार्वजनिक जीवन में राजनीतिक शुचिता, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। सांसद, मंत्री और प्रधानमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए भी उनके दामन पर कभी कोई दाग नहीं लगा। अशोक सिंघल का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की भव्य अयोध्या और श्रीराम मंदिर का स्वरूप उनकी दूरदर्शी परिकल्पना का परिणाम है। उन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन को देश का सबसे बड़ा सांस्कृतिक आंदोलन बताते हुए संत समाज को एक मंच पर संगठित करने में अशोक सिंघल की ऐतिहासिक भूमिका की सराहना की।

उन्होंने कहा कि सिंघल ने अपनी पैतृक संपत्ति तक गरीबों, वनवासियों और गिरिवासियों के कल्याण के लिए समर्पित कर त्याग और सेवा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विरासत और विकास दोनों को समान महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के दौरान 66 करोड़ श्रद्धालुओं के आगमन पर प्रयागराजवासियों ने जिस आत्मीयता और अनुशासन का परिचय दिया, वह पूरे देश के लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने बताया कि प्रयागराज में गंगा नदी पर एक नया पुल बनाया जाएगा, जिसके लिए पहली बार उत्तर प्रदेश में किसी एक पुल परियोजना के लिए एक हजार करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। साथ ही शहर में फोरलेन सड़क संपर्क और अन्य सुविधाओं का भी तेजी से विस्तार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने नगर निगम की सराहना करते हुए कहा कि शिवालिक पार्क और द्वादश ज्योतिर्लिंग की प्रतिकृतियों जैसे कार्य प्रयागराज की धार्मिक पर्यटन क्षमता को नई पहचान दे रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि यमुना तट पर स्थापित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी और अशोक सिंघल की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रभक्ति और सेवा का प्रेरणास्रोत बनेंगी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', स्वतंत्र देव सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

गोरखपुर 80 व मुरादाबाद नगर निगम 50 करोड़ का जारी करेंगे म्युनिसिपल बॉण्ड

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में नगर निगम गोरखपुर एवं मुरादाबाद द्वारा म्युनिसिपल बॉण्ड जारी किए जाने तथा अवस्थापना विकास निधि (इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड) से क्रेडिट रेटिंग बढ़ाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई। इस निर्णय से दोनों नगर निगमों को शहरी अवसंरचना विकास के लिए बाजार से संसाधन जुटाने में सहायता मिलेगी।

वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य नगर निकायों को वित्तीय रूप से अधिक सक्षम और आत्मनिर्भर बनाना है। शहरी अवसंरचना एवं नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए विभिन्न वित्तीय स्त्रोतों से धन जुटाने की आवश्यकता को देखते हुए नगर निकायों में सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन, मार्केट ओरिएंटेशन तथा क्रेडिट वर्थनेस बढ़ाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत 100 करोड़ रुपये तक के बॉण्ड निर्गम पर 13 करोड़ रुपये तथा 200 करोड़ रुपये तक के बॉण्ड निर्गम पर अधिकतम 26 करोड़ रुपये का अनुदान प्रदान किए जाने का प्रावधान है। म्युनिसिपल बॉण्ड जारी करने के लिए सभी नगर निगम भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निर्धारित प्रावधानों का अनुपालन करेंगे। उन्होंने बताया कि अमृत 2.0 की गाइडलाइंस के अंतर्गत नगर निकायों को म्युनिसिपल बॉण्ड जारी करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है और इसे राज्य स्तरीय सुधारों में भी शामिल किया गया है। इसी क्रम में नगर निगम गोरखपुर द्वारा 80 करोड़ रुपये तथा नगर निगम मुरादाबाद द्वारा 50 करोड़ रुपये तक के म्युनिसिपल बॉण्ड जारी किए जाने के प्रस्ताव हैं। दोनों नगर निगमों ने नगर निगम सदन से अनुमोदन प्राप्त करते हुए संबंधित परियोजनाओं का चयन भी कर लिया है। इससे इन दोनों शहरों में आधारभूत ढांचे के विकास को नई गति मिलेगी।

डेटा सेंटर नीति-2026 को मंजूरी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति-2026 को मंजूरी दी गई। यह नीति 27 जनवरी 2026 को समाप्त हो गई थी, इसलिए सरकार नई उत्तर प्रदेश डेटा सेंटर नीति-2026 लेकर आई है। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश को ग्रीन, एआई-रेडी और वैश्विक प्रतिस्पर्धी डेटा सेंटर हब के रूप में विकसित करना है। नीति के तहत 2 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता विकसित करने और 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक निवेश आकर्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री सुनील शर्मा ने बताया कि नई नीति में जीपीयू आधारित इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा दक्षता और टिकाऊ विकास पर विशेष जोर दिया गया है। इसके साथ ही बुंदेलखंड और पूर्वांचल क्षेत्रों के लिए अतिरिक्त प्रोत्साहन प्रस्तावित किए गए हैं।

एलडीए के व्यावसायिक स्थलों से टैक्स व यूजर चार्ज वसूलेगा नगर निगम

वेयरहाउस पर लगेगा लाइसेंस शुल्क, शहर में लगेंगे 149 एयर क्वालिटी सेंसर, नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में लिये गये अहम फैसले

- गृहकर में छूट, पुराने कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण समेत कई प्रस्तावों को मंजूरी
- सुशील तिवारी 'पम्मी' बने कार्यकारिणी उपाध्यक्ष

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर निगम की कार्यकारिणी समिति की महत्वपूर्ण बैठक सोमवार को मोहान रोड स्थित शिवरी सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट में महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में शहर के विकास, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वायु गुणवत्ता, राजस्व वृद्धि, पार्किंग व्यवस्था, विज्ञापन नीति, विद्युत व्यवस्था, शिक्षा और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की शुरुआत कार्यकारिणी समिति के उपाध्यक्ष के चुनाव से हुई, जिसमें सुशील तिवारी 'पम्मी' सर्वसम्मति से उपाध्यक्ष चुने गए। नगर सीमा में संचालित ई-कॉमर्स एवं अन्य बड़े वेयरहाउस से लाइसेंस शुल्क वसूलने के लिए नई उपविधि तैयार करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसे अंतिम स्वीकृति के लिए नगर निगम सदन में प्रस्तुत किया जाएगा।

कार्यकारिणी ने शहर के सभी वार्डों में वायु गुणवत्ता की निगरानी के लिए 149 लो-कॉस्ट एयर क्वालिटी सेंसर लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। एनवायरमेंट फाउंडेशन के साथ एमओयू के तहत स्थापित होने वाली यह एआई आधारित प्रणाली पीएम-2.5, पीएम-10 सहित अन्य प्रदूषकों की रियल टाइम मॉनिटरिंग करेगी तथा 24 से 72 घंटे तक का प्रदूषण पूर्वानुमान भी उपलब्ध कराएगी। इस परियोजना पर नगर निगम का कोई वित्तीय व्यय नहीं होगा। बैठक में महापौर श्रीमती सुषमा खर्कवाल की ओर से रखे गए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को कार्यकारिणी ने मंजूरी दी। निर्णय लिया गया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के पार्कों और अन्य सार्वजनिक स्थलों का जहां व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा रहा है, वहां अब नियमानुसार कमर्शियल टैक्स एवं कमर्शियल यूजर चार्ज वसूला जाएगा।

कार्यकारिणी में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया गया कि वर्तमान में शहर के कई एलडीए पार्कों एवं सार्वजनिक परिसरों का विभिन्न आयोजनों और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता है, लेकिन नगर निगम को इससे अब तक कोई कमर्शियल टैक्स या यूजर चार्ज प्राप्त नहीं होता था। नई व्यवस्था लागू होने के बाद ऐसे सभी व्यावसायिक उपयोग वाले स्थलों से निर्धारित नियमों के अनुसार शुल्क वसूला जाएगा। नगर निगम का मानना है कि इससे राजस्व में वृद्धि होगी, सार्वजनिक परिसंपत्तियों के उपयोग में पारदर्शिता आएगी तथा प्राप्त होने वाली आय को शहर के विकास, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार में लगाया जा सकेगा।

अधूरी सुविधाओं वाली कॉलोनियां नहीं होंगी टेकओवर : मेयर ने बताया कि भविष्य में केवल वही कॉलोनियां नगर निगम को हस्तांतरित की जाएंगी, जिनमें सभी आवश्यक नागरिक सुविधाएं पूर्ण रूप से उपलब्ध होंगी। अधूरी सुविधाओं वाली कॉलोनियों को निगम अपने अधीन नहीं लेगा।

विज्ञापन स्थलों का होगा बाजार सर्वे : नई विज्ञापन नीति-2026 के तहत शहर के विज्ञापन स्थलों का वैज्ञानिक बाजार सर्वे कराया जाएगा। इसके लिए चयनित एजेंसी विज्ञापन स्थलों की व्यावसायिक क्षमता का आकलन कर नई दरें तय करने में सहयोग करेगी।

कल्ली पश्चिम में बनेगा नया विद्युत उपकेंद्र : कार्यकारिणी ने ग्राम कल्ली पश्चिम में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के निर्माण के लिए नगर निगम की भूमि उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। इससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और मजबूत होगी।

अमौसी में बनेगा जोन-5 का नया कार्यालय : नगर निगम ने अमौसी क्षेत्र में जोन-5 के नए जोनल कार्यालय के निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे क्षेत्रीय स्तर पर नागरिक सेवाओं का संचालन अधिक प्रभावी होगा। इसके साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि नए कार्यालयों में बैंक उपयोग के लिए भी जगह किराए पर दी जाएगी।

4.21 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे का होगा वैज्ञानिक निस्तारण : शिवरी सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट में जमा लगभग 4.21 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे के बॉयोरेमेडिएशन के माध्यम से वैज्ञानिक निस्तारण के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस परियोजना पर लगभग 26.60 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

अमीनाबाद इंटर कॉलेज में अब बालिकाओं को भी मिलेगा प्रवेश : नगर निगम संचालित अमीनाबाद इंटर कॉलेज में सहशिक्षा लागू करने के प्रस्ताव को कार्यकारिणी ने मंजूरी दी। अब बालकों के साथ-साथ बालिकाएं भी प्रवेश ले सकेंगी। इसके साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि नगर निगम से संचालित मॉडल हाउस मांटेसरी स्कूल मॉडल हाउस, कश्मीरी मोहल्ला स्थित मॉडल मांटेसरी स्कूल में अब निशुल्क के बजाए फीस देनी होगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि प्राइमरी स्तर पर 100 रुपये व माध्यमिक स्तर पर 250 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है जबकि चिल्ड्रेन पैलेस में 250 रुपये के स्थान पर अब 500 रुपये फीस तय की गई है।

एक ठेकेदार कर सकेगा 10 बड़े कार्य : निर्माण और विकास कार्यों को समय पर पूरा कराने तथा गुणवत्ता बनाए रखने के लिए कार्यकारिणी ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव मंजूर किया। अब किसी एक ठेकेदार या फर्म के पास 10 लाख रुपये से अधिक लागत वाले अधिकतम 10 कार्य ही एक समय में प्रगतिमान रह सकेंगे। यदि किसी फर्म के पास पहले से ऐसे 10 कार्य चल रहे हैं, तो उसे नई निविदाओं में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नगर निगम का मानना है कि एक ही फर्म के पास अधिक संख्या में कार्य होने से कार्य की गति और गुणवत्ता प्रभावित होती है। नई व्यवस्था से निर्माण कार्यों की निगरानी और समयबद्ध पूर्णता में सुधार होगा।

स्ट्रीट पार्किंग स्थलों की निविदा व्यवस्था पर विचार : बैठक में स्ट्रीट पार्किंग स्थलों की निविदा कराए जाने, पार्किंग स्थलों की न्यूनतम आरक्षित धनराशि तय करने और भविष्य में संचालित की जाने वाली स्ट्रीट पार्किंग के लिए स्थान चयन से जुड़े प्रस्ताव पर भी विचार किया गया। यह प्रस्ताव प्रभारी अधिकारी पार्किंग और अपर नगर आयुक्त की ओर से प्रस्तुत किया गया।

हॉर्टिकल्चर वेस्ट उठाने के लिए खरीदे जाएंगे 4 ट्रैक्टर और 4 ट्रॉली : शहर में पेड़ों की छंटाई, पत्तियों और अन्य उद्यान संबंधी कचरे के बेहतर उठान के लिए कार्यकारिणी ने 4 ट्रैक्टर और 4 ट्रॉली खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इससे हॉर्टिकल्चर वेस्ट के नियमित संग्रहण और निस्तारण की व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

पारा में नगर निगम की भूमि पर बनेगा बारात घर : कार्यकारिणी ने पारा क्षेत्र में नगर निगम की भूमि पर बारात घर बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी। गाटा संख्या 1767 पर नगर निगम की 0.9480 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध है। इस भूमि पर बारात घर के निर्माण से क्षेत्रीय नागरिकों को सामाजिक और पारिवारिक आयोजनों के लिए सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

महाराजा रंजीत सिंह की प्रतिमा लगाने का प्रस्ताव : बैठक में महाराजा रंजीत सिंह जी की प्रतिमा स्थापित किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया। प्रस्ताव के माध्यम से योगदान और राष्ट्र के प्रति उनकी भूमिका को सम्मान देने की दिशा में पहल की गई।

विकास, स्वच्छता और राजस्व सुधार पर रहा कार्यकारिणी का जोर : बैठक में लिए गए निर्णयों से स्पष्ट है कि नगर निगम एक ओर वायु गुणवत्ता निगरानी, पुराने कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, हॉर्टिकल्चर वेस्ट प्रबंधन और बिजली व्यवस्था जैसे विषयों को प्राथमिकता दे रहा है, वहीं दूसरी ओर विज्ञापन दरों के बाजार आधारित निर्धारण, ई-कॉमर्स वेयरहाउस से लाइसेंस शुल्क, एलडीए के व्यावसायिक उपयोग वाले स्थलों से शुल्क वसूली और ठेकेदारों के कार्यों की सीमा तय करने जैसे निर्णयों के माध्यम से प्रशासनिक और वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने पर भी जोर दिया है।

गृह कर और यूजर चार्ज पर 31 जुलाई तक मिलेगी 5 प्रतिशत की छूट : गृह कर और यूजर चार्ज की वसूली में बढ़ोतरी लाने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को समय से भुगतान के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से माननीय कार्यकारिणी समिति ने महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी है। निर्णय के तहत मंगलवार से गृह करदाताओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से हाउस टैक्स जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। नागरिक इस छूट का लाभ 31 जुलाई तक प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही एकमुश्त यूजर चार्ज जमा करने वाले नागरिकों को भी 31 जुलाई तक 5 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी। नगर निगम को उम्मीद है कि इस निर्णय से गृह कर और यूजर चार्ज संग्रह में वृद्धि होगी तथा नागरिकों को भी समय से भुगतान करने पर सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा।

पीओएस मशीनों से मौके पर कटेगा स्पॉट फाइन : महापौर सुषमा खर्कवाल की ओर से समस्त जोनल अधिकारियों को पीओएस मशीनों का वितरण किया गया। इन मशीनों के माध्यम से नगर निगम की प्रवर्तन कार्रवाई को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और त्वरित बनाया जाएगा। इन मशीनों की मदद से सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों, गंदगी फैलाने वालों तथा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के विरुद्ध मौके पर ही स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा सकेगी। इससे जुर्माना प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी, डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहन मिलेगा और शहर में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई को अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा।

लोहिया संस्थान में एडवांस्ड रिहैबिलिटेशन टेक्नोलॉजीज का उद्घाटन

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के पीएमआर विभाग में एडवांस्ड रिहैबिलिटेशन टेक्नोलॉजीज से लैस किया गया। सोमवार को नेशनल पीएमआर डे पर संस्थान के फिजिकल मेडिसिन एंड रिहैबिलिटेशन विभाग ने इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग लोगो को रिहैबिलिटेशन मेडिसिन की बढ़ती भूमिका पर जोर दिया गया। इस वर्ष की थीम सभी के लिए रिहैबिलिटेशन, जीवन भर के लिए रिकवरी है। वहीं संस्थान निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने एडवांस्ड रिहैबिलिटेशन टेक्नोलॉजीज का किया उद्घाटन किया। उन्होंने मरीजों की देखभाल के लिए कई अत्याधुनिक रिहैबिलिटेशन और इंटरवेंशनल सुविधाओं की शुरूआत की, इनमें रिपीटिटिव ट्रांसक्रानियल मैग्नेटिक स्टिमुलेशन वर्चुअल रियलिटी आधारित रिहैबिलिटेशन, हाई-रिजॉल्यूशन मस्कुलोस्केलेटल अल्ट्रासाउंड और इंटरवेंशनल फिजियेट्री और पेन मैनेजमेंट के लिए रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन शामिल थे।

डा. सुधीर वर्मा स्वर्ण पदक से सम्मानित

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के मेडिसिन विभाग के हेपेटोबिलियरी यूनिट के डा. सुधीर वर्मा को डीएम हेपेटोलॉजी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) से डीएम हेपेटोलॉजी की उपाधि प्राप्त की है। डा. सुधीर वर्मा को यह सम्मान आईएलबीएस के 10वें दीक्षांत समारोह में जगत प्रकाश नड्डा और पंकज सिंह ने प्रदान किया। हेपेटोलॉजी लिवर, पित्त नली और संबंधित रोगों के उपचार की विशेष शाखा है। केजीएमयू की कुलपति डा. सोनिया नित्यानंद और मेडिसिन विभागाध्यक्ष एवं डीन अकादमिक डा. वीरेन्द्र आतम ने डा. सुधीर वर्मा को बधाई दी।

केजीएमयू में चलेगा प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान

लखनऊ। केजीएमयू में अब इलाज के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया जाएगा। संस्थान के नवीन ओपीडी भवन में प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य मरीजों और उनके परिजनों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार अभियान के दौरान मरीजों एवं तीमारदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक की पानी की बोतलों के बजाय लंबे समय तक उपयोग में लाई जा सकने वाली रीयूजेबल पानी की बोतलों का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

केजीएमयू में बर्खास्त कर्मचारियों की अलमारियों से तीन लाख रुपये व दवा बरामद

लखनऊ। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) यूरोलॉजी विभाग में हुए करोड़ों रुपये के दवा घोटाले की जांच के तहत सोमवार को बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की तीन और अलमारियों का समिति की मौजूदगी में ताला तुड़वाया गया, इनमें करीब तीन लाख रुपये मूल्य की दवाएं बरामद हुई हैं। बरामद दवाओं को जांच समिति ने अपने कब्जे में लेकर उनका मिलान स्टॉक और खरीद रिकॉर्ड से शुरू कर दिया है। बीते दिनों एक बर्खास्त कर्मचारी की अलमारी से करीब दो लाख रुपये की दवाएं मिली थी। जांच में बरामद दवाएं आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री राहत कोष, प्रधानमंत्री राहत कोष और अन्य सरकारी योजनाओं के बजट से खरीदी गई थीं। इन दवाओं का मरीजों तक पहुंचने के बजाय कर्मचारियों की अलमारियों में मिलना गंभीर अनियमितता माना जा रहा है। केजीएमयू के प्रवक्ता डा. केके सिंह के अनुसार जांच समिति अब बरामद दवाओं, खरीद प्रक्रिया, वितरण रिकॉर्ड और स्टॉक रजिस्टर का मिलान कर रही है।

पीजीआई में डाक्टरों ने निकाली तीस वर्षीय महिला के पेट से बड़ी गांठ

लखनऊ। एसजीपीजीआईएमएस के स्त्री एवं प्रसूति रोग (गायनेकोलॉजी) ओपीडी में तीस वर्षीय महिला पूरे पेट में फैली विशाल गांठ की शिकायत लेकर पहुंची थी, जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के दौरान उनके गर्भाशय में 25 .17 सेमी आकार की विशाल फाइब्रॉइड (गर्भाशय की गाँठ) तथा अंडाशय में 7 सेमी आकार की सिस्ट पाई। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने सफल शल्य चिकित्सा द्वारा 5 किलोग्राम वजन की गर्भाशय की गाँठ एवं अंडाशय की सिस्ट को सुरक्षित रूप से निकाल दिया। जिससे उनकी प्रजनन क्षमता संरक्षित रही। ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ हैं तथा उनकी रिकवरी संतोषजनक है। वहीं ऑपरेशन टीम में डॉ. अंजू रानी, डॉ. निधि, डॉ. मोनिका, डॉ. रितेश, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. आयुषी, नर्सिंग स्टाफ- ज्योति, प्रगति, सोनाली, वंदना शामिल रही।

एकेटीयू में दीक्षांत समारोह में 83 छात्रों को दिये जायेंगे 84 पदक

- एकेटीयू में 24वां दीक्षांत समारोह आज

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) का 24वां दीक्षांत समारोह 07 जुलाई को परिसर स्थित पं. अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय सभागार में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। जबकि बतौर मुख्य अतिथि इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन अरविंदर सिंह साहनी शामिल होंगे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंत्री प्राविधिक शिक्षा विभाग आशीष पटेल उपस्थित रहेंगे।

इसकी जानकारी देते हुए सोमवार को एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि दीक्षांत समारोह में कुल 83 छात्रों को 84 पदक दिये जाएंगे। जिसमें 35 स्वर्ण पदक तो 23 रजत और 24 कांस्य पदक हैं। इस बार चांसलर मेडल अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद के बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम की छात्रा अंशिका राणा को दिया जाएगा। वहीं, कमल रानी वरूण स्मृति स्वर्ण पदक के आईईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के बीटेक कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पाठ्यक्रम की छात्रा इशिका को मिलेगा। समारोह में 62537 छात्रों को डिग्री एवं 53 छात्रों को पीएचडी की डिग्री अवार्ड होगी। कुल पदक पाने वालों में 52 छात्राएं तो 31 छात्र शामिल हैं। वहीं रोगन कला के कलाकार श्री कंसारा आशीष शांतिलाल को डी लिट की मानद उपाधि प्रदान की जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमिता और नवाचार की संस्कृति विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए दीक्षांत समारोह के दौरान इस बार भी पांच श्रेणियों में स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड दिया जाएगा। इसमें एक अवार्ड वोमेन लेड स्टार्टअप अवार्ड दूसरा बेस्ट डीप टेक स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड, तीसरा बेस्ट टेक इनोवेशन स्टार्टअप अवार्ड, चौथा एग्रीकल्चर एंड एग्रीटेक स्टूडेंट स्टार्टअप अवार्ड, पांचवां सस्टेनेबल एंड ग्रीन एनजी स्टार्टअप अवार्ड है। बेस्ट वीमन लेड स्टार्टअप अवार्ड के लिए स्टार्टअप कंपनी में एक महिला डायरेक्टर का 25 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ होना जरूरी है। वहीं, नई तकनीकी पर आधारित डीप टेक अवार्ड स्टार्टअप कंपनी को दिया जाएगा।

विश्वेसरैया रिसर्च प्रमोशन स्कीम में बढ़ी छात्रों की संख्या : कुलपति ने कहा कि किसी भी शैक्षणिक संस्थान की गुणवत्ता तीन चीजों शिक्षक, लैब और लाइब्रेरी पर निर्भर करती है। शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए भी कदम उठाये गये हैं। विश्वविद्यालय की विश्वेसरैया रिसर्च प्रमोशन स्कीम को 25 छात्रों से बढ़ाकर 50 की गयी है। छात्रों को रोजगारपरक शिक्षा देने पर जोर है। विश्वविद्यालय को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के हब के रूप में विकसित करने पर जोर रहेगा। साथ ही विभिन्न तकनीकियों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाने पर कार्य किया जाएगा। छात्रों को स्किल्ड बनाना प्राथमिकता में है। इसलिए विश्वविद्यालय में स्किल डेवलपमेंट का सेंटर भी बनाने की दिशा में जरूरी कदम उठाये जाएंगे। इस दौरान कुलसचिव रीना सिंह, वित्त अधिकारी केशव सिंह, परीक्षा नियंत्रक प्रो. दीपक नगरिया उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि पर याद किये राम उजागिर पांडेय

- डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन बलरामपुर चिकित्सालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डिप्लोमा फार्मेसिस्ट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के संस्थापक महामंत्री 'फामेर्सी रत्न' स्व राम उजागिर पांडेय की 23वी पुण्यतिथि पर सोमवार को प्रदेश के फार्मेसिस्टों ने उनके बताए सिद्धांतो पर चलने का संकल्प लिया। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रांतीय कार्यालय बलरामपुर चिकित्सालय में आज एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संदीप बडोला, फार्मासिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव, डीपीए के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश मिश्रा, कोषाध्यक्ष अजय कुमार पांडे, मनमोहन मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। संदीप बडोला ने स्वर्गीय पांडे जी को याद किया और कहा कि संगठन उनके बताए रास्ते पर चलने को प्रतिबद्ध है, स्व राम उजागर पांडे ने सतत संघर्ष करते हुए फार्मासिस्ट संवर्ग में चीफ फार्मेसिस्ट से लेकर संयुक्त निदेशक तक के पद सृजित कराये।

दूसरी तरफ डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय में प्रभारी अधिकारी फामेर्सी आनंद सिंह की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा की गई, वरिष्ठ चीफ फार्मेसिस्ट दया शंकर पांडे, जीसी दुबे ने स्व पांडेय जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभा का शुभारंभ किया। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वीपी मिश्र ने पांडेय जी के साथ बिताए क्षणों को याद किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों को एकजुट करने में पांडेय जी की भूमिका हमेशा यादगार रहेगी। प्रदेश के अन्य जनपदों में भी स्व पांडेय जी की पुण्यतिथि पर सेमिनार , फल वितरण सहित अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

रक्षा मंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का निरीक्षण

लखनऊ। आगामी 13 जुलाई को भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रस्तावित कार्यक्रम लखनऊ कानपुर एक्सप्रेसवे के उद्घाटन की तैयारियों के क्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रशासनिक अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, मंच व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, विद्युत, पेयजल, तथा अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम से जुड़ी कार्यक्रम का सफल आयोजन हो सके। भाजपा लखनऊ महानगर मीडिया प्रभारी अनुराग साहू ने बताया कि विप सदस्य मुकेश शर्मा, महानगर महामंत्री घनश्याम दास अग्रवाल, विनायक पांडेय मौजूद थे।

जो कभी श्रीराम पर मौन थे, वे आज राम-नाम का सहारा ले रहे हैं : डॉ. राजेश्वर

लखनऊ। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम करोड़ों भारतीयों की आस्था, संस्कृति और मयार्दा के प्रतीक हैं। उनका नाम राजनीतिक सुविधा या चुनावी रणनीति का माध्यम नहीं बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता भली-भांति जानती है कि वर्षों तक श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या और रामभक्तों की भावनाओं के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाने वाले लोग आज लगभग हर बयान में श्रीराम का स्मरण कर रहे हैं। यदि यह परिवर्तन हृदय से आया है तो उसका स्वागत है, लेकिन यदि यह केवल चुनावी मजबूरी है तो जनता इसे भी समझ रही है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि श्रीराम का नाम लेना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि उनके आदर्शों—मयार्दा, सत्य, सेवा और राष्ट्रधर्म—को सार्वजनिक जीवन में अपनाना ही सच्ची श्रद्धा है।

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या का गौरव पुनर्स्थापित हुआ है और श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का प्रतीक बनकर खड़ा है। उन्होंने कहा, राम आस्था हैं, ट्रेंड नहीं; राम मयार्दा हैं, राजनीतिक मजबूरी नहीं। उत्तर प्रदेश की जनता आस्था और अवसरवाद के बीच का अंतर अच्छी तरह समझती है।

'नर सेवा ही नारायण सेवा', 25 करोड़ प्रदेश वासियों के हित में समर्पित है सरकार: सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार 'नर सेवा को नारायण सेवा' मानते हुए प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों के हित और कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री स्वयं फरियादियों के बीच पहुंचे

और एक-एक व्यक्ति से उनकी समस्या की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक प्रार्थना पत्र का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों के इलाज के लिए हरसंभव आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। प्रत्येक शिकायत का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए और पीड़ित को न्याय मिलने के साथ उसकी संतुष्टि का भी ध्यान रखा जाए।

छात्र कभी नहीं छोड़ते हैं अच्छे शिक्षक की क्लास : डॉ. दिनेश शर्मा

लखनऊ। राज्यसभा सांसद एवं यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालय के परिसर में बिताए गए दिन शिक्षकों और विद्यार्थियों के जीवन की स्वर्णिम धरोहर हैं। वाणिज्य संख्याएं लखनऊ विश्वविद्यालय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. सोमेश शुक्ला के अवकाश ग्रहण समारोह में उपस्थित शिक्षकों एवं शोध छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में यह समय आता है पर पुरानी बातें एवं उपलब्धियां जीवन में संतुष्टि का भाव देती है। श्री शर्मा ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय का गौरवशाली इतिहास रहा है। कक्षा में छात्रों की उपस्थिति बताती है कि शिक्षक कितना श्रेष्ठ है। अच्छे शिक्षक की क्लास छात्र कभी नहीं छोड़ते हैं। इस मौके पर प्रो. अर्चना सिंह, प्रो. राममिलन यादव पूर्व अधिष्ठाता प्रोफेसर सोमेश शुक्ला एवं वरिष्ठ प्रोफेसर राजीव महेश्वरी, डॉ. राम मिलन, संकाय अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, प्रो. आरके माहेश्वरी, डॉ सुनीता श्रीवास्तव, डॉ गीतिका कपूर, डॉ.रंजीत सिंह, डॉ. कीर्ति तिवारी, डॉ अंबरीश उपाध्याय और डॉ ऋषि उपस्थित रहे।

उपभोक्ता के सामने हो बिजली मीटर की जांच

लखनऊ। बिजली मीटर तेज चलने की शिकायत ज्यादातर उपभोक्ता की होती है। लेकिन विभाग में उपभोक्ता के शिकायत करने पर मीटर तो बदल दिया जाता है लेकिन मीटर कितना तेज चल रहा था और कैसे तेज चला यह उपभोक्ता के सामने नही दिखाया जाता है। जबकी नियमानुसार मीटर की जांच करने से पहले उपभोक्ता को लिखित सूचना देना होता है। मीटर तेज चलने कि शिकायत उपभोक्ता के करते ही मीटर बदल दिया जाता है और बिल का भी संसोधन कर दिया जाता है। वर्टिकलन व्यवस्था के अनुसार लेसा सिस गोमती के चीफ ने बताया कि मीटर की जांच करने से पहले उपभोक्ता को नोटिस के साथ समय भी दिया जाता लेकिन ज्यादातर उपभोक्ता नही आते है ऐसे में समय ज्यादा होने पर वीडियों ग्राफी कराकर मीटर की एमआरआई करा दिया जाता है। उपभोक्ता एमआरआई देखना चाहते है तो विभाग के कर्मचारी उसको दिखाते भी है।

जितना लोड उतनी बिजली, नहीं तो होगी पावर कट

लखनऊ। प्रदेश के 60 प्रतिशत बिजली उपभोक्ताओं के घर में स्मार्ट मीटर लग चुका है। लेकिन कोई तेज तो कोई बिल अधिक आने की शिकायत कर रहा है। ऐसे में बिजली विभाग स्मार्ट मीटर में ऐसा विकल्प देने जा रहा है जिससे कोई भी उपभोक्ता निर्धारित लोड़ से ज्यादा बिजली उपयोग करते ही पावर कट हो जायेगा। इसके बाद न तो ओवर लोड का बिल बनेगा न ही कोई जुर्मान देना होगा। यूपीपीसीएल प्रबंधन की माने तो इन नियम को लागू करने के लिए तैयारिया शुरु कर दिया गया है। स्मार्ट मीटर को लेकर पावर कार्पोरशन जल्द ही उपभोक्तओं की लोड़ बढ़ने पर जुर्माने को समाप्त करने की योजना बना रहा है। स्मार्ट मीटर का कनेक्शन किसी ने लिया है और वह क्षमता से ज्यादा बिजली उपयोग कर रहा है। लेकिन उपभोक्ता को मालुम नही चल पा रहा है तो अब घबराने की बात नही है। स्मार्ट मीटर में एक ऐसा वर्जन लगा हुआ है जिसको शुरु कर देने से जैसे ही क्षमता से ज्यादा लोड़ उपभोक्ता उपयोग करेगा तो उसके घर की बिजली गुल हो जायेगी। इसके बाद उपभोक्ता जैसे ही अपना बिजली लोड़ कम करेगा तो बिजली अपने आप मीटर में आ जायेगी।

आरएलबी के मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित



लखनऊ। रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल ग्रुप आफॅ स्कूल्स लखनऊ के कक्षा 12वीं (2026) में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल सेक्टर 14 इंदिरा नगर लखनऊ स्थित अमर शहीद कैप्टन मनोज कुमार पांडेय सभागार में संपन्न हुआ। समारोह का उद्घाटन संस्था के संस्थापक प्रबंधक जयपाल सिंह ने किया। समारोह में मेधावियों को संस्थापक प्रबंधक जयपाल सिंह ने नगद पुरस्कार, सर्टिफिकेट तथा मोमेंटो देकर उन्हें उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया।

निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

लखनऊ। खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में सोमवार को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और रोजगार कौशल को मजबूत करने के लिए नंदी फाउंडेशन के सहयोग से एक सप्ताह का निःशुल्क रोजगार-क्षमता और डोमेन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यशाला के पहले दिन फाउंडेशन से समन्वयक सुनीत कुमार द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षण के मकसद, नौकरियों के अवसरों और व्यक्तित्व व पेशेवर कौशल के महत्व के बारे में बताया गया। इस एक सप्ताह के प्रशिक्षण में छात्राओं को संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, पेशेवर प्रस्तुति, साक्षात्कार की तैयारी का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

महत्वपूर्ण नंबर		फायर स्टेशन	एम्बुलेंस	
वूमेन पावर लाइन	1090	हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642	मेडिकल सेवा-	102, 108
पुलिस	100 2629999	गोमती नगर-9454418657		
पुलिस स्टेशन गंज	2622556			

सोनार को गोली मारकर लूटने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

- 600 से अधिक सीसीटीवी कैमरो की तलाशी के बाद मिला लुटेरों का सुराग
- डेढ़ करोड़ रुपये के जेवर बरामद, पुलिस ने चंदौली रायबरेली में हुई लूट की घटनाओं का भी किया खुलासा

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोसाईंगंज में सोनार के पैर में गोली मारकर करीब डेढ़ करोड़ रुपये के जेवर व स्कूटी लूटने की सनसनीखेज वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना में शामिल एक फरार अभियुक्त की तलाश जारी है।

पुलिस के मुताबिक, 23 जून की रात गोसाईंगंज इलाके मुंशीगंज रामबाग रोड स्थित ज्वेलर्स सचिन कुमार वर्मा दुकान बंद कर अपने भाई की दुकान के जेवर भी बैग में रखकर स्कूटी से घर लौट रहे थे। बंगला भवानी मंदिर के पास तीन बदमाशों ने उन्हें रोककर लूट का प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके पैर में गोली मार दी थी और जेवरों से भरा बैग लेकर फरार हो गए।

छह सौ से अधिक देखे गए सीसीटीवी : घटना के खुलासे के लिए डीसीपी दक्षिणी अमित कुमार आनंद के निर्देश पर चार टीमें गठित की गई थीं। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 600 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और सर्विलांस की मदद से इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य जुटाए। तब जाकर लुटेरों का सुराग मिला। इसके आधार पर सोमवार देर रात दहेरामऊ अंडरपास के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त बोले विरोध पर गोली मारने से पीछे नही हटते : गिरफ्त में आये आरोपितों ने पुलिस को अपना नाम शिवम यादव उर्फ कुंदन (24) और अंकुल यादव उर्फ गोले (20) निवासी ककोहिया, थाना सिकरारा, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पहले ज्वैलर्स की रेकी करते थे और चोरी की बाइक से वारदात को अंजाम देते थे। विरोध होने पर गोली मारने से भी पीछे नहीं हटते थे। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने रायबरेली और चंदौली में भी सुनारों को गोली मारकर लूट की घटनाओं को अंजाम दिया था। इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल की गई अपाचे बाइक हजरतगंज क्षेत्र से चोरी की गई थी। मामले में फरार तीसरे आरोपी सोनू यादव की तलाश जारी है।

6 जून को हजरतगंज इलाके से की थी बाइक चोरी : क्रिकेट में आए अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि बीते 6 जून को लखनऊ के हजरतगंज इलाके से लूट की घटना को अंजाम देने के लिए एक बाइक पल्सर चोरी की थी इस चोरी की बाइक से घटना को अंजाम दिया गया।

सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में किराए के मकान में रहकर कर रहे थे रेकी : लूट के आरोपी तूने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एक किराए के मकान में रहकर रेकी की घटना को अंजाम दे रहे थे उन्होंने बताया कि उन दुकानदारों को निशाना बनाते हैं जिनकी दुकानों पर सीसीटीवी फुटेज ना मिले।

15 दिन पहले से कर रहे थे रेकी : गोसाईगंज पुलिस ने बताया कि आरोपित लगभग 15 दिन से लूट की घटना को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहे थे सही मौका देखकर घाट वारदात को अंजाम दिया।

बरामद माल : गिरफ्तार आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में सोने-चांदी के आभूषण, कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये, 32 बोर की पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस और चोरी की बाइक बरामद हुई है।

पुलिस टीम को 25000 रुपए का इनाम : पुलिस उपायुक्त दक्षिणी ने सफल खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित करने की घोषणा की है।

चंदौली और रायबरेली में भी सुंदर के साथ लूट की घटना को दे चुके हैं अंजाम : गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक अभियुक्तों ने 18 जून 2026 को रायबरेली के मिल एरिया में एक सुंदर को गोली मारकर लूट की घटना को अंजाम दिया इसके साथ ही बीते 28 में को चंदौली के अलीपुर में एक सुंदर को गोली मारकर लूट की घटना को अंजाम दे चुके हैं वैसे ही वारदात लखनऊ में भी घटना को अंजाम देकर लूट का माल और स्कूटी लेकर फरार हो गए। उपरोक्त जिलों में भी सुंदर के पैरों पर गोली मारने के बाद लूट की घटना को अंजाम दिया था।

डीसीपी साउथ की अपील : डीसीपी साउथ अमित कुमार आनंद ने क्षेत्र के लोगो से अपील की है कि वह किराएदार रखने के समय उनका पुलिस बेरीफिकेशन जरूर कराए। ऐसे ही अपराधी किराए के मकान में शरण लेकर लूट, हत्या, रेप आदि जैसी घटनाओं को अंजाम देते है और पुलिस से बच कर भाग जाते है। पुलिस बेरीफिकेशन होने पर ऐसे लोग पुलिस की गिरफ्त में पहले ही आ सकते है।

मुख्य आरोपी फरार , जेल में हुई थी मुलाकात : लूट की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी सोनू यादव निवासी जौनपुर फरार है। आरोपी शिवंम उर्फ कुंदन की मुलाकात सोनू से जेल में हुई थी। जेल से छूटने के बाद उसी ने कुंदन को अपने साथ शामिल किया था। उंसके बाद कुंदन ने अपने दोस्त अंकुल को भी अपनी गैंग में शामिल किया।

वैश्य फेडरेशन सदस्यों को मेदांता की विशेष स्वास्थ्य सुविधा

लखनऊ। इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) उत्तर प्रदेश के 14वें स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को शहीद पथ स्थित मेदांता हॉस्पिटल में आयोजित समारोह में मेदांता हॉस्पिटल एवं इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन यूपी के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत संगठन के सभी सदस्यों एवं उनके परिवारजनों को मेदांता हॉस्पिटल की विभिन्न चिकित्सा सेवाओं पर स्थायी विशेष छूट प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ उत्तर के विधायक एवं इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन यूपी के प्रदेश अध्यक्ष डा. नीरज बोरा ने कहा कि संगठन केवल सामाजिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है अपितु अपने सदस्यों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेदांता हॉस्पिटल के साथ हुआ यह समझौता गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं रियायती दरों पर उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक डा. राकेश कपूर ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों तक उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना मेदांता की प्राथमिकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। समारोह में सर्वश्री अमरनाथ अग्रवाल, आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डा. पी.के.गुप्ता, डा. अनिल गुप्ता, अमरनाथ अग्रवाल, पवन गोयल, राजेश सिंघल, हेमंत दयाल अग्रवाल, मनीष गुप्ता, विनय जैन, संजय जायसवाल, निखिल रस्तोगी, फेडरेशन के महानगर अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, महिला इकाई की महानगर अध्यक्ष रुपाली गुप्ता, युवा इकाई के महानगर अध्यक्ष प्रियंक गुप्ता, प्रदेश महामंत्री युवा श्री आशीष गुप्ता, प्रशांत वर्मा, शीलू जायसवाल, विनय गुप्ता, पूर्व पार्षद शैलेन्द्र स्वर्णकार, हरिकृष्ण गुप्ता सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सोने से भरा बैग व बंटवारे में विवाद की खबर निकली भ्रामक

लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के कुछ लोगों को अयोध्या में सोने से भरा बैग मिला, बंटवारे को लेकर विवाद हुआ, पुलिस चौकी माल लेकर आई तथा बाद में माल नकली बताया गया। पुलिस ने इस संबंध में प्रसारित संदेश को पूर्णतः असत्य, भ्रामक एवं निराधार है। पुलिस का कहना है कि आपसी झगड़े के बाद भ्रामक खबर चलाई गयी थी। इस संबंध में थाना मोहनलालगंज पुलिस द्वारा की गई जांच में ज्ञात हुआ कि हर्ष यादव पुत्र शिवकुमार यादव, पुष्पेंद्र यादव पुत्र कालूराम यादव, सौरभ शर्मा पुत्र सुरेंद्र शर्मा, प्रांशु यादव पुत्र विजय यादव एवं पुष्कर पुत्र श्यामू सिंह निवासीगण ग्राम धर्मगत खेड़ा, थाना मोहनलालगंज 02 जुलाई को अयोध्या दर्शन के लिए गए थे। वापस लौटते समय हर्ष यादव की सोने की चेन गुम हो गई, जिसके संबंध में उसने अपने साथियों पर संदेह व्यक्त करते हुए थाना पर प्रार्थना पत्र दिया था।

लोकबंधु अस्पताल में नवजात की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

लखनऊ । आशियाना स्थित लोकबंधु अस्पताल मे सोमवार की सुबह एक प्रसूता के प्रसव के दौरान नवजात शिशु की गिरने से मौत हो गई। परिजनों ने डाक्टर और लेबर वार्ड में काम करने वाले कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। अस्पताल के निदेशक ने जांच का अश्वासन देते हुए पुलिस को सूचना दी और मृतक नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। आशियाना इलाके के सेक्टर एच निवासी शुभम पाल ने रविवार शाम प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी कीर्ति पाल को भर्ती कराया था। प्रसूता के पति शुभम पाल के अनुसार उनकी पत्नी के प्रसव के दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ या कोई भी सीनियर डॉक्टर मौजूद नहीं थे, अटेंडेंट और वार्ड आया नार्मल डिलेवरी का प्रयास कर रहे थे। लेबर पेन न होने पर उन्होंने सीनियर डॉक्टर को बुलाने के लिए कहा लेकिन अस्पताल कर्मियों ने जरूरी नहीं समझी। अनुभवहीन होने के कारण उनका नवजात गर्भ से बाहर आते ही फर्श पर गिर पड़ा। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया।

रेलवे पटरी पर मिला युवक का शव

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में जगमोहन का पुरवा रेलवे क्रॉसिंग अनूपगंज रेलवे स्टेशन के पास सोमवार की सुबह ट्रेन की पटरी पर एक युवक का शव पड़ा पड़ा होने की सूचना पुलिस को अनूपगंज रेलवे स्टेशन मास्टर द्वारा दी गई।

सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। गोसाईगंज थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सोमवार सुबह करीब 10 बजे परिवारवालों को जानकारी हुई, जिसके बाद पुलिस ने दोपहर करीब 2:00 बजे दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे।

मृतकों की पहचान अनुज पाल उर्फ हनी (22) और नीतीश शर्मा (22) के रूप में हुई है। दोनों मित्र थे। बताया जा रहा है कि दोनों 04 जुलाई की रात बाइक से घर से निकले थे। परिवार वालों को उन्होंने अलग-अलग वजह बताई थी।

अनुज ने घर पर कहा था कि वह ऑफिस के काम से लखीमपुर जा रहा है, जबकि नीतीश ने परिजनों को बताया था कि वह पटना पेपर देने जा रहा है। नीतीश शर्मा कल्याणपुर की शिवपुरी कॉलोनी का रहने वाला था। मां का नाम शोभा रानी है।

दो भाइयों और दो बहनों में वह सबसे छोटा था। एक मोबाइल दुकान पर काम करने के साथ एलएलबी की पढ़ाई भी कर रहा था। वहीं, अनुज पाल उर्फ हनी के पिता मुन्नालाल निशातगंज स्थित बेसिक शिक्षा निदेशालय में संविदा कर्मचारी हैं। अनुज भी संविदा कर्मचारी था।

मोटरसाइकिल के नीचे दबकर युवक की मौतः गोसाईगंज क्षेत्र में ग्राम पंचसरा के पास एक युवक सड़क किनारे बने गड्ढे में अपनी मोटरसाइकिल के नीचे दबा पड़ा युवक का शव मिला है।

पुलिस का कहना है कि सूचना प्राप्त होते ही थाना गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में युवक की पहचान विनीत कुमार (21) पुत्र कमलेश निवासी ग्राम रसूलपुर, थाना सिधौली जनपद सीतापुर के रूप में हुई। युवक की मौके पर ही मृत्यु हो चुकी थी।

पुलिस द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया, जिसमें युवक सड़क किनारे बने गड्ढे में अपनी मोटरसाइकिल के नीचे दबा था। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया प्रतीत होता है कि मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने गड्ढे में गिर गई, जिससे यह दुर्घटना हुई। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

राम मंदिर में कथित चंदा चोरी मसले पर हाई कोर्ट ने सुनवाई से किया इनकार

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राम जन्मभूमि मंदिर के चढ़ावे के कथित गबन मामले की जांच की मांग वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई से इंकार कर दिया। पीठ ने कहा कि इसी विषय पर अजय कुमार राय की याचिका सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, ऐसे में वर्तमान याचिका को निस्तारित किया जाता है। न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने यह आदेश मोहित अशोक की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है। सुनवायी के दौरान पीठ ने याची स्थानीय अधिवक्ता मोहित अषोक को याचिका पर सुनवायी से पहले ही मीडिया में जाकर इंटरव्यू देकर सस्ती लोकप्रियता बटोरने पर उनको खासी छाड़ लगायी और भविश्य के लिए चेतावनी भी दी। गौरतलब हो कि याचिका में राम मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए धन के कथित गबन की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गई थी। साथ ही पूरे मामले का भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) से ऑडिट कराने का भी अनुरोध किया गया था। सुनवायी प्रारम्भ होते ही राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार षाही ने पीठ को अवगत कराया कि जिस मसले को लेकर याची ने प्रष्नगत याचिका दाखिल किया है उसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने अजय कुमार राय की याचिका पर गत 29 जून को आदेष दिया कि उक्त याचिका को गर्मी के अवकाष के बाद सूचीब द्ध किया जाये। पीठ के संज्ञान में यह तथ्य आते ही उसने कहा कि चूंकि मसला पहले ही सुप्रीम कोर्ट में लंबित है तो ऐसे में हाई कोर्ट के उस पर सुनवायी करने का कोई औचित्य नहीं बनता है। यह कहते हुए कोर्ट ने याचिका को निस्तारित कर दिया।

हॉस्पिटल के सामने मिला अधेड़ का शव, शिनाख्त नहीं

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मदेयगंज थाना क्षेत्र स्थित राजधानी हॉस्पिटल के सामने अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने के सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर गयी और शव को कबजे में लेकर पोस्टमार्टम क लिए भेजा। पुलिस मृतक क शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

पुलिस का कहना है कि सोमवार को चार्ली कंट्रोल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना मदेयगंज क्षेत्रान्तर्गत राजधानी हॉस्पिटल के सामने सड़क किनारे अज्ञात पुरुष का शव पड़ा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना मदेयगंज पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की उम्र लगभग 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शिनाख्त के उद्देश्य से शव को पोस्टमार्टम हाउस की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों एवं जनपदों को आवश्यक सूचना प्रेषित की जा रही है। साथ ही मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्याः बंथरा थाना क्षेत्र के ग्राम मवई पड़ियाना में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस का कहना है कि प्रातः 05:42 बजे पीआरवी के माध्यम से सूचना मिली थी कि थाना बंथरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मवई पड़ियाना में एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना प्राप्त होते ही थाना बंथरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जांच में ज्ञात हुआ कि धर्मेन्द्र पुत्र सुखदेव (32) निवासी ग्राम हंसखेड़ा थाना पारा अपनी पुत्री का जन्मदिन मनाने के लिए अपनी ससुराल ग्राम मवई पड़ियाना, थाना बंथरा गया था। उसी दौरान उसने गांव के बाहर एक पेड़ पर गमछे के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क कहना है कि घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। मृत्यु के कारणों का निर्धारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर किया जाएगा।

अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौतः गाजीपुर थाना क्षेत्र में आम्रपाली चौराहे के पास रविवार देर रात जनपद उन्नाव के युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। उसे किसी वाहन ने टक्कर मारी थी। टक्कर लगते ही वह गिर पड़ा। उसके मुंह से खून बहने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। युवक की पहचान उन्नाव के असीवन थाना क्षेत्र के खानपुर सरौली गांव के प्रदीप (32) के रूप में की है। पुलिस के मुताबिक रविवार रात करीब 12:30 बजे सूचना मिली कि आम्रपाली चौराहे पर देसी शराब के ठेके के सामने एक व्यक्ति सड़क किनारे अचेत पड़ा है और उसके मुंह से खून निकल रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि युवक के आसपास खून फैला था और उसके मुंह से हल्का खून बह रहा था।

चारबाग स्टेशन से चोरी मासूम बरामद, महिला गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। चारबाग स्टेशन पर जीआरपी ने पांच माह की चोरी हुई बच्ची को बरामद किया और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। महिला बच्चों को रेलवे स्टेशन और भीड़भाड़ वाले इलाकों से चुराकर बेचती थी। जीआरपी अब अन्य शहरों में बच्चों को खरीदने वालों की तलाश कर रही है। चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर आठ-नौ से पांच माह की चोरी गई बच्ची को जीआरपी की टीम ने सकुशल बरामद करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि महिला रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों से मासूमों को चुराती थी। उसके मुंबई, दिल्ली व अन्य शहरों में बेच देती थी। जीआरपी ने पूछताछ के आधार पर दूसरे शहरों में बच्चों को खरीदने वालों की तलाश में टीमें लगा दी हैं। जीआरपी एसपी रोहित मिश्रा ने बताया कि अयोध्या के इनायत नगर निवासी एक परिवार 15 जून की रात को कर्नाटक के लिए ट्रेन के इंतजार में चारबाग स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर आठ-नौ पहुंचा। उसी दौरान एक अज्ञात महिला उनसे घुल-मिल गई। पीड़ित परिवार ट्रेन के इंतजार में खाना खाने के बाद सो गया। रात एक बजे जब उनकी नींद खुली उनकी बच्ची और अज्ञात महिला वहां नहीं थे। काफी खोजने के बाद जब दोनों नहीं मिले तो पीड़ित ने जीआरपी थाना चारबाग में मुकदमा दर्ज कराया। बच्ची की तलाश में एसपी ने जीआरपी थाना और सर्विलांस की टीम को लगाया। जीआरपी थाना प्रभारी धर्मवीर सिंह को रविवार को सूचना मिली कि बच्ची को चुराने वाली महिला उसे दिल्ली बेचने के लिए ले जाने वाली है। जीआरपी और सर्विलांस की टीम ने रात को आरोपी 38 वर्षीय चंदा देवी पत्नी रामस्वरूप, निवासी ग्राम बहोरा, थाना पटियाली, जिला कासगंज, हाल पता उड़ी सत्तनपुर, थाना बड़ागांव, जिला वाराणसी को बच्ची के साथ गिरफ्तार कर लिया।

सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति में पारदर्शी व्यवस्था की मांग पर फैसला सुरक्षित

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में नियुक्त किए जाने वाले सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए पारदर्शी दिशा-निर्देश तय करने की मांग से जुड़ी याचिकाओं पर सोमवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चैहान व न्यायमूर्ति राजीव भारती की पीठ ने पक्षकारों की विस्तृत दलीलें सुनने के बाद आदेश सुरक्षित कर लिया। सुनवाई के दौरान प्रदेश के महाधिवक्ता अजय मिश्रा ने राज्य सरकार की वर्तमान नियुक्ति प्रक्रिया का बचाव करते हुए कहा कि यदि न्यायालय प्रक्रिया को और बेहतर बनाने के लिए कोई सुझाव देता है तो राज्य सरकार उस पर विचार करने को तैयार है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार भी किसी अन्य वादकारी की तरह अपनी पसंद के अधिवक्ताओं को नियुक्त करने के लिए स्वतंत्र है। महाधिवक्ता ने अदालत को बताया कि हाईकोर्ट में सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति के लिए विधि स्मारिका (लीगल रिमेम्ब्रेंसर मैनुअल) में स्पष्ट प्रावधान हैं। इसके अलावा महाधिवक्ता की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति विभिन्न अधिवक्ताओं के नामों की जांच-पड़ताल कर उन्हें सरकारी अधिवक्ता के रूप में नियुक्त किए जाने की संस्तुति करती है। उन्होंने दलील दी कि वर्ष 2017 से अब तक नियुक्तियों की प्रक्रिया में कोई अवैधता नहीं हुई है। यही प्रक्रिया वर्ष 2017 से पहले भी अपनाई जाती रही है। महाधिवक्ता ने सर्वोच्च न्यायालय के कई निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत भी यह स्पष्ट कर चुकी है कि राज्य सरकार को अपनी पसंद के सरकारी अधिवक्ताओं की नियुक्ति करने का अधिकार है। इसलिए जनहित याचिकाओं में उठाए गए आरोपों का कोई विधिक आधार नहीं है और इन्हें खारिज किया जाना चाहिए।

मानव तस्करी अन्तर्राष्ट्रीय सिन्डिकेट के 13 बांग्लादेशी सहित 2 रोहिंग्या 15 अभियुक्तगण को कारावास व जुर्माना

लखनऊ। एटीएस उत्तर प्रदेश द्वारा मिथुन मण्डल, पिंटू दास उर्फ शाओन अहमद, रोनी पॉल उर्फ मोमीनूर इस्लाम, बापी रॉय उर्फ मेहदी हसन, विक्रम सिंह, महफूजुर रहमान, समीर मंडल उर्फ टोनी व मो० जमील उर्फ हरीश उल्लाह को अवैध घुसपैठ, अवैध भारतीय दस्तावेज रखने व मानव तस्करी के जुर्म में गिरफ्तार किया गया। अभियोग की विवेचना में संकलित साक्ष्यों के आधार पर असीदुल इस्लाम उर्फ विजय दास, हुसैन मो० फहद उर्फ मानिक दत्ता, अलअमीन अहमद उर्फ राजेश विश्वास, जैबुल इस्लाम उर्फ गोविन्दा दास पुत्र, जमील अहमद उर्फ पलाश विश्वास पोराग, राजिब हुसैन उर्फ अजीत दास, शखावत खान उर्फ गोलक मंडल, अलाउद्दीन तारिक उर्फ रिंकू विश्वास, अजय घिल्डियाल, नूर अमीन, खोखन सरदार उर्फ कयूम सिकदर तथा रतन मण्डल का नाम प्रकाश में आया जिन्हे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। विवेचना से पाया गया कि अभियुक्तगण का एक अन्तर्राष्ट्रीय सिंडीकेट है जो भारत-बाग्लादेश अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से भारत में प्रवेश कराकर उन्हे भारतीय नागरिक स्थापित करने के उद्देश्य से फर्जी भारतीय दस्तावेज बनवाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरी यू.पी. बोर्ड की हाईस्कूल की मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 2762967 वर्ष 2014 व इण्टरमीडिएट की मार्कशीट अनुक्रमांक नं. 2087188 वर्ष 2016 कहीं खो गई है। **अमित कुमार भारती पुत्र महेन्द्र, नि.- ग्रा. बिस्टौली बुजुर्ग, पो. बेलीपार, जिला गोरखपुर, उ.प्र.।**

सूचना

सूचित करना है कि मैने अपने पुत्र मो. तफहीम को उसके गलत चाल-चलन के चलतें अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नही होगा। **मो. अय्यूब पुत्र अब्दुल मजीद निवासी-ग्राम धधरा ओझियापुर, पोस्ट बन्दगीनगर, थाना बड्डूपुर, बाराबंकी।**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शबनम बानो चौधरी था मेरे पति का नाम मोहम्मद अंजुम चौधरी था अब मेरा नाम शबनम चौधरी व पति का नाम मोहम्मद अंजुम चौधरी है। मै ग्राम मिश्रौलिया पोस्ट भटपुरवा कलां जिला श्रावस्ती उत्तर प्रदेश का रहने वाली हूं मुझे अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र अनिल शुक्ला को नशेडी एवं आपराधिक प्रवृत्ति का होने के कारण एवं परिवार के सदस्यों से मारपीट करने के कारण दुखी होकर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन व कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। सन्तोष शुक्ला पुत्र स्व. जगन्नाथ निवासी-ग्राम तिंदवारा, तहसील-बांदा थाना कोत नगर बांदा, जिला-बाँदा

बच्चे की हत्या में मां का प्रेमी गिरफ्तार, मां से पूछताछ जारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मड़ियांव क्षेत्र में चार साल के मासूम अहम की हत्या के आरोपी प्रशांत सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बच्चे की मां से पूछताछ जारी है। मासूम अहम के पिता दिनेश ने अपनी पत्नी पूनम और उसके प्रेमी प्रशांत उर्फ गौरव के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आरोप है कि पूनम ने प्रेमी के साथ मिलकर अहम की हत्या की थी। पुलिस प्रशांत और पूनम से पूछताछ कर रही है।

उन्नाव के बीघापुर स्थित कटरा दीवानखेड़ा निवासी दिनेश कुमार का कहना है कि पत्नी पूनम पांच माह पहले छोटे बेटे अहम को अपने साथ ले गई थी। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे पूनम ने उन्हें अहम की मौत की सूचना दी। उन्होंने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर बेटे के शव पर चोट के निशान देखे। पूनम के साथ उसका प्रेमी प्रशांत भी रहता था। प्रशांत अयोध्या के गोसाईंगंज स्थित पहाड़पुर सरैया का रहने वाला है। आरोप है कि प्रशांत और पूनम ने अहम की जमकर पिटाई की, जिससे उसकी जान चली गई।

इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। छानबीन के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को अहम घर बाथरूम में मरणासन्न मिला था। प्रशांत ने फोन कर पूनम को इसकी जानकारी दी थी। पूनम बेटे को लोहिया अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अहम के पूरे शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं। मौत का कारण शॉक एंड हेमरेज बताया गया है।

दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तारः मोहनलालगंज पुलिस ने जबरन दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पीड़िता ने सूचना दी थी कि 04 जुलाई की रात लगभग 11:30 बजे मैं घर की छत पर सो रही थी। रात में पानी पीने के लिए नीचे आई। तभी अभियुक्त अजय पुत्र रेवती, निवासी ग्राम व पोस्ट गोपाल खेड़ा थाना मोहनलालगंज पीछे से आया और मेरा मुंह बंद कर जबरन घर से उठाकर पास के जंगल की ओर ले गया। जंगल में ले जाकर अभियुक्त ने मेरी इच्छा के विरुद्ध मेरे साथ दुष्कर्म किया। तहरीर के आधार पर मोहनलालगंज पुलिस ने अभियोग पंजीकृत किया। पीड़िता के बयान अंतर्गत धारा 180 बीएनएसएस व अन्य साक्ष्य संकलन से आरोप सत्य पाया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में सोमवार को मिली सूचना पर नामजद अभियुक्त अजय कुमार पुत्र स्व. रेवती को हरिकंशगढ़ी अंडर पास थाना क्षेत्र मोहनलालगंज से गिरफ्तार किया।

अभिषेक हत्या काण्ड में एक और आरोपित गिरफ्तार

लखनऊ। पीजीआई पुलिस ने अभिषेक रावत हत्याकाण्ड में एक और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस का कहना है कि 3 जुलाई को पुष्पा रावत उर्फ छवि पत्नी स्व. विनोद कुमार रावत पता ग्राम जगत खेड़ा मजरा कल्ली पश्चिम थाना पी0जी0आई0 की तहरीर पर अखिलेश रावत पुत्र रामलोटन, अमन रावत निवासीगण ग्राम ईश्वरीखेड़ा थाना पी0जी0आई0, राधे सरकार उर्फ अभिषेक, अरून रावत, अपिन लोधी व सचिन रावत निवासीगण ग्राम सरथुवा थाना पी0जी0आई0, शिवम चटियार निवासी नरपतगंज, राजू उर्फ रज्जा व अन्य अज्ञात के खिलाफ बेटे अभिषेक रावत को ग्राम सरथुवा में बुलाकर धारदार हथियार ,लाठी-डण्डो व लोहे की करछुला (बड़ा पलटा) से हमला कर घायल कर देने और बाद में मौत के संबंध में मामला दर्ज कराया था, जिसमें मुख्य हत्यारोपी अखिलेश रावत को 04 जुलाई को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। अन्य अभियुक्तों की तलाश में पुलिस की टीमें गठित की गयीं, जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। घटनास्थल पर पूछताछ की गयी। इसी दौरान प्रकाश में आये अन्य अभियुक्त सुभाष चन्द्र पुत्र राम खिलावन निवासी-ग्राम सरथुआ थाना पीजीआई को किसान पथ अण्डरपास से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), अमौसी क्षेत्र, लखनऊ

ई-निविदा सूचना :- दिनांक 03/07/2026

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1-43/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:- अमौसी जोन के क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न कार्य। प्रपत्र शुल्क- रू. 5900, धरोहर राशि रू. 211000।

2-44/SE(T)/Amausi Zone/2026-27:- 11 के.वी. एण्ड एल.टी. काकोरी के अन्तर्गत अनुरक्षण के कार्य हेतु। प्रपत्र शुल्क- रू. 3540, धरोहर राशि रू. 24000।

ई-निविदा की अंतिम तिथि : 21/07/26

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

थिएटर जैसा जादू सिनेमा या ओटीटी में नहीं : आशुतोष राणा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। टीवी से लेकर फिल्मों तक आशुतोष राणा का लंबा करियर रहा है। वहीं आशुतोष थिएटर शो के जरिए भी दर्शकों का दिल जीतते रहे हैं। उनका मानना है कि थिएटर जैसा जादू सिनेमा में नहीं है। खास बातचीत में उन्होंने कहा, 'मेरा अपना मानना है कि थिएटर का बहुत बड़ा जादू होता है, जो सिनेमा, टेलिविजन या ओटीटी में गायब होता है। क्योंकि किसी भी रिश्ते में रस के लिए आपका कनेक्टिविटी और कम्युनिकेशन दोनों जरूरी होते हैं। कभी हम किसी से कनेक्ट तो कर लेते हैं, कम्युनिकेट नहीं कर पाते। कभी हम कम्युनिकेट कर लेते हैं लेकिन कनेक्ट नहीं कर पाते। इसलिए हमारा जो रस है वो अधूरा रह जाता है। उन्होंने आगे कहा, 'थिएटर में ये दोनों चीजें होती हैं, तो उसी का परिणाम है कि हमारे महानाट्य को पूरे देश भर में अपार जन समर्थन प्राप्त हुआ। इसी के कारण हम इतनी लंबी यात्रा इतने कम समय में पूरी कर पाए और दुनियाभर में परफॉर्म कर रहे हैं।

हम हाल ही में दुबई गए। फिर हम जुलाई के महीने में परफॉर्म करने इंग्लैंड जा रहे हैं।' वह कहते हैं, 'किसी भी कलाकार के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है कि दर्शक उसके अभिनय की दिल से सराहना करें। यह बड़े आनंद का विषय है कि दिल्ली ने कभी भी हमें निराश नहीं किया। अभी तक दिल्ली में हमारे राम के 150 शोज कर चुके हैं। एनएसडी से पासआउट आशुतोष का दिल्ली से पुराना नाता है। वह कहते हैं, 'दिल्ली हमेशा से एक बड़ा अद्भुत शहर रहा है। इसके अंदर सारे वर्ग, वर्ण और संस्कृतियां हैं। आप जो संस्कार कहते हैं वे सब कुछ आपको दिल्ली के अंदर मिल जाएंगे। यहां पर शिक्षा भी है, यहां पर दीक्षा भी है। हमने हमेशा से दिल्ली को देश की राजधानी के रूप में देखा और अगर हम इतिहास उठाकर देखें तो इस शहर के बनने और बिखरने की बहुत लंबी परंपरा दिखती है। जो शहर बार-बार बन कर बिखरा हो और बिखर कर बना हो तो उसके चित्त का, उसके चरित्र का आप अंदाजा लगा सकते हैं कि उस शहर की जीने की लालसा कितनी होगी या उस भूमि में कितनी गमक, कितना जीवन होगा।

अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए स्वयं प्रयास करने चाहिए

अपने इस लंबे करियर के बारे में वह कहते हैं, 'अभिनय हमारा पैशन भी है, हमारा प्रोफेशन भी है और हमारी एजुकेशन भी है। इसका मतलब है कि अभिनय हमारी आवश्यकता भी है, आदत भी है, सभ्यता भी है और संस्कार भी है। हमें किसी ने चिट्ठी भेजकर तो बुलाया नहीं था कि आप आइए, आप नहीं आएंगे, अभिनय नहीं करेंगे तो कला बंद हो जाएगी। अपनी इच्छा की पूर्ति के लिए जो प्राथमिक और जो आवश्यक प्रयास होते हैं, उन्हें आपको करना चाहिए। तो मैं अपनी तरफ से करता हूं और अगर किसी किरदार को करने की इच्छा होती है, तो उसके लिए प्रयास करता हूं। यदि वह मुझे प्राप्त हो गया तो उसे बहुत अच्छे से करता हूं। यदि प्राप्त नहीं हुआ तो हम यह मानके चलते हैं कि इससे आपको अपने प्रयास को और चौगुना करना पड़ेगा ताकि आने वाली किसी इच्छा पूर्ति में आप अपनी इच्छा को पूरा कर सकें। मैं यह मानकर चलता हूं कि आपको अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए स्वयं प्रयास करने चाहिए।

हर माध्यम की अपनी सीमाएं होती हैं

आशुतोष ने सिनेमा, टीवी, ओटीटी और फिर थिएटर सभी प्लेटफॉर्म में काम किया। इन सभी प्लेटफॉर्म्स में वह क्या फर्क महसूस करते हैं? इस बारे में उन्होंने कहा, 'इसमें एक और जोड़ दीजिए- लिखना। मेरा यह मानना है कि ये सारे के सारे अभिव्यक्ति के माध्यम हैं। चाहे सिनेमा हो, टेलिविजन हो, ओटीटी हो, थिएटर यानी रंगमंच हो या फिर किताब लेखन। भगवान की कृपा से इन सारे माध्यमों में हमको बराबर से स्वयं को अभिव्यक्त करने का अवसर मिला है, और उन अवसरों को लोगों ने बहुत अच्छे से सराहा भी। मैं इनको सिर्फ माध्यम के तौर पर देखता हूं। मैं यह नहीं देखता कि यह माध्यम बड़ा है, या वह माध्यम छोटा है। मेरा मानना है कि हर माध्यम की अपनी सीमाएं होती हैं और हर माध्यम यदि देखा जाए तो बड़ा है।

नाटक 'कर्मण्येवाधिकारस्ते... मुरली से मातृभूमि तक' का मंचन

लखनऊ। लखनऊ के गोमतीनगर स्थित भारतेन्दु नाट्य अकादमी (बीएनए) परिसर में सोमवार को दूसरे दिन नाटक 'कर्मण्येवाधिकारस्ते... मुरली से मातृभूमि तक' का प्रभावशाली मंचन किया गया। यह प्रस्तुति संस्कृति विभाग और भारतेन्दु नाट्य अकादमी की ग्रीष्मकालीन बाल रंगमंच कार्यशाला 'रंग पाठशाला' के समापन समारोह का हिस्सा है। नाटक की शुरूआत भगवान श्रीकृष्ण के अवतार और उनकी बाल लीलाओं से हुई। बच्चों ने मंच पर कृष्ण की माखन चोरी, गोपियों के साथ संवाद और अत्याचारी कंस के वध जैसे प्रसंगों को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया। दर्शकों ने कलाकारों की प्रस्तुति की सराहना की। इसके बाद कहानी हस्तिनापुर पहुंची, जहाँ महाभारत युद्ध के दौरान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए गीता ज्ञान का प्रभावशाली मंचन हुआ। बच्चों ने इस प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया कि गीता में वर्णित कर्म, धर्म और कर्तव्य के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। नाटक की कथा यात्रा स्वामी विवेकानंद तक पहुँची। प्रस्तुति में दशार्या गया कि कैसे श्रीकृष्ण की बांसुरी का संदेश राष्ट्रभक्ति और 'वंदे मातरम' की भावना से जुड़ा। अंतिम दृश्यों में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और भारतीय संस्कारों के महत्व को भी उजागर किया गया।

मासिक कालाष्टमी आज, होगी काल भैरव की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। कालाष्टमी या काला अष्टमी एक हिंदू त्योहार है जो भगवान भैरव को समर्पित है और हर हिंदू चंद्र माह में 'कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि' (चंद्रमा के घटते चरण के दौरान 8वें दिन) पर मनाया जाता है। पूर्णिमा के बाद आने वाली अष्टमी तिथि (आठवां दिन) भगवान काल भैरव को प्रसन्न करने के लिए सबसे उपयुक्त मानी जाती है। इस दिन हिंदू भक्त भगवान भैरव की पूजा करते हैं और उन्हें प्रसन्न करने के लिए उपवास रखते हैं। वर्ष में कुल 12 कालष्टमी मनाई जाती हैं। इनमें से मार्गशीर्ष माह में पड़ने वाली जयंती सबसे महत्वपूर्ण है और इसे 'कालभैरव जयंती' के नाम से जाना जाता है। रविवार या मंगलवार को पड़ने वाली कालष्टमी को और भी पवित्र माना जाता है, क्योंकि ये दिन भगवान भैरव को समर्पित हैं। कालाष्टमी के अवसर पर भगवान भैरव की पूजा का त्योहार देश के विभिन्न हिस्सों में पूरे उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जाता है। 2026 की कालाष्टमी 7 जुलाई, मंगलवार को है।

कलाष्टमी का महत्व: आदित्य पुराण' में कालष्टमी की महानता का वर्णन किया गया है। कालष्टमी पर पूजे जाने वाले मुख्य देवता भगवान काल भैरव हैं, जिन्हें भगवान शिव का ही एक रूप माना जाता है। हिंदी में 'काल' शब्द का अर्थ समय होता है, जबकि 'भैरव' का तात्पर्य शिव के स्वरूप से है। इसलिए काल भैरव को 'समय का देवता' भी कहा जाता है और भगवान शिव के अनुयायी पूर्ण श्रद्धा से उनकी पूजा करते हैं।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार ब्रह्मा, विष्णु और महेश के बीच वाद-विवाद के दौरान, ब्रह्मा द्वारा कही गई किसी बात से भगवान शिव क्रोधित हो गए। तब उन्होंने महाकालेश्वर का रूप धारण किया और भगवान ब्रह्मा का पांचवां सिर काट डाला। तब से, देवता और मनुष्य भगवान शिव के इस रूप की पूजा 'काल भैरव' के रूप में करते हैं। ऐसा माना जाता है कि जो लोग कालष्टमी पर भगवान शिव की पूजा करते हैं, उन्हें भगवान शिव का भरपूर आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह भी एक लोकप्रिय मान्यता है कि इस दिन भगवान भैरव की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन से सभी दुख, पीड़ा और नकारात्मक प्रभाव दूर हो जाते हैं।

कलाष्टमी की पूजा विधि: कलाष्टमी भगवान शिव के भक्तों के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन भक्त सूर्योदय से पहले उठकर सुबह जल्दी स्नान करते हैं। वे काल भैरव की विशेष पूजा करके उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और अपने पापों की क्षमा मांगते हैं। भक्तगण संध्याकाल में भगवान काल भैरव के मंदिर में भी जाते हैं और वहां विशेष प्रार्थना करते हैं। ऐसा माना जाता है कि कालष्टमी भगवान शिव का उग्र रूप हैं। उनका जन्म भगवान ब्रह्मा के प्रचंड क्रोध को शांत करने के लिए हुआ था। कलाष्टमी के दिन सुबह के समय दिवंगत पूर्वजों को विशेष पूजा और अनुष्ठान अर्पित किए जाते हैं। भक्त दिनभर का कठोर उपवास रखते हैं। कुछ सच्चे भक्त रात भर जागते रहते हैं और महाकालेश्वर की कथाएँ सुनते हुए समय बिताते हैं। कलाष्टमी व्रत रखने वाले को समृद्धि और सुख की प्राप्ति होती है और जीवन में सभी प्रकार की सफलता प्राप्त होती है। काल भैरव कथा का पाठ करना और भगवान शिव को समर्पित मंत्रों का जाप करना शुभ माना जाता है। कालाष्टमी के दिन कुत्तों को भोजन कराने की भी परंपरा है, क्योंकि काले कुत्ते को भगवान भैरव का वाहन माना जाता है। कुत्तों को दूध, दही और मिठाई चढ़ाई जाती है। काशी जैसे हिंदू तीर्थ स्थलों पर ब्राह्मणों को भोजन कराना अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है।

11 को दिखेगा अद्भुत नजारा, चंद्रमा, मंगल और कृतिका नक्षत्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। जुलाई महीने में आसमान में कई खगोलीय घटनाएं होने वाली हैं। सूर्योदय से लगभग डेढ़ घंटे पहले पूर्वी दिशा में एक पतला अर्धचंद्र, लाल मंगल ग्रह और प्लियाडेस (कृतिका नक्षत्र) मिलकर एक त्रिकोणीय आकृति बनाएंगे। इसे नंगी आंखों से साफ देखा जा सकता है। यह घटना 11 जुलाई को होगी। यदि दूरबीन से देखा जाए तो यह अधिक स्पष्ट और सुंदर नजर आएगा। लेकिन यह तभी संभव है जब आसमान में बादल न हों। क्योंकि मानसून की दस्तक के कारण बादलों की संभावना अधिक है। प्लियाडेस यानी कृतिका तारा समूह पृथ्वी के सबसे नजदीक और आकाश में स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले खुले तारा समूहों में से एक है। इसे सेवन सिस्टर्स और मेसियर 45 भी कहा जाता है। स्पष्ट रूप से छह या सात तारे ही दिखाई देते हैं लेकिन यह करीब एक हजार तारों का समूह है जो वृषभ तारामंडल के उत्तर-पश्चिम दिशा में होता है। इसका आकार छोटे चम्मच सा होता है।

शनि-चन्द्रमा का मिलन सात को: इसके अलावा 7 और 8 जुलाई को शनि और चंद्रमा का मिलन हो रहा है। पूर्व दिशा में सूर्योदय से ठीक पहले यह दृश्य देखा जा सकेगा। 14 जुलाई को अमावस्या है। इसकी वजह से आकाश गंगा को बहुत स्पष्ट तरीके से यह दिखेगा। कई अन्य चमकीले तारे भी देखे जा सकेंगे। 17 जुलाई को शुक्र और चंद्रमा की युति हो रही है। शाम ढलने के बाद पश्चिमी दिशा में यह दृश्य नजर आएगा।

बक मून 29 को: इस माह पूर्णिमा 29 जुलाई को है। इसे बक मून कहा जाता है। बक मून नाम का संबंध नर हिरण (बक) से है। दरअसल, उत्तरी गोलार्ध में जुलाई का वह समय होता है जब नर हिरण अपने पुराने सींग गिरा देते हैं और उनके माथे पर मखमली बालों से ढके नए सींग उगने शुरू होते हैं। इन्हीं सींगों को बक कहा जाता है, इसलिए जुलाई के चांद को बक मून का नाम दिया गया।

माह के अंत में होगी उल्कापिंडों की वर्षा: जुलाई के अंतिम सप्ताह में डेल्टा एक्वेरिड्स और अल्फा कैप्रिकोर्निड्स उल्का वर्षा चरम पर होगी। आसमान साफ रहने पर इसे मध्य रात्रि में देख सकते हैं। इंदिरागांधी नक्षत्रशाला के सुमित श्रीवास्तव के अनुसार 30 जुलाई को सब से अधिक उल्का बारिश होगी। यह क्रम अगस्त के पहले सप्ताह तक चलता रहेगा। रात दो बजे के आस पास सबसे अच्छे तरीके से इसे देखा जा सकता है।

6 जुलाई को पृथ्वी होगी सूर्य से अधिकतम दूरी पर: खगोलीय घटनाओं के क्रम में छह जुलाई खास है। इस दिन पृथ्वी सूर्य से अपने अधिकतम अंतराल लगभग 15.2 करोड़ किलोमीटर पर होगी। इसे अपसौर कहते है। ऐसा होने की वजह पृथ्वी के सूर्य के चारों ओर दीर्घवृत्ताकार कक्षा में चक्कर लगाना है।

नाम तुम्हारा तारणहार, कब तेरा दर्शन होगा...

लखनऊ। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 4 से 12 जुलाई तक गोमती नगर वास्तु खंड तीन के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पार्क परिसर में किया जा रहा है। इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास, नैमिष चक्र तीर्थ धाम वाले विनोदानंद शास्त्री जी महाराज है जबकि मुख्य यजमान स्वयं हनुमान जी महाराज और स्वागतकांक्षी शान्ति देवी जी है। शास्त्री जी बीते पन्द्रह वर्षों से कथा ज्ञान यज्ञ के माध्यम से संस्कार प्रदान कर रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन सोमवार पांच जुलाई को विनोदानंद शास्त्री जी महाराज ने भक्तों को संदेश दिया कि भगवान शिव परम तपस्वी, ज्ञान, वैराग्य, भक्ति तथा योग साधना के शीर्षदेव हैं। उनकी आराधना से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की सहज प्राप्ति होती है। शास्त्री जी महाराज ने बताया कि भगवान सदैव ही एकांत एवं निर्जन स्थान पर एकाग्र भाव से तपश्चर्या एवं ध्यान में लीन रहते हैं। इससे व्यक्ति सांसारिक भावों से दूर हो जाता है। इसके कारण संसारजनित विकार काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद एवं अहंकार से मुक्ति मिलती है। भगवान शिव शरीर पर भस्म धारण करते हैं तथा मृगछाल पहनते हैं। हाथ में जल भरने हेतु कमंडल रखते हैं तथा खड़ाऊं धारण किए हैं। उनकी आवश्यकताएं अत्यंत सीमित हैं। इस मनोभावना के कारण व्यक्ति त्याग और असंग्रह की ओर प्रवृत्त होता है। भगवान शिव ने जगत कल्याण के लिए समुद्र मंथन से प्राप्त विष को अपने कंठ में धारण किया है। नीलकंठ स्वरूप हमें विपरीत परिस्थितियों में भी अविचल रहने की प्रेरणा देता है वहीं चंद्र शीतलता, निर्मलता एवं प्रकाश का प्रतीक है। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के क्रम में विनोदानंद शास्त्री जी महाराज ने गंगा की महिमा का भी वर्णन किया। इस अवसर पर आरती-पूजन में भी बड़ी संख्या में भक्तगण एकत्रित हुए। कथा व्यास गद्दी मंच की भव्य सज्जा सभी भक्तों को दिव्यता से सराबोर कर रही है। भजनों के क्रम में आगंतुकों ने नाम तुम्हारा तारणहार, कब तेरा दर्शन होगा, तेरी प्रतिमा इतनी सुन्दर, तू कितना सुन्दर होगा का सरस रसपान किया। इस मनभावन भजन के उपरांत उन्होंने भजन भोले बाबा चले कैलाश बुंदिया पड़ने लगी सुनाया तो भक्तगण आनंद से झूम उठे।

डॉ. योगेश प्रवीण की नृत्य नाटिका में दिखी गंगा-जमुनी तहजीब

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में कथक नृत्य नाटिका का आयोजन

लखनऊ। राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह, कैसरबाग, लखनऊ में पदमश्री डा. योगेश प्रवीन को समर्पित प्रस्तुति अंजुमन ए अवध का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पवन सिंह चौहान, सदस्य विधान परिषद उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि डा. कुमकुम धर, तरूण राज, दीपक रंजन रहे।

पदमश्री डा. योगेश प्रवीण द्वारा लिखित कथक नृत्य नाटिका का नृत्य निर्देशन डा. आकांक्षा श्रीवास्तव एव नाट्य रूपान्तरण एवं निर्देशन दीपक मिश्रा सार्थक द्वारा किया गया। सह निर्देशन सोम गांगुली का था। प्रस्तुति में सोम गांगुली ने शहर-ए-लखनऊ की भूमिका निभाई तथा नृत्यांगनाओं की भूमिका में सिमरन कश्यप, आरोहिणी चौधरी, अनामिका यादव, श्रेया अग्रहरी, अंकिता मौर्या, आकांक्षा वर्मा, सताक्षी शुक्ला रही। संगीत निर्देशन एवं गायन श्री बृजेन्द्र नाथ श्रीवस्तव का था।

तबला एवं पढ़न्त पंडित विकास मिश्रा, सितार नीरज मिश्रा, सारंगी मनीष मिश्रा तथा गायन सुश्री अंजली पाटिल का था। प्रकाश व्यवस्था गोपाल सिन्हा एवं मनीष सैनी, संचालन छाया शुक्ला, प्रतीक मेहरा, मंच संरचना मधुबाबा, प्रस्तुति सहयोग अनुमन मिश्रा एवं ईशा मिश्रा तथा प्रस्तुति नियन्त्रण सुनील विश्वकर्मा का था। अंजुमन-ए-अवध में लखनऊ की नजाकत, नफासत, गंगा जमुनी तहजीब को कथक की अनेक विधाओं के जरिये पेश किया गया जिसमें एक तरफ सावन, बसन्त, होली की बहार थी तो दूसरी तरफ मुजरे, तराने, गजल, कव्वाली का नूर भी मंजरनशी था।

पवन सिंह रियलिटी शो राइज एंड फॉल में आयेंगे नजर

लखनऊ। भोजपुरी फिल्मों और गानों में नजर आनेवाले सुपरस्टार पवन सिंह अब अपना बॉलीवुड डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। उन्हें एक बॉलीवुड फिल्म मिली है। फिल्म में पवन सिंह की जोड़ी टीवी की सीता शिव्या पठानिया के साथ जमेगी। पवन सिंह जिस फिल्म से अपना बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहे हैं उसका नाम है सिर्फ आपके। पवन सिंह रियलिटी शो राइज एंड फॉल में नजर आए थे। अब वो बॉलीवुड फिल्म सिर्फ आपके में नजर आएंगे। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। अब फिल्ममेकर्स फिल्म को दर्शकों तक पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांक : 2255/1ए-11 दिनांक 01.07.2026

ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ.प्र. लोक निर्माण विभाग में **ए, बी, सी व डी श्रेणी** के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार **मार्ग निर्माण** हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

क्र. सं.	जनपद	कार्य का नाम	निविदा की लागत (बिना जी0एस0टी0) (रू0 लाख में)	बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में)	निविदा शुल्क + स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
विधानसभा-महसी						
1	बहराइच	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकासखण्ड-तेजवापुर के अन्य जिला मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं राज्य मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य।	14.30	1.43	945.00	12 माह
2	बहराइच	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकासखण्ड-तेजवापुर के ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य।	22.00	2.20	945.00	12 माह
3	बहराइच	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकासखण्ड-महसी के अन्य जिला मार्ग, मुख्य जिला मार्ग एवं राज्य मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य।	32.50	3.25	945.00	12 माह
4	बहराइच	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकासखण्ड-महसी के ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य।	32.00	3.20	945.00	12 माह
5	बहराइच	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकासखण्ड-शिवपुर के अन्य जिला मार्ग एवं मुख्य जिला मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य।	7.50	0.75	856.00	12 माह
6	बहराइच	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकासखण्ड-शिवपुर के ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य।	14.10	1.41	945.00	12 माह
7	बहराइच	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकासखण्ड-फखरपुर के अन्य जिला मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य।	10.00	1.00	945.00	12 माह
8	बहराइच	वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकासखण्ड-फखरपुर के ग्रामीण मार्गों के पैच मरम्मत का कार्य।	17.60	1.76	945.00	12 माह

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि **09-07-2026** से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-

(क) बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन दिनांक **09-07-2026 से 18-07-2026** तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।

(ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

(ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि **18-07-2026 दोपहर 12.00 बजे** तक एवं टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक **18-07-2026 अपरान्ह 12.30 बजे** से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।

(घ) प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष, उ.प्र. लो.नि.वि., लखनऊ का सर्कुलर सं.-95-कैम्प-प्र.अ. विकास/01 सर्कुलर/2026 दिनांक 18.04.2026, 96-कैम्प-प्र.अ. विकास/01 सर्कुलर/2026 दिनांक 21.04.2026 एवं शासनादेश सं.-86/2026/649/2026/23-7099/106/2025 दिनांक 23.05.2026 के अन्तर्गत निविदा स्वीकार होगी।

(ड़) तकनीकी निविदा खोलने के 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

(इं. अनुपम कुमार)
सहायक अभियन्ता,
प्रा0ख0, लो0नि0वि0, बहराइच

(इं. प्रदीप कुमार)
अधिशासी अभियन्ता,
प्रा0ख0, लो0नि0वि0, बहराइच

UPID-253373 Date: 06.07.26 Website : www.upgov.nic.in

लखनऊ के काकराबाद में बनेगा भातखंडे संस्कृति विवि का नया कैंपस

देश-विदेश के कलाकारों का नया ठिकाना बनेगा नवीन परिसर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत भारतीय संस्कृति, संगीत, लोक परंपराओं और प्रदर्शन कलाओं को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय का नया परिसर एक ऐतिहासिक पहल बनने जा रहा है। राजधानी लखनऊ के काकराबाद में प्रस्तावित इस विश्वस्तरीय परिसर को केवल संगीत विश्वविद्यालय तक सीमित न रखकर भारतीय संस्कृति के समग्र केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है।

इसी उद्देश्य से सोमवार को अपर मुख्य सचिव, संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात की अध्यक्षता में आयोजित उच्चस्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में देश के प्रतिष्ठित कलाकारों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने परिसर की रूपरेखा पर विस्तृत मंथन किया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि नया परिसर आने वाले सैकड़ों वर्षों के लिए भारत की सांस्कृतिक विरासत, भारतीय ज्ञान परंपरा और प्रदर्शन कलाओं का सबसे बड़ा केंद्र बने। बैठक में विशेषज्ञों ने कहा कि भारत की हजारों वर्षों पुरानी सांस्कृतिक विरासत को एक ही मंच पर समेटने वाला ऐसा संस्थान आज देश में नहीं है, जहां शास्त्रीय संगीत, नृत्य, रंगमंच, लोक एवं जनजातीय कलाएं, दृश्य एवं ललित कलाएं, साहित्य, दर्शन, योग, अध्यात्म, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक कला शिक्षा का समन्वित अध्ययन एवं शोध हो सके। इसी दृष्टि से भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के नए परिसर को देश के पहले समग्र 'संस्कृति विश्वविद्यालय' के रूप में विकसित करने की परिकल्पना प्रस्तुत की गई। इसमें दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण, मौखिक परंपराओं के दस्तावेजीकरण, डिजिटल रिपॉजिटरी और भारतीय प्रदर्शन कलाओं के संग्रहालय जैसी विश्वस्तरीय सुविधाओं के विकास का प्रस्ताव रखा गया।

बैठक में प्रस्तावित परिसर के लिए कई अत्याधुनिक सुविधाओं पर भी सहमति बनी। नए परिसर में संगीत, नृत्य, रंगमंच, योग एवं अध्यात्म, दृश्य एवं ललित कला, साहित्य एवं दर्शन, फिल्म निर्माण तथा कला एवं सांस्कृतिक प्रबंधन जैसे विषयों के विशेष विद्यालय स्थापित किए जाने के सुझाव दिए गए।

साथ ही ध्वनि-विज्ञान आधारित अभ्यास कक्ष, आधुनिक नृत्य स्टूडियो, संगीत एवं रिकॉर्डिंग स्टूडियो, एआई म्यूजिक लैब, विष्णु नारायण भातखंडे ग्रैंड ऑडिटोरियम, ब्लैक बॉक्स थिएटर, शास्त्रीय नृत्य थिएटर, रेसाइटल हॉल और मुक्ताकाशी मंच जैसी आधुनिक अधोसंरचनाओं का भी निर्माण करने का सुझाव दिया गाया। इसके अलावा सांस्कृतिक स्टार्टअप्स के लिए इनक्यूबेशन सेंटर, मीडिया एवं कंटेंट लैब तथा बौद्धिक संपदा (आईपी) सहायता केंद्र विकसित कर भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था को भी नई गति देने की योजना रखी गई। बैठक में पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने परिसर को प्रकृति और भारतीय परंपरा के अनुरूप विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने व्यापक वृक्षारोपण, खुले एवं प्राकृतिक वातावरण, शिक्षकों के लिए आवासीय व्यवस्था, उत्तर भारतीय और कर्नाटक संगीत के समन्वय, उत्तर प्रदेश के पारंपरिक घरानों को संस्थान से जोड़ने, थिएटर कॉम्प्लेक्स, एग्जीबिशन हॉल, इंटरएक्टिव लर्निंग स्पेस तथा इंटीग्रेटेड नॉलेज सिस्टम पर आधारित विशेष लैब स्थापित करने का सुझाव दिया। वहीं प्रो. सिद्धार्थ सिंह ने विश्वविद्यालय को संगीत संस्थान से आगे बढ़ाकर समग्र संस्कृति विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने की आवश्यकता बताई। बैठक में पद्मश्री प्रो. वामन केंद्रे सहित अन्य विशेषज्ञों ने लोक एवं जनजातीय कलाओं, थिएटर, परफॉर्मिंग आर्ट्स, विजुअल आर्ट्स और साहित्य को एकीकृत पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने डिजिटल आर्ट सेंटर की स्थापना, इसे सभी कलाओं के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित करने तथा देश-विदेश के प्रख्यात कलाकारों को नियमित रूप से आमंत्रित कर विश्वविद्यालय को अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक संवाद का केंद्र बनाने का सुझाव दिया। विशेषज्ञों ने कहा कि यह परिसर भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ नई पीढ़ी को वैश्विक स्तर की कला शिक्षा और शोध का अवसर भी उपलब्ध कराएगा। अपर मुख्य सचिव, संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मार्थ कार्य विभाग अमृत अभिजात ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास ऐसा विश्वस्तरीय संस्थान विकसित करने का अनूठा अवसर है, जो भारत की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ-साथ नई पीढ़ी की आवश्यकताओं के अनुरूप भी हो। उन्होंने कहा कि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय को विश्व के अग्रणी प्रदर्शन कला संस्थानों की श्रेणी में स्थापित करने का लक्ष्य है। इसके लिए ऐसा परिसर विकसित किया जाएगा, जिसकी वास्तुकला, शैक्षणिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक वातावरण स्वयं भारतीयता का अनुभव कराए। यहां आने वाला प्रत्येक विद्यार्थी, कलाकार और आगंतुक भारत की समृद्ध कलात्मक परंपराओं से जुड़ाव महसूस करे और भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार हो। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के नए परिसर के लिए राष्ट्रीय स्तर की आर्किटेक्चरल डिजाइन प्रतियोगिता आयोजित करने की भी योजना है, ताकि देश के श्रेष्ठ वास्तु विशेषज्ञ इस महत्वाकांक्षी परियोजना में अपना योगदान दे सकें।

संक्षेप

छात्रा ट्रेन के आगे कूदी, मौत

जौनपुर। मड़ियाहूं थाना क्षेत्र रघुनाथपुर गांव के पास रेलवे पटरी पर एक नाबालिग छात्रा ने ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी है। मुकुंदपुर गांव निवासी 15 वर्षीय नाबालिग छात्रा सोहाना रेलवे की पटरी पर पहुंची और मुंबई से छपरा को जाने वाली गोदान एक्सप्रेस के सामने कूंद गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद जुटी भीड़ ने इसकी जानकारी जीआरपी पुलिस और कोतवाली पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। नाबालिग छात्रा की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। छात्रा के आत्महत्या करने का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है।

बीएसएनएल भारत नेट उद्यमी योजना का शुभारंभ

जौनपुर। प्रचालन प्रमुख भारत संचार निगम लिमिटेड अंकुर तिवारी ने बताया कि बीएसएनएल द्वारा बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से भारत नेट उद्यमी योजना का शुभारम्भ किया गया है। योजना के तहत इच्छुक व्यक्ति कम पूंजी लगाकर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। योजना के शुरूआती चरण में लगभग डेढ़ लाख रुपये के न्यूनतम निवेश की आवश्यकता होगी। बीएसएनएल से जुड़ने के बाद उद्यमियों को ग्रामीण क्षेत्रों में ब्राडबैंड सेवाओं से उपभोक्ताओं को जोड़ने का कार्य करना होगा। इसक लिए विभाग की ओर से आकर्षक भुगतान की व्यवस्थाकी गई है। श्री तिवारी ने बताया कि भारत नेट उद्यमी योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को उनके गृह जनपद में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है, ताकि वे आसानी से अपनी आजीविका का संचालन कर सकें। साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं का शहरों की ओर पलायन कम हो सके। सुल्तानपुर व्यापार क्षेत्र के प्रधान महाप्रबन्धक रमाशंकर राम ने इस योजना को युवाओं के लिए स्वरोजगार का सुनहरा अवसर बताया। योजना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने के लिए बीएसएनएल कार्यालय में कार्यरत अवर दूर संचार अधिकारी अनिल कुमार से सम्पर्क कर सकते हैं।

बैठक में भ्रष्टाचार का छाया रहा मुद्दा

मीरजापुर। संघ भवन रामबाग में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद शाखा की बैठक मोहनलाल यादव अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के कर्मचारी नेता कर्मचारी उपस्थित हुए। बबलू खान कर्मचारी नेता ने कहा की पंचायत राज अधिकारी के डीपीआरओ कार्यालय में भ्रष्टाचार बड़े पैमाने में पर किया जा रहा है विभाग में 2000 सफाई कर्मचारी कार्यरत है, आए दिन कर्मचारियों के साथ भेदभाव उत्पीड़न करके धन उगाई की जाती है। सफाई कर्मचारियों को सुबह के 7 बजे सुबह से 7 बजे तक शाम तक कार्य कराया जाता है जो नियम के विरूद्ध है। पंचायती राज अधिकारी अपने क्रिया कलापो में सुधार करके नियम के अनुसार कार्य कराए अन्यथा अगली बैठक करके उपरोक्त की जानकारी जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व शासन को अवगत कराया जाएगा, मामले को लेकर जनपद के कर्मचारियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। कर्मचारी नेता राजकुमार यादव ने कहा कि जनपद में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से अवैध रूप से बंगले पर कार्य लिया जाता है जिससे सरकारी कार्य में व्यवधान उत्पन्न होता है। आज की बैठक में मोहनलाल यादव, बबलू खान, राजकुमार यादव, श्याम लाल यादव, जगदीश खरवार, राममोहन, जटाशंकर यादव, बेचू लाल, गोपाल, अवधेश आदि उपस्थित रहे।

दहशत फैलाने का आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर। ऑपरेशन वज्रपात के तहत खुटहन थाना पुलिस ने सोशल मीडिया पर अवैध गतिविधियों, रंगबाजी, हिंसक वीडियो और भड़काऊ पोस्ट के जरिए भय व आतंक का माहौल बनाने के आरोप में एक अराजक तत्व को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान पंकज बिन्द पुत्र ज्ञानचंद बिन्द, निवासी धमौर खास, थाना खुटहन के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ सोशल मीडिया पर झगड़ालू गैंग बनाकर रंगदारी और दहशत फैलाने जैसी गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। पुलिस का

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला शातिर धराया

आजमगढ़। साइबर सेल और सिधारी पुलिस की संयुक्त टीम ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी इंटरनेट से मालदीव का वर्क परमिट डाउनलोड कर उसमें एडिटिंग करके फर्जी दस्तावेज तैयार करता था और बेरोजगार युवकों को विदेश भेजने का झांसा देकर उनसे पैसे वसूलता था।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी मुकेश यादव (29 वर्ष) निवासी हैदराबाद (छतवारा), थाना सिधारी है। पुलिस ने उसके कब्जे से दो फर्जी मालदीव वर्क परमिट, एक सैमसंग मोबाइल फोन, आधार कार्ड, 200 रुपये नकद तथा घटना में प्रयुक्त प्लेटिना बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह इंटरनेट से मालदीव के मूल वर्क परमिट का प्रारूप डाउनलोड कर उसमें नाम और अन्य विवरण बदलकर फर्जी परमिट तैयार करता था। इसके बाद वह व्हाट्सएप और प्रिंट कॉपी के जरिए लोगों को दस्तावेज भेजकर उनसे विभिन्न किस्तों में धनराशि लेता था। जांच में पता चला कि आरोपी पहले मुंबई में मर्चेंट नेवी से जुड़े कार्यों में रह चुका है। वहीं बने संपर्कों का इस्तेमाल कर वह विभिन्न राज्यों के श्रमिकों और युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देता था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने कई लोगों से विदेश भेजने के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने अपनी भाभी के दस्तावेजों का दुरुपयोग कर यूनियन बैंक में खाता खुलवाया था। समन्वय पोर्टल पर जांच के दौरान पश्चिम बंगाल के एक शिकायतकर्ता की साइबर शिकायत मिली, जिसमें विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 21 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज था। आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कुल 35 हजार रुपये में विदेश भेजने का सौदा किया था और 21 हजार रुपये लेकर फर्जी वर्क परमिट उपलब्ध कराया था। आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आईटी एक्ट की धारा 66सी के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उसके अन्य पीड़ितों, बैंक खातों और पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।

शातिर साइबर अपराधी गिरफ्तार

आजमगढ़ साइबर क्राइम थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग, लॉटरी और गिफ्ट कोड के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले एक शातिर साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान पवई थाना क्षेत्र के खुरचंदा गांव निवासी स्वप्निल पुत्र विजयबहादुर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार आरोपी अपने सहयोगी राज शिखर सिंह उर्फ राजा टीजी के साथ मिलकर टेलीग्राम पर कई चैनल और ग्रुप संचालित करता था। इन ग्रुपों में कैसीनो, रम्मी, लॉटरी और गिफ्ट कोड के जरिए भारी मुनाफा दिलाने का झांसा देकर लोगों से पैसे जमा कराए जाते थे। रकम जमा होते ही पीड़ितों की टेलीग्राम आईडी ब्लॉक कर दी जाती थी और धनराशि हड़प ली जाती थी। प्रतिबिंब पोर्टल से प्राप्त शिकायतों की जांच के दौरान आरोपी का नाम सामने आया। पूछताछ और मोबाइल फोन के डिजिटल विश्लेषण में ग्राहकों से हुई चैट, गिफ्ट कोड और रेफरल कोड सहित कई महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले। इसके आधार पर पुलिस ने 5 जुलाई की रात उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी के विभिन्न बैंक खातों पर अलग-

अलग राज्यों से कुल सात एनसीआरपी शिकायतें दर्ज हैं। इनमें मुरादाबाद के कोतवाली थाना क्षेत्र की एक शिकायत 49,04,600 रुपये की साइबर ठगी से संबंधित है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन और 1800 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। इस मामले में थाना साइबर क्राइम में बीएनएस की विभिन्न धाराओं तथा आईटी एक्ट की धारा 66ब और 66क के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

पार्टी का हर कार्यकर्ता सबसे बड़ी पूंजीः विनोद

आजमगढ़- भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त गोरखपुर क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय के प्रथम आजमगढ़ आगमन पर सोमवार को हरिऔध कला केंद्र में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। गोरखपुर से आजमगढ़ आते समय विभिन्न स्थानों, महुला बाजार, कांखभार, लाटघाट, रजादेपुर, बाजार, जीयनपुर, बाजार, अंजान शहीद, बनकट, शिवालिक हास्पीटल के पास,हाफाजपुर, जुनेदगंज, भवरनाथ, करतालपुर, बवालीमोड, भाजपा जिला कार्यालय, सिविल लाइन्स विभिन्न स्थानो पर भारी संख्या मे उपस्थित कार्यकर्ताओ ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत किया।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अखिलेश मिश्रा गुड्डू के नेतृत्व मे शिवालिक मेडिकल कालेज बिजरवा के पास हजारो की सँख्या में कार्यकताओं ने नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष का जोरदार स्वगत किया। हरिऔध कला भवन में पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा सभागार भाजपा के नारों, फूल-मालाओं और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने की। कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय का पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता उसकी सबसे बड़ी पूंजी है और संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकताओं से आगामी चुनावों और संगठनात्मक कार्यक्रमों में पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सुशासन में उत्तर प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ध्रुव कुमार सिंह ने कहा कि विनोद राय के नेतृत्व में गोरखपुर क्षेत्र में संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रवाद, सेवा और सुशासन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार रहने का आह्वान किया। इस अवसर पर कई वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और इसकी सफलता का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। वक्ताओं ने विश्वास जताया कि विनोद राय के नेतृत्व में संगठन और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनेगा। कार्यक्रम के दौरान हरिऔध कला केंद्र भाजपा के रंग में पूरी तरह रंगा दिखाई दिया। मंच को आकर्षक ढंग से सजाया गया था और बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूरे समारोह को उत्सव का रूप दे दिया। जगह-जगह स्वागत द्वार, बैनर और पोस्टर लगाए गए थे, जो आयोजन की भव्यता को और बढ़ा रहे थे। कार्यक्रम में पूर्व सांसद डॉ संतोष कुमार सिंह, घनश्याम पटेल, देवेंद्र सिंह, हरेंद्र सिंह अखिलेश कुमार मिश्रा गुड्डू, जयनाथ सिंह, सच्चिदानंद सिंह, हवलदार सिंह, अरविंद जायसवाल, मंजू सरोज,बंदना सिंह ,श्री कृष्ण पाल, प्रेम प्रकाश राय, ऋषिकांत राय, कल्पनाथ पासवान, रामदर्शन यादव, माला द्विवेदी, ऋषिकेश दूबे, पवन सिंह मुन्ना, अवनीश मिश्रा, आनन्द सिंह, विवेक निषाद, जितेंद्र राय हेमेद्र सिंह, अवनीश चतुवेर्दी मृगांक शेखर सिन्हा, पदाधिकारी व कार्यकत्रा मौजूद रहे।

पीड़ित के परिजनों से मिले कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के धनेजा गांव में ननिहाल में रह रही चार वर्षीय मासूम बच्ची को अगवा और बलात्कार कर हत्या किए जाने की घटना को सुनकर पीड़ित परिजनों के घर शोक संवेदना व्यक्त करने सोमवार को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी पार्टी प्रतिनिधियों के साथ पहुंच कर पीड़ित परिजनों से मिलकर दुख दर्द बांटा और शोक संवेदना व्यक्त की।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने मासूम बच्ची के साथ हुए हैवानियत की चर्चा करते हुए कहा कि परे प्रदेश में कानून का भय खत्म हो गया है, महिलाएं और छोटी छोटी नाबालिग बच्चियां भी सुरक्षित नहीं है। सरकार की विफलताओं का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान अपराध, चोरी और डकैती और बलात्कार के क्षेत्र में पहले नम्बर पर होता जा रहा है। कहा कि जब भगवान राम सुरक्षित नहीं है तो प्रदेश कैसे सुरक्षित रहेगा। राम मंदिर अयोध्या में हुए चंदा और चढ़ावे चोरी का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार के शहर और संरक्षण पर हिंदूओं की आस्था के साथ खिलवाड़ किया गया और भगवान श्रीराम को जमकर लूटा गया। उन्होंने प्रदेश सरकार पर राममंदिर के लुटेरों को बचाने का आरोप लगाते हुए कहा कि चंदा चोरी के असली गुनहगार चंपतराय बंसल , अनिल मिश्रा, नृपेन्द्र मिश्रा और गोपाल राव को बचाया जा रहा है, किंतु उत्तर प्रदेश की जनता भगवान राम के साथ चंदा और चढ़ावा करने चोरी करने वाली भाजपा को माफ नहीं करेगी।

नगर निकायों में सुनी गयी जन समस्याएं

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका समय से निस्तारण के लिए प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को मुकेश कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का अयोजन किया गया। तत्क्रम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 1, नगर पंचायत घोरावल में 1, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबर में 4, नगर पंचायत रेनुकूट में 4, नगर पंचायत पिपरी में 4, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2, समस्त निकायों में कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश, इत्यादि से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

पैसे लेकर टिकट देने के मामले की हो जांचः संतोष

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। विधानसभा चुनाव में कथित रूप से पैसे लेकर टिकट देने के मामलों को लेकर स्वराज वाहिनी एसोसिएशन ने राजनीतिक दलों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र भेजकर ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर दोषी राजनीतिक दलों और पदाधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

स्वराज वाहिनी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार मिश्रा सोमवार को नगर एक होटल पत्रकार वार्ता में कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे कथित वीडियो और ऑडियो में विभिन्न क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों द्वारा टिकट के बदले करोड़ों रुपये लेने-देने की बातें सामने आई हैं। यदि इनकी सत्यता साबित होती है तो यह लोकतांत्रिक व्यवस्था, निष्पक्ष चुनाव और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की भावना के विपरीत है। उन्होंने निर्वाचन आयोग से मांग की कि वायरल वीडियो की फॉरेंसिक जांच कराई जाए, इसमें शामिल सभी व्यक्तियों और राजनीतिक दलों की भूमिका की निष्पक्ष जांच हो तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखने के लिए ऐसे मामलों पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि निर्वाचन आयोग ने इस गंभीर मामले पर समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया, तो स्वराज वाहिनी एसोसिएशन न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी। उन्होंने कहा, ष्हम लोकतंत्र को धनबल के प्रभाव से बचाने के लिए उच्च न्यायालय और आवश्यकता पड़ने पर सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का उद्देश्य किसी राजनीतिक दल को निशाना बनाना नहीं, बल्कि चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और भ्रष्टाचारमुक्त बनाना है, ताकि योग्य और ईमानदार उम्मीदवारों को निष्पक्ष अवसर मिल सके।

शिकायतों का निस्तारण समय से किया जाये

सोनभद्र। प्रदेश सरकार के दिशा निदेर्शानुसार जिले की चारों तहसीलों में जुलाई महीने के प्रथम शनिवार को न होकर सोमवार को ह्यह्यसम्पूर्ण समाधान दिवसह्यह्य का आयोजन किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकताओं की शिकायतों को सुना गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में भूमि विवाद से सम्बन्धित प्राप्त हुए, मामलों को स्थलीय स्थिति की जॉच करते हुए टीम द्वारा प्रकरणों की स्थलीय जॉच कर निस्तारण कराने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारी को दिये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके। उन्होने के कहा कि प्रत्येक प्रकरण को गम्भीरता से लेकर जॉच कर निस्तारण आख्या प्रस्तुत की जाये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी चर्चित गौड़, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वार्मा उप जिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह आदि ने 119 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 113 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर तहसीलदार ओबरा, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

इसी प्रकार से सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्ट्सगंज में उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया, इस दौरान क्षेत्रों में भी टीम भेजकर प्रकरणों का निस्तारण कराया गया और सम्बन्धित को निर्देशित भी किया गया कि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। अवशेष मामलों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस मौके उप जिलाधिकारी सदर अश्वनी कुमार, तहसीलदार सदर अमित कुमार आदि ने 36 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 06 मामलें निस्तारित किये गये, इस प्रकार तहसील दिवस रावर्टसगंज में कुल 06 मामले निस्तारित हुए, बाकी 30 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

विंध्य पंडा समाज का चुनाव कराने की उठी मांग

मीरजापुर। विख्यात देवी धाम विन्धयाचल में श्री विंध्य पंडा समाज के लंबे समय से लंबित चुनाव को लेकर समाज में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। पंडा समाज के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी एवं नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र चुनाव कराने की मांग की।

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि प्रशासन को वैध कार्डधारकों की सूची कई बार उपलब्ध कराए जाने के बावजूद चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं की जा रही है। पंडा समाज के प्रमुख सदस्य शनि दत्त पाठक ने कहा कि वर्ष 1952-53 में स्थापित श्री विंध्य पंडा समाज का उद्देश्य देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को मां विंध्यवासिनी, काली खोह और अष्टभुजा मंदिर में सुगम दर्शन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठानों की व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इसके बावजूद समाज की लोकतांत्रिक व्यवस्था को लंबे समय से ठप रखा गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1982-83 में पंडा समाज के सहयोग से विंध्य विकास परिषद का गठन हुआ था, जिसके पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी होते हैं। ऐसे में परिषद और पंडा समाज दोनों के चुनाव समय पर होना आवश्यक है, लेकिन कई वर्षों से चुनाव न होने से समाज में असंतोष और असमंजस की स्थिति बनी हुई है। शनि दत्त पाठक ने आरोप लगाया कि समाज लगातार प्रशासन से चुनाव कराने की मांग कर रहा है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन और टालमटोल ही मिल रही है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द चुनाव की तिथि घोषित नहीं की गई तो पंडा समाज आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इधर, 8 जुलाई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संभावित विंध्यधाम दौरे को देखते हुए पंडा समाज ने प्रशासन को स्पष्ट संदेश दिया है कि यदि चुनाव की घोषणा नहीं हुई तो कार्डधारक सदस्य मुख्यमंत्री से सीधे मिलकर पूरे प्रकरण से अवगत कराएंगे और निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग करेंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में गौतम द्विवेदी, शनि दत्त पाठक, सनी पांडेय हर्ष शुक्ला सहित पंडा समाज के कई प्रमुख सदस्य एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

विंध्य पंडा समाज के पदाधिकारियों ने मां विंध्यवासिनी धाम के गर्भगृह में रील और वीडियो बनाने पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहां कि इससे एक नकारात्मक प्रभाव पड़ता आया है तथा इससे काफी भक्तों की आस्था भी आहत होती है, सो इस पर रोक लगना नितांत आवश्यक हो चला है। अब सवाल यह उठता है कि क्या इस मांग पर रोक लगेगी या फिर ऐसे ही चलता यह परंपरा चलती रहेगी।

आकाशीय बिजली की चपेट में आकर पशुपालक की मौत

लालगंज(मीरजापुर) थाना क्षेत्र के रानीबारी गांव के सिवान में भैंस चराने गए 23 युवक वर्षीय संजय कुमार यादव की बज्रपात की चपेट में आने से रविवार को शाम मृत्यु हो गई। जानकारी मिलने पर परिजन रोने बिलखने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया। लालगंज थाना क्षेत्र के रानीबारी गांव निवासी युवक संजय यादव प्रतिदिन की तरह गांव के सिवान में भैंस चराने के लिए गए हुए थे। वहीं पर वर्षांत शुरू हो गई और गरज चमक के बीच बज्रपात हो गया। बज्रपात के चपेट में आने से संजय की मौके पर मृत्यु हो गई। देर शाम लगभग साढ़े सात बजे खाली भैंस अपने खूंटा पर वापस लौट कर आई, लेकिन संजय यादव भैंस के साथ नहीं थे। भैंस के साथ संजय नहीं आए तब परिजन युवक की खोजबीन करने लगे, स्वजन सीवान में खोजते हुए पहुंचे तो देखा कि संजय मृत अवस्था में पड़े थे। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे लालगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश पांडेय ने शव को कब्जे लेकर उच्चाधिकारियों को सूचना दी। उपजिलाधिकारी लालगंज अजीत कुमार की मौजूदगी में पंचनामा के बाद देर रात शव को पीएम के लिए मोर्चरी भेज दिया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूरी होने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

चढ़ावा घोटाले की न्यायिक जांच होः कम्युनिस्ट पार्टी

जौनपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। वक्ताओं ने कहा कि राम मंदिर अयोध्या के चढ़ावा घोटाले की न्यायिक जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कदम उठाये जाएं, आम गरीब जनता के हित में बेसिक स्कूलों का मर्जर बंद किया जाए एवं प्राइवेट बेसिक स्कूलों में लूट एवं अव्यवस्था के खिलाफ सख्त कदम उठाये जाएं। साथ ही बेसिक स्कूलों की शिक्षा प्रणाली पर विशेष ध्यान दिया जाय। लखनऊ में कोचिंग सेंटर में लगी आग से मृतक छाओं के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाय, घायल छार्चा की उचित देखभाल की जाए तथा प्रदेश के कोचिंग सेंटर की बराबर जांच पड़ताल किया जाय। मांग किया कि समय से किसानों को उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराये जाये। राज्य कार्य समिति सदस्य के कल्पनाथ गुप्त, जिला मंत्री सालिक राम पटेल, जयप्रकाश सिंह कामरेड, सुभाष चंद्र पटेल, राजनाथ यादव, सुभाष चंद्र गौतम, सत्यनारायण पटेल, राकेश चंद्र मौर्य, लालजी यादव, जगन्नाथ शास्त्री आदि उपस्थित रहे।

प्रीटर्म शिशुओं पर चिकित्सकों को दिया प्रशिक्षण

जौनपुर। मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से फेडरेशन ऑफ ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटीज ऑफ इंडिया के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक होटल में किया गया। कार्यक्रम में जिले के स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों, बाल रोग विशेषज्ञों तथा स्वास्थ्यकर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. भास्कर पाल तथा प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. जयदीप टैंक ने किया। आयोजन ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजिकल सोसायटी के सहयोग से संस्था की अध्यक्ष डॉ. अंजु कनौजिया एवं सचिव डॉ. शैली निगम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। षज्ञों ने कहा कि समय से पहले जन्म लेने वाले शिशुओं की समय पर पहचान, उचित रेफरल, वैज्ञानिक उपचार एवं निरंतर देखभाल से मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में प्रभावी कमी लाई जा सकती है। डॉ. विनोद सिंह, डॉ. सरोज यादव, डॉ. जयेश सिंह, डॉ. गुंजन पटेल, डॉ. प्रियंवदा सिंह, डॉ. मधु शारदा, डॉ. अंबर खान, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. शिखा शुक्ला, डॉ. पंखुरी श्रीवास्तव तथा डॉ. नेहा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

आभूषण की दुकान से चोरों ने लाखों के जेवरात पर हाथ किया साफ, पुलिस जांच में जुटी

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के ड्रमंडगंज हलिया मार्ग पर ऊंटी गांव स्थित गड़बड़ा पुल के पास रविवार की देर रात चोरों ने आभूषण की दुकान का शटर खोल आलमारी रखे सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। दुकानदार की सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। हलिया क्षेत्र के हलिया कस्बा निवासी सतीश कुमार अग्रहरि ने ऊंटी गांव के गड़बड़ा पुल के पास किराए के मकान में आभूषण की दुकान खोल रखी है। रविवार की रात मनबढ़ चोर दुकान का शटर खोल कर दुकान के भीतर रखी आलमारी को नैड़ी अदवा मार्ग (पवांरी कलां मार्ग) पर ले गए। जहां आलमारी का लाक तोड़कर उसके भीतर रखा सोने चांदी का आभूषण उठा ले गए। चोर सड़क किनारे झाड़ियों में आलामारी को फेंककर चले गए। सोमवार सुबह सड़क किनारे टूटी आलामारी व दुकान का शटर खुला देख मझिगवां गांव निवासी वीरू मौर्य ने दुकानदार को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे दुकानदार सतीश अग्रहरि ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पहुंचे एसआई पुनीत गुप्ता,मनोज कुमार राय,एस आई शिवाकांत पांडेय व रमेश यादव ने घटना की जांच पड़ताल कर दुकानदार से घटना की जानकारी ली। आभूषण व्यवसायी सतीश कुमार अग्रहरि ने बताया कि करीब चार लाख रुपए की कीमत के सोने चांदी का आभूषण चोरी हुआ है। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे प्रधान संघ अध्यक्ष शिव बाबू सेठ ने चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की। पीड़ित दुकानदार ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष पुनीत कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है।

पर्यावरण बचाने के लिए पौधरोपण जरूरीः राम निहोर

सोनभद्र। समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक वीर लोरिक पत्थर मारकुंडी पर की गई। साथ ही यहां वृक्षारोपण किया गया। बैठक के दौरान बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर समाजवादी पार्टी जनपद सोनभद्र में 1 से 7 जुलाई,2026 तक पीडीए पेड़ लगाने का महा अभियान चला रही है। जिसके तहत सोमवार को विधानसभा ओबरा के वीर लोरिक पत्थर के प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। सपा जिलाध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि इस समय जनपद सोनभद्र में पर्यावरण संकट से निपटने के लिए समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार पौधा रोपण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाकर उसकी देख भाल करें तो आने वाली पीढियां को स्वच्छ एवं सुरक्षित हवा मिल सकती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाजवादी युवजन सभा के जिला अध्यक्ष बबलू धागर ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ महंगाई बेरोजगारी शिक्षा किसानों को फसलों का उचित मूल्य आरक्षण से जुड़े मुद्दों तथा जल संचय जमीन के संरक्षण को लेकर जागरण अभियान भी चलाया जा रहा है। हम सभी समाजवादियों की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी की नीतियों को जनता पहुंचने का काम करें। बैठक की अध्यक्षता बबलू धांगर एवं संचालन अमृतलाल यादव ने किया। इस मौके पर जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी, डॉक्टर लोकपति सिंह पटेल, त्रिपुरारी गोंड़, इलियास, रमेश, लल्लू, राहुल, प्रमोद, शिव शंकर पासवान, अशोक जायसवाल, पप्पू, लक्ष्मण, कृष्णा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोटेदारों ने लाभांश बढ़ाने के लिए डीएम को सौंपा ज्ञापन

सोनभद्र। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर फेडरेशन, उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष विनोद कुमार के नेतृत्व में सोमवार को जिले के उचित दर विक्रेताओं (कोटेदारों) ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कोटेदारों के खाद्यान्न वितरण पर मिलने वाले लाभांश में वृद्धि तथा न्यूनतम आय (मिनिमम इनकम गारंटी) लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि उत्तर प्रदेश में कोटेदारों को मात्र 90 रुपये प्रति कुंतल का लाभांश मिलता है, जबकि हरियाणा, दिल्ली, गोवा और गुजरात जैसे राज्यों में इससे कहीं अधिक लाभांश या न्यूनतम आय की व्यवस्था है। कोटेदारों का कहना है कि वर्तमान लाभांश महंगाई के दौर में परिवार का भरण-पोषण करने के लिए पर्याप्त नहीं है, जिससे आर्थिक संकट लगातार बढ़ता जा रहा है। फेडरेशन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो प्रदेश के लगभग 80 हजार उचित दर विक्रेता अगस्त,2026 के खाद्यान्न वितरण का बहिष्कार करेंगे और वितरण संबंधी सभी कार्यों से विरत रहेंगे। इससे होने वाली किसी भी असुविधा की जिम्मेदारी विभाग और शासन की होगी। जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि मांगें पूरी नहीं होने पर 28 जुलाई,2026 को सुबह 10 बजे चारबाग स्थित रवीन्द्रालय के सामने से विधानसभा तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकालकर सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस दौरान कोन ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश कुमार, अजय विश्वकर्मा, अयोध्या प्रसाद, विनय कुमार कनौजिया, रणजीत कुमार, मनोज कुमार, सूर्यमणि भारती समेत बड़ी संख्या में उचित दर विक्रेता मौजूद रहे।

समाधान दिवस में 104 शिकायतें मिलीं, 10 का निस्तारण

फिरोजाबाद। शासन की प्राथमिकताओ के अनुरूप जन सामान्य की समस्याओं के त्वरित पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सोमवार को तहसील सिरसागंज के सभागार कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ,इस अवसर पर तहसील ब्लॉक एवं जिला स्तर के सभी विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। समाधान दिवस के दौरान सिरसागंज के सुदुर क्षेत्रों से आए नागरिको ने भूमि विवाद एवं अवैध कब्जो राजस्व अभिलेखों में त्रुटियां वन भूमि प्रोबेशन विभाग से सम्बन्धित विभिन्न समस्याओं व शिकायतों को जिलाधिकारी के सामने प्रस्तुत किया, जिलाधिकारी ने सभी फरियादीयो की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुना, उन्होने उपस्थित अधिकारियों को कडे. निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है,इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।समाधान दिवस में शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया,जबकि शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को ससमय निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया,जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जमीन से जुडे.मामलो मे राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करें और न्यायोचित कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जवाहर सिंह एवं समस्त निवासीगढ ग्राम मौलापुर ने शिकायत कि की गाटा सं0 1094, 1097, 1098 के मध्य स्थित चकरोड गाटा सं0 1095 पर विपक्षीगणों द्वारा अवैध कब्जा कर रास्ता अवरूद्ध कर लिया गया है व गंदगी फैलाई जा रही है,जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर पैमाइश करने,चकरोड को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराने तथा ग्राम पंचायत के माध्यम से मिटटी व पक्का रास्ता बनवाने के कडे.निर्देश दिए।इसी तरह कविता जो अम्बेडकर सिरसागंज की निवासनी है ने शिकायत कि की मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत उन्होने अपने दो बच्चों के आवेदन दिए थे,परंतु उप जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा उनके आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है, इन्होने जिलाधिकारी से प्रार्थना कि की सही जांच कराकर इस योजना का लाभ दिलाने की कृपा करें जिस पर जिलाधिकारी ने मामले की संवदेनशीलता को देखते हुए उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया किया कि आवेदनो की नियमानुसार पुनः गहनता से पात्रता जांच कराई जाए और पात्र होने पर तत्काल योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए।इसी तरह फूलमती देवी ग्राम कीठौत ने यह शिकायत की कि राजस्व ग्राम भदेसरा के गाटा सं0 888/3.238 है0 के राजस्व अभिलेखों में हुए गम्भीर अनियमिततओं व अवैध नाम हस्तांतरण की स्पष्ट जांच कराई जाए, इस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सिरसागंज को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण प्रकरण की विधिक प्रक्रियाओं की गहन जांच कर 7 कार्य दिवसों के भीतर आख्या प्रस्तुत करें तथा दोषियो के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।इसी तरह चंद्रपाल ग्राम मढैया नन्दराम ने शिकायत की कि वन विभाग की सुरक्षित भूमि पर गांव के ही दबंग व्यक्तियों द्वारा अवैध निर्माण कर मकान बनाया जा रहा है कृपया इसकी जांच कराई जाए, जिस पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार एवं वन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया की वन भूमि पर किए जा रहे अवैध निर्माण को तत्काल रूकवाते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जाए तथा स्थानीय पुलिस को दबंगों के खिलाफ सख्त कदम उठाने हेतु निर्देशित किया गया।इसी तरह प्रेमचंद्र निवासी जैमतपुर ने शिकायत की कि मृतक शिव दयाल सिंह का गढसान मौजा के सेक्रेटरी द्वारा अभी तक मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नही किया जा रहा है, इससे भूमि सम्बन्धी उसके कार्यां में व्यवधान आ रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी मदनपुर को तत्काल निर्देशित किया कि वह सेक्रेटरी से स्पष्टीकरण प्राप्त करें तथा विधिक साक्ष्यों के आधार पर आवेदक को अविलम्ब प्रमाण पत्र जारी करना सुनिश्चित करें।इस तरह जिलाधिकारी के समक्ष 104 शिकायतें आई, जिनमें 10 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की समस्याओं का त्वरित पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओ में से है। सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उददेश्य यही है कि समाज के अंतिम पायदान खडे व्यक्ति को भी अपनी न्याय संगत मांगों के लिए भटकना न पडे.और उनकी समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर भी हो सके। वन महोत्सव के अंतर्गत तहसील सिरसागंज के प्रांगण में जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वृक्षरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डा राम बदन राम, डीएफओ भानेन्द्र सिंह परियोजना निदेशक सुभाष चन्द्र त्रिपाठी पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

दो का मौके पर निस्तारण

मथुरा। यूपी पात्रता परीक्षा (टेट) के आयोजन के चलते इस बार जनपद मथुरा की छाता तहसील में तहसील संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार के बजाय सोमवार को किया गया। समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी (एसडीएम) वैभव गुप्ता ने की।इस दौरान विभिन्न विभागों से जुड़ी कुल 34 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 2 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से हल करने के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। गौरतलब हो कि टेट परीक्षा के कारण बदला गया था दिन आमतौर पर महीने के पहले और तीसरे शनिवार को तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। परंतु इस बार शनिवार को टेट परीक्षा होने के कारण प्रशासनिक व्यस्तताओं के चलते शासन के निर्देशानुसार इसे सोमवार को आयोजित किया गया। सोमवार सुबह से ही तहसील सभागार में फरियादियों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम वैभव गुप्ता ने एक-एक कर सभी फरियादियों की समस्याओं को सुना। तहसील दिवस में मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, विकास, बिजली और समाज कल्याण विभाग से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। इस दौरान तहसीलदार सचिन पवार ,पुलिस क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, नायब तहसीलदार रूबी यादव, नायब तहसीलदार अनमोल गर्ग, वीडियो चैमुंहा भूदेव प्रसाद लवानिया, वीडियो छाता विवेक, वीडियो नंदगांव मुकेश कुमार आपूर्ति निरीक्षक मोहन प्रकाश उपाध्याय, राजस्व निरीक्षक अमर सिंह, योगेंद्र, बेचैन सिंह, हीरा लाल, हरिश्चंद्र, आदि मौजूद रहे।

मथुराःस्कूल चलो अभियान फेज-2 का भव्य शुभारंभ

मथुरा। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) मथुरा परिसर में ह्यस्कूल चलो अभियान फेज-2ह्व कार्यक्रम का अत्यंत भव्य और गरिमापूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बलदेव विधानसभा के विधायक पूरन प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह उपस्थित रहे। प्रशासनिक नेतृत्व के तौर पर मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) डॉ. पूजा गुप्ता एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) श्रीमती रतन कीर्ति ने कार्यक्रम में शिरकत की। जिला पंचायत अध्यक्ष जी और विधायक जी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम का सबसे भावुक और प्रेरणादायक क्षण वह था जब मूक-बधिर (बोल और सुन न पाने वाले) बच्चों ने पूरी श्रद्धा के साथ साइन लैंग्वेज (सांकेतिक भाषा) में राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। इसके बाद तीन दिव्यांग बच्चों ने अपनी अद्वितीय कलाकारी से उपस्थित जनसमूह को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। वहीं एक अन्य दिव्यांग बच्चे ने, जिसके हाथ नहीं थे, उसने अपने पैरों से अत्यंत सुंदर लेखन करके दिखाया। बच्चों के इस अद्भुत दृढ़ संकल्प और हुनर से प्रसन्न होकर जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी और विधायक पूरन प्रकाश ने मंच से ही बच्चों को पुष्पमाला पहनाई और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने छात्र-छात्राओं को पाठन पुस्तकें वितरित कीं। साथ ही, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को मंच पर सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें नियमित विद्यालय आने और अपने भविष्य के निर्माण हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने आसपास के प्रत्येक बालक-बालिका का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि अभिभावक बच्चों की ड्रेस और जूते-मोजे का पैसा कहीं अन्यत्र व्यय न करें।बीएसए श्रीमती रतन कीर्ति ने कहा कि ष्मथुरा की है यही पुकार, शत-प्रतिशत नामांकन अबकी बारष् के संकल्प के साथ यदि कोई भी बच्चा स्कूल न जाता हुआ पाया जाता है, तो उसे विद्यालय भेजने हेतु अभिभावकों से लगातार अपील की जा रही है। कार्यक्रम के अगले चरण में विधायक, सीडीओ और बीएसए ने संयुक्त रूप से स्कूल चलो रैली की मशाल प्रज्वलित की और हरी झंडी दिखाकर विशाल जागरूकता रैली को रवाना किया।इस रैली की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि मुख्य अतिथि, सीडीओ, बीएसए सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और शिक्षकों ने पूरी रैली में एक साथ कदम से कदम मिलाकर पैदल मार्च किया और समाज को जागरूक किया। इस अवसर पर मथुरा जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) राकेश कुमार, गिरिराज सिंह, कैलाश प्रसाद शुक्ला, बुधसेन सिंह, दिनेश कुमार त्रिपाठी, कौशल कुमार, नरेंद्र कुमार, विनय प्रताप सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक, शिक्षिकाएं और बच्चे मौजूद रहे।

सील गेस्ट हाउस में कमरा दिलाने के दबाव का आरोप, पार्षद ने विप्रा अफसर के खिलाफ दी शिकायत

मथुरा। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण के एक अधिकारी पर सील किए गए गेस्ट हाउस में कमरा दिलाने के लिए दबाव बनाने का गंभीर आरोप लगा है। इस संबंध में नगर निगम मथुरा-वृंदावन के वार्ड-67 से भाजपा पार्षद राधाकृष्ण पाठक ने प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दी है।शिकायत के अनुसार वृंदावन के रुक्मिणी विहार सेक्टर-2 स्थित ह्यवृंदावन बालाजी सेवा सदनह्व गेस्ट हाउस को हाल ही में नियमों के उल्लंघन के चलते सील किया गया था।

आरोप है कि 28 जून की सुबह करीब 7 बजे एमवीडीए के सहायक अभियंता सुमित मौर्य अपनी सरकारी गाड़ी के साथ गेस्ट हाउस पहुंचे और वहां मौजूद प्रबंधक से कमरा खोलने को कहा। प्रबंधक द्वारा गेस्ट हाउस के सील होने की बात कहने पर आरोप है कि अधिकारी ने कथित रूप से 2000 रुपये देने की पेशकश करते हुए कमरा उपलब्ध कराने का दबाव बनाया। पार्षद ने इस पूरे घटनाक्रम के समर्थन में सीसीटीवी फुटेज भी अधिकारियों को सौंपे हैं।इस मामले में एमवीडीए के सचिव आशीष कुमार सिंह ने शिकायत प्राप्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है उसके बाद कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं आरोपित सहायक अभियंता सुमित मौर्य ने गेस्ट हाउस पर जाने की बात स्वीकार की, लेकिन इसे सामान्य जांच-पड़ताल बताया है।इधर, गेस्ट हाउस की सील हटाए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। प्राधिकरण सचिव का कहना है कि संबंधित पक्ष द्वारा संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के बाद नियमानुसार सील खोली गई है। मामले को लेकर क्षेत्र में चचाओं का दौर जारी है और अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि प्राधिकरण जांच में क्या निष्कर्ष निकालता है और दोषी पाए जाने पर क्या कार्रवाई की जाती है।

राजकीय वाहन चालक महासंघ की नयी कार्यकारिणी का गठन

फिरोजाबाद। राजकीय वाहन चालक महासंघ फिरोजाबाद की बैठक का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता अब्दुल सईद ने की। बैठक में महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह के 30 जून 2026 को विभाग से सेवानिवृत्त होने के उपरांत नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के गठन हेतु चुनाव संपन्न कराया गया।

चुनाव के बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें कृषि विभाग के संतोष कुमार दुबे को अध्यक्ष राजस्व विभाग के हरिओम यादव को उपाध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग के सुनील कुमार को मंत्री,विकास विभाग के सुखवीर सिंह को उपमंत्री तथा स्वास्थ्य विभाग के सुनील कुमार नागर को संगठन मंत्री चुना गया। इसके अलावा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के प्रमोद पचौरी एवं लोक निर्माण विभाग के अरविन्द सिंह को प्रचार मंत्री कृषि विभाग के दिनेश यादव को हकदार तथा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के दिनेश कुमार को ऑडिटर मनोनीत किया गया।बैठक में महासंघ के सभी कर्मचारियों एवं वाहन चालकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर अब्दुल सईद, सुखवीर सिंह राजु शर्मा संतोष कुमार दुबे सुनील कुमार यादव,बृज मोहन सुनील कुमार नागर दिनेश कुमार अरविन्द सिंह, दरब सिंह, क्षेत्रपाल सहित अन्य चालक उपस्थित रहे।

बेकाबू ट्रेलर ने सड़क किनारे सो रहे छह लोगों को रौंदा, बालक की मौत

आगरा। कस्बे के बाह बाईपास पर रविवार रात करीब 11:30 बजे अनियंत्रित ट्रेलर सड़क किनारे सो रहे घुमंतू समाज के छह लोगों को रौंदते हुए विद्युत पोल से टकरा गया। हादसे में 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। दो बच्चों की हालत बनी हुई है। घायलों को आगरा रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, रविवार रात करीब 11:30 बजे बाह बाईपास पर घुमंतू समाज के लोग सड़क किनारे एक दुकान के सामने अपनी बाइक से जुड़ी ट्रॉली में सो रहे थे। इसी दौरान आगरा की ओर से बाह की तरफ जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर उन्हें रौंदते हुए सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकराने के बाद रेत के ढेर में जा घुसा। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने तत्काल घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर उन्हें आगरा रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शहनूर (11) की मौत हो गई, जबकि शहनूर की मां फन्ना और भाई भूरा (13) और शाहरुख, जायरा (5) पुत्री शाहरुख निवासी बाबरपुर अजीतमल, इटावा समेत पांच लोग घायल हैं। प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि हादसे में छह लोग घायल हो गए थे। सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां शहनूर की मौत हो गई। ट्रेलर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

भाजपाइयों ने मनायी डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती

टूंडला। नगर भाजपा कार्यालय पर जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती मनाई गई जिसमें सभी भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस दौरान एक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें भाजपा पदाधिकारियों द्वारा विचार व्यक्त किए इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष आजाद जैन ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सबसे प्रसिद्ध नारा था कि एक देश में दो विधान,दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे,यह नारा उन्होंने जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनने तथा वहां के लिए अलग संविधान अलग झंडा और अलग प्रधानमंत्री के प्रावधान का विरोध करने के लिए दिया था।भाजपा की उत्पत्ति भारतीय जनसंघ से हुई जिसकी स्थापना श्रद्धेय डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने की थी उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कलकत्ता पश्चिम बंगाल में हुआ था। इस दौरान नि,जिला महामंत्री दीपक चौधरी एससी मोर्चा बृजक्षेत्र सहप्रभारी रामतीर्थ सिंह चक,जिला मंत्री संजय चक,विकास शर्मा,राजन सिंह निषाद,सुनील पाठक,आशुतोष गर्ग,उमेश गुप्ता,महेंद्र झा,हरीश चंदानी,सुनील चौहान,विवेक शर्मा,प्रीतपाल सिंह,प्रशांत चक,कौशल तिवारी हनी जादौन आशु चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, टॉवर पर चढ़ गई महिला

अछनेरा। थाना किरावली क्षेत्र के कस्बा मिढ़ाकुर में रविवार सुबह पुलिस की कार्यशैली से नाराज एक महिला मोबाइल टावर पर चढ़ गई। करीब दो घंटे तक चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस महिला को बमुश्किल नीचे उतारा। फतेहपुर सीकरी की रहने वाली है। लंबे समय से किराये पर किरावली कस्बा में रह रही है। महिला का आरोप है कि कुछ समय पहले किरावली तहसील के सामने उसके पति सूरज सिंह के साथ मारपीट हुई थी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं की, जिससे आरोपी बेखौफ बने हुए हैं। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि इसी दौरान जीआरपी आगरा कैंट ने उसके पति को जीआरपी पुलिस अभद्रता के मामले में गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मारपीट के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इधर, महिला के टावर पर चढ़ने की सूचना पर थाना किरावली पुलिस व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे तक महिला को समझाने का प्रयास करते रहे। अंततः उसकी शिकायत पर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाए जाने के बाद महिला सुरक्षित नीचे उतर आई।

यमुना पूजन कर समाज सेवा का लिया संकल्प

मथुरा। श्रीमाथुर चतुर्वेद परिषद के सभी नवीन पदाधिकारियों ने मुख्य संरक्षक श्री महेश पाठक जी की उपस्थिति में यमुना पूजन कर संकल्प लिया कि हम समाज सेवा पूर्ण मेहनत ईमानदारी और लगन से करेंगे। सांयकाल 4 बजे विधि विधान के साथ नवनिर्वाचित पदाधिकारी अध्यक्ष राजन पाठक उपाध्यक्ष योगेन्द्र चतुर्वेदी कमल चतुर्वेदी महामंत्री संजय चतुर्वेदी एल्पाइन कोषाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी मंत्री संजय चतुर्वेदी हरदेव चतुर्वेदी श्याम मोनू और अनिल चतुर्वेदी पमपम व निरीक्षक आशीष चतुर्वेदी में संयुक्त रूप से यमुना पूजन किया यमुना पूजन के बाद संकल्प लिया कर रहे 3 वर्ष तक समाज सेवा ईमानदारी से करेंगे इसके साथ ही उपस्थित विभिन्न संगठनों द्वारा अध्यक्ष राजन पाठक का स्वागत किया गया और स्वागत में चांदी का मुकुट पहनाया गया।

ग्राम पंचायत किठौत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चौपाल आयोजित

जिला संवाददाता

फिरोजाबाद। शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की उपस्थिति में सिरसागंज के ग्राम पंचायत किठौत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत एक भव्य ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया,जिसमें मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी उप जिलाधिकारी सिरसागंज के साथ समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद करते हुए पूछा क्या उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल रहा है, उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण मुख्यमंत्री आवास योजना आयुष्मान भारत,किसान सम्मान निधि विधवा वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन, उज्ज्वला योजना,राशन वितरण तथा अन्य योजनाओं के संबंध में लाभार्थियों से जानकारी प्राप्त की, जिन मामलों में पात्र व्यक्तियों को लाभ अभी तक नहीं प्राप्त हुआ है, उन्हें तत्काल चिन्हित कर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि सरकार की प्रत्येक योजना का उद्देश्य अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है, सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र व्यक्ति केवल जानकारी के अभाव या प्रक्रियागत कारणों से लाभ से वंचित न रहे, जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासन जनता के प्रति जवाबदेय है,सरकार आपके द्वार योजना के तहत हम सब लगातार आपके बीच आ रहे हैं, आपकी समस्याओं को सुन रहे हैं और उनका मौके पर निस्तारण भी सुनिश्चित कर रहे हैं, अगर निचले स्तर का प्रशासन,सचिव,लेखपाल,आशा आदि अपने कार्यों में लापरवाही बरतेंगे तो उन्हें कड़ी सजा दी जाएगी।जिलाधिकारी ने इस दौरान गांव के छोटे बच्चों से बेहद आत्मीयता से वार्ता की और उन्हें स्कूल और शिक्षा के महत्व के विषय में प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सब स्कूल अवश्य जाएं, क्योंकि शिक्षा ही आपकी उन्नति का मार्ग तय करेगी, ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं और बच्चों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए जिलाधिकारी ने गांव में निर्मित डिजिटल पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया, जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त ग्रामीण युवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह डिजिटल लाइब्रेरी आप सभी के सुनहरे भविष्य की नींव है, मेरा आप सभी से विशेष रूप से अनुरोध है कि कृपया करके इस पुस्तकालय का अधिक से अधिक लाभ उठाएं, ज्ञान अर्जित करें और अपने जीवन में निरंतर आगे बढ़े।

मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य ने कहा कि आज के इस डिजिटल युग में ज्ञान ही सबसे बड़ा माध्यम है, ग्रामीण युवाओं को इस डिजिटल लाइब्रेरी एक ही छत के नीचे समस्त अध्ययन सामग्री प्राप्त हो जाएगी। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का जिलाधिकारी ने अवलोकन किया गया, साथ ही चौपाल में आए विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने यहां संचालित योजनाओं की जानकारी विस्तार से ग्रामीणों को दी गई तथा पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी कराया गया।

इस अवसर पर वन महोत्सव के अंतर्गत जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत दो लाभार्थियों चरन देवी और सुनीता कुमारी को चाबी भी सौंपी गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहनलाल गुप्ता, परियोजना निदेशक सुभाष चंद्र त्रिपाठी आदि जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

वृंदावन में टेंपो और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत, 8 यात्री घायले,भर्ती

मथुरा। वृंदावन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मथुरा-वृंदावन मार्ग पर सौफुटा पुल के समीप सोमवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक सवारी टेंपो और ट्रैक्टर के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में टेंपो सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से नजदीकी जिला संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों की स्थिति नियंत्रण में है और वे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।हादसे के बाद मार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था। पुलिस दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर किनारे किया और यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से बहाल कराया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने मानसी गंगा फूड्स और विवेक फूड प्रोडक्ट पर छापेमारी, भारी मात्रा में खाद्य सामग्री नष्ट

मथुरा। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (लखनऊ) और जिलाधिकारी, मथुरा के दिशा-निर्देशों के क्रम में, आज खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने शहर में छापेमारी की। मुख्य खाद्य

> ● खाद्य सुरक्षा विभाग टीम ने सात नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला जांच को भेजे

सुरक्षा अधिकारी के० के० त्रिपाठी के नेतृत्व में खाद्य सचलदल ने गोविन्द नगर और गौर केन्द्र स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया।

टीम को मानसी गंगा फूड्स (गोविन्द नगर) के निरीक्षण के दौरान यहाँ टोमेटो सॉस, सोया सॉस और मेयोनीज का निर्माण होते हुए पाया गया। विभाग ने यहाँ से टोमेटो सॉस, सोया सॉस, मेयोनीज और कलर के नमूने जांच के लिए लिए हैं।इसके साथ ही, अस्वच्छ परिस्थितियों में भंडारित 400 किलोग्राम टोमेटो सॉस को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया, जबकि 200 किलोग्राम टोमेटो सॉस और 80 किलोग्राम सोया सॉस को जब्त किया गया है।विवेक फूड प्रोडक्ट (गौर केन्द्र) के यहाँ निरीक्षण के दौरान टोमेटो सॉस और सोया सॉस के नमूने एकत्रित किए गए। अस्वच्छ परिस्थितियों में रखे 500 किलोग्राम टोमेटो सॉस को नष्ट किया गया तथा 108 किलोग्राम टोमेटो कैचअप और 154 लीटर सोया सॉस को जब्त कर लिया गया। शिवाय ढाबा (मथुरा-बरेली हाईवे, राया) पर मोहर सिंह कुशवाह की शिकायत पर शिवाय ढाबा में भी जांच की गई, जहाँ से रिफाइंड सोयाबीन ऑयल का नमूना लिया गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कुल 07 नमूने एकत्रित किए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस छापेमारी दल में राम नरेश, जितेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह और नेहा शामिल रहे।

प्रशासन की इस कार्रवाई से खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले और अस्वच्छ तरीके से निर्माण करने वाले प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया है।

ज्ञान भारती संस्था ने कोटकी में किया काव्य गोष्ठी का आयोजन

टूंडला। ज्ञान भारती संस्था टूंडला के तत्वावधान में सोमवार को मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन ग्राम कोटकी में वरिष्ठ कवि प्रणव कुमार कुलश्रेष्ठ के निवास गुरुनिकेतन कोटकी पर किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। सरस्वती वंदना रवि सक्सेना द्वारा गाई गई।कार्यक्रम के अध्यक्ष दिनेश माधव मुख्य अतिथि लोकेंद्र नाथ जिज्ञासु कार्यक्रम संयोजक साकेत कुलश्रेष्ठ, व्यवस्था प्रमुख प्रभात व चेष्टा कुलश्रेष्ठ रहे। संचालन कवि दिलीप गौड़ ने किया।

इस अवसर पर हिन्दी साहित्य को समृद्ध करते हुए रचित उनकी उत्कृष्ट रचनाओं व संस्था के प्रचार प्रसार और साहित्यिक कार्यक्रमों के आयोजनों में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें संस्था अध्यक्ष डॉ. चेतन बिहारी सक्सेना ने शाल माला, पटुका और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कवि प्रणव जी का जन्मदिन मनाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने उनका माला व पटुका पहनाकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि लोकेंद्र नाथ जिज्ञासु ने कहा कि संस्था प्रति माह मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन करती है। इस बार कवि प्रणव जी के निवास पर यह गोष्ठी आयोजित की गई है। हिन्दी साहित्य के मंच पर इन्होंने दूरदराज के क्षेत्रों में भी जाकर लोगों तक हिंदी साहित्य को पहुंचाया है। इनकी हास्य कविताएं लोगों को गुदगुदाती हैं लेकिन व्यंग्य के साथ लोगों को नैतिकता का पाठ भी सिखाती हैं। इस अवसर पर कवि चेतन बिहारी सक्सेना,कवि सुलभ,कवि दिनेश माधव सुरेंद्र झा दिलीप गौड़ रवि सक्सेना है।

यमुना स्नान के दौरान डूबा बिहार का युवक, मौत

मथुरा। बिहार से परिजनों के साथ वृन्दावन दर्शन करने आए श्रद्धालुओं के साथ सोमवार को कोतवाली वृंदावन क्षेत्र के चीरघाट पर एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ यमुना नदी में स्नान के दौरान तीन युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। घाट पर मौजूद परिजनों की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय नाविकों ने बिना वक्त गँवाए नदी में छलांग लगा दी। नाविकों ने तत्परता दिखाते हुए दो युवकों को तो सकुशल पानी से बाहर निकाल लिया। लेकिन गहरे पानी में समाया तीसरा युवक (25 वर्ष) आँखों से ओझल हो गया।

काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन में स्थानीय नाविक हरेन्द्र, गोपाल, जितेंद्र, सुरेश, दुर्गाप्रसाद और भूरा शामिल रहे। वहीं स्थानीय नाविक हरेंद्र ने बताया कि हम लोग घाट पर से थोड़ी दूरी पर थे कि अचानक परिजनों के रोने-चिल्लाने की आवाज आई। देखा तो तीन लड़के बीच धारा में डूब रहे थे। हम सबने तुरंत पानी में छलांग लगा दी।

दो लड़कों को तो हमने समय रहते पकड़ लिया और सुरक्षित बाहर खींच लाए। लेकिन तीसरा लड़का गहरे पानी में नीचे बैठ चुका था। जब तक उसे ढूँढकर बाहर निकाला और अस्पताल पहुँचाया, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया।

लोकतंत्र के लिए जरूरी है असहमति का हक

शाहिदए चौधरी

सोशलिस्ट डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) के महासचिव सईद अहमद अब्दुल वाहिद चौधरी भारत सरकार के कुछ निर्णयों का शांतिपूर्ण विरोध करते हुए मोर्चों व धरनों का आयोजन कर रहे थे। यह बात महाराष्ट्र की राज्य सरकार को पसंद नहीं आयी और 3 दिसम्बर 2025 व 27 मार्च 2026 को डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस (जोन 6) व डिविजनल कमिश्नर, कोंकण डिविजन ने उनके खिलाफ मुंबई शहर व उसके आसपास के क्षेत्रों से एक वर्ष के लिए शहर बदर (निष्कासन) के आदेश दिये यानी वह इतनी अवधि तक संबंधित क्षेत्रों में प्रवेश नहीं कर सकते थे, उनसे दूर ही रहना था। सईद अहमद ने इन आदेशों को अदालत में चुनौती दी, जिस पर 3 जुलाई 2026 को बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश माधव जामदार ने ऐसा ऐतिहासिक निर्णय सुनाया, जो न केवल लोकतंत्र में नागरिकों की आस्था को मजबूत करता है बल्कि चिंताजनक वर्तमान राजनीति को भी आईना दिखाता है।

न्यायाधीश जामदार ने सईद अहमद के खिलाफ जारी किये गये दोनों आदेशों को निरस्त करते हुए कहा कि सरकारों के खिलाफ शांतिपूर्ण मोर्चा या धरना देना महाराष्ट्र पुलिस एक्ट के तहत निष्कासन का आधार नहीं हो सकते। अदालत ने कहा कि आदेश दुर्भावना से प्रेरित थे और याचिकाकर्ता के जो अधिकार संविधान के अनुच्छेद 19 व 21 के तहत हैं, उन्हें प्रभावित करते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि नागरिकों के पास अपनी राय को आजादी के साथ व्यक्त करने और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने का अधिकार है। बहरहाल, अदालत के फैसले में कुछ अति महत्वपूर्ण बातें हैं, भारत में लोकतांत्रिक अधिकारों से संबंधित, जिन्हें प्रत्येक नागरिक को अच्छी तरह से समझ लेना चाहिए। पहले संक्षेप में इन बातों को दोहराना आवश्यक है। सबसे पहली बात तो यह है कि नागरिकों को असहमति का अधिकार है। सरकार के विरुद्ध नारे लगाना व शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करना अपराध नहीं हैं। अदालत ने कहा है कि सरकार की नीतियों का विरोध करना आपराधिक मामला नहीं है। दूसरा यह कि नागरिक सरकार के गुलाम नहीं हैं। अदालत ने घोषणा की है कि नागरिक 'सरकार के गुलाम' नहीं हैं। सरकार वैध लोकतांत्रिक असहमति को कुचल नहीं सकती या राजनीतिक विरोध को शांत करने के लिए असाधारण रोकथाम के उपाय लागू नहीं कर सकती, जैसे निष्कासन। तीसरा यह कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 व 21 के तहत जो अधिकार हैं, उनका उल्लेख करते हुए अदालत ने कहा कि नागरिक कि अभिव्यक्ति की आजादी और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने के अधिकार को इस आधार पर छीना नहीं जा सकता कि राज्य की नीतियों से कोई शांतिपूर्ण तरीके से असहमत है। अदालत ने कानून लागू करने वाली एजेंसीज, जैसे पुलिस को याद दिलाया कि उनकी संवैधानिक जिम्मेदारी कानून को बरकरार रखने व जनसेवा की है, न कि राजनीतिक आकाओं के नौकरों की तरह हरकत करने की। सुनवायी के दौरान अदालत ने राज्य की राजनीतिक स्थिति पर मौखिक टिप्पणी करते हुए सांसदों व विधायकों द्वारा दल-बदल का भी जिक्र किया और 'हॉर्स ट्रेडिंग' व 'वाशिंग मशीन' जैसे शब्दों का प्रयोग किया।

> बिना असहमति के अधिकार के लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती और असहमति का अधिकार पांच-साल पर मिलने वाली रियायत नहीं है, जो केवल मतदान के दिन उपलब्ध होती है। नागरिक सरकार से किसी भी मुद्दे पर, किसी भी समय असहमत हो सकते हैं।

सामयिक

न्यायाधीश ने कहा कि एक सियासी नेता अपने खिलाफ आपराधिक मामलों को बंद करा सकता है, जिसके लिए उसे सिर्फ. 'वाशिंग मशीन' यानी सत्तारूढ़ को ज्वाइन करना है। अदालत ने इस बात का भी संज्ञान लिया कि राज्य की विधानसभा प्रीसाइडिंग ऑफिसर के चुनाव और उसके दल-बदल पर चर्चा कर रही है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि असहमति व शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन लोकतंत्र के स्तंभ हैं। बिना असहमति के अधिकार के लोकतंत्र की कल्पना भी नहीं की जा सकती और असहमति का अधिकार पांच-साल पर मिलने वाली रियायत नहीं है, जो केवल मतदान के दिन उपलब्ध होती है। नागरिक सरकार से किसी भी मुद्दे पर, किसी भी समय असहमत हो सकते हैं। लेकिन किस तरह? डिनर टेबल पर लफ्फाजी करके नहीं। यही वजह है कि सार्वजनिक तौरपर आजादी के साथ शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने के अधिकार का सम्मान सभी वास्तविक लोकतंत्रों में किया जाता है। यह, दरअसल, प्रेशर वाल्व है जो हिंसक विद्रोह को रोकता है। इसकी गारंटी हमारे संविधान के अनुच्छेद 19 में है, बोलने व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के माध्यम से, भले ही यह कुछ अधूरी प्रतीत हो। लेकिन लगभग सभी राज्यों में यह देखने को मिल रहा है कि पुलिस इस अधिकार को दबाने के प्रयास में रहती है।

यही मुख्य वजह है कि बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश माधव जामदार की टिपण्णी, एक नागरिक के विरुद्ध निष्कासन के आदेशों को निरस्त करते हुए, महत्वपूर्ण है और उचित समय पर आयी है। न्यायाधीश ने महाराष्ट्र पुलिस को याद दिलाया कि 'सिर्फ.सरकार के निर्णय का विरोध करना' सजा का आधार नहीं हो सकता, क्योंकि अगर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अपराधीकरण कर दिया जायेगा तो सवाल उठेगा कि 'क्या सभी नागरिकों को गुलाम बनाया जा रहा है?' गौरतलब है कि भारत स्वतंत्र राष्ट्र केवल इसलिए बन सका क्योंकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में वह निरंतरता से अहिंसा आधारित विरोध प्रदर्शन करता रहा। अमेरिका, जिसने 4 जुलाई 2026 को अपनी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ मनायी, के विपरीत हमने ब्रिटिश के खिलाफ जंग नहीं लड़ी। अतः हमारे जनजीवन में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को अधिक सम्मान मिलना चाहिए। अगर इस समय यह सम्मान नहीं मिल रहा है, तो हमें सवाल करना चाहिए कि क्यों?

क्या मतदाताओं और चुने हुए प्रतिनिधियों के बीच समझौता टूट गया है? क्या जवाबदेही को एक किनारे कर दिया गया है या हाशिये पर डाल दिया गया है? असहमति व्यक्त करने वालों का पुलिसिया दमन निश्चितरूप से निंदनीय व परेशान करने वाला है, लेकिन चिंता का असल कारण यह है कि कोई भी राजनीतिक दल न तो इसमें सुधार लाने का इच्छुक है और न ही प्रयास कर रहा है। राज्य सरकारें पुलिस का इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत सुरक्षा गाड्र्स की तरह करती हैं और अपनी मनमर्जी का काम कराती हैं। ध्यान रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने 2006 में पुलिस सुधार संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये थे, लेकिन पूरी तरह से उन्हें किसी भी राज्य ने लागू नहीं किया है, जबकि इस बीच 17 राज्यों ने नये पुलिस कानून गठित किये हैं या अपने कानूनों में संशोधन किया है। किसी राज्य ने भी पुलिस अधिकारियों के कार्यकाल को फिक्स नहीं किया है, स्वतंत्र शिकायत प्राधिकरण गठित नहीं किया है, आदि। जैसा कि सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देश हैं। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि सभी सियासी दलों को लगता है कि नागरिकों के अधिकारों को कुचलना उचित है। एक राष्ट्र के रूप में हम शुक्रगुजार हैं कि हमारे यहां धरना, मोर्चा व अन्य शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शनों की परम्परा है। हार्वर्ड कैनेडी स्कूल की प्रोफेसर एरिका चेनोवेथ के शोध से मालूम होता है कि हिंसक संघर्षों की तुलना में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन दोगुना अधिक प्रभावी होते हैं। इतिहास बताता है कि जिस शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन को समर्थन जनसंख्या के 3.5 प्रतिशत से मिला वह कभी असफल नहीं हुआ। जाहिर है शांतिपूर्ण प्रदर्शन सभ्य समाज का महत्वपूर्ण औजार है, जिसका अधिक से अधिक इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

पीओके में नरसंहार

भारत में मानवाधिकार, अल्पसंख्यकों की धार्मिक आजादी और कश्मीर के मुद्दे पर पूरी दुनिया में घड़ियाली आंशू बहाने वाला पाकिस्तान किस तरह पीओके के बेगुनाह नागरिकों पर जुल्म कर रहा है इसे पूरी दुनिया देख रही है। पीओके के नागरिक बिजली, पानी और सस्ता आटा मांग रहे हैं और बदले में पाकिस्तान की जल्लाद सेना उन पर गोलियां बरसा रही है। बीते एक महीने के दौरान पाकिस्तानी सेना ने दर्जनों नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया है। गत माह से रावलकोट की सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे नागरिकों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बल व रेंजर्स बार-बार फायरिंग कर रहे हैं। स्वचालित हथियारों से अनेक बार फायरिंग की है और आंसू गैस के गोले छोड़े हैं। इन घटनाओं में आधिकारिक तौर पर 11 पुरुषों की मौत होना बताया गया है, लेकिन इंटेलिजेंस डोसियर में जो विस्तृत जानकारी दी गई है, उसके अनुसार बारमंग पूल की शूटिंग के बाद 5 व 9 जून 2026 के बीच पाकिस्तानी बलों की सुनियोजित हिंसा में 19 बच्चे व 7 गर्भवती महिलाएं भी मारी गई हैं। निहत्थे नागरिकों पर लगातार फायरिंग जारी रहने की भी खबरें हैं। पाकिस्तान ने पीओके में 14,000 सैनिक तैनात किये हुए हैं और कम्युनिकेशन पर पूर्ण ब्लैकआउट है। 'डॉन' अखबार के मुताबिक 'कानून व्यवस्था' बनाये रखने के लिए अभी तक 200 से अधिक व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है। उधर इंग्लैंड में ब्रेडफोर्ड स्थित पाकिस्तानी कांसुलेट के समक्ष कश्मीरियों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पीओके में मय्यत पर विलाप कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी बलों ने अंधाधुंध गोलियां बरसायीं और पीओके के अन्य क्षेत्रों में भी नागरिकों के खिलाफ अत्यधिक बल का प्रयोग किया जा रहा है। गौरतलब है कि इससे पहले 30 ब्रिटिश सांसदों ने पीओके में भयंकर मानवाधिकार उल्लंघन का संज्ञान लेते हुए कूटनीतिक हस्तक्षेप की मांग की थी। ब्रिटेन के इस संसदीय दल ने पीओके में संचार व्यवस्था बंद किये जाने, गिरफ्तारियों, बढ़ती हिंसा व तनाव पर चिंता व्यक्त की थी। कश्मीर पर सर्वदलीय संसदीय ग्रुप के प्रमुख इमरान हुसैन (सांसद ब्रेडफोर्ड ईस्ट) ने इंग्लैंड के विदेश मंत्रालय को लिखे अपने पत्र में लिखा कि पीओके में लॉकडाउन लगा दिया गया है और कम्युनिकेशन ब्लैकआउट भी है। पत्र में इंग्लैंड की सरकार से आग्रह किया गया है कि वह 'अपनी तरफ से पहल करते हुए कूटनीतिक चैनलों का इस्तेमाल करते हुए स्थिति के शांतिपूर्ण समाधान के लिए प्रयास करे'। हालांकि इस समय जो पीओके में चिंताजनक स्थितियां हैं, उनका ट्रिगर तो 5 जून 2026 की रात को बारमंग पुल की घटना है, लेकिन हालात वर्षों से सुलग रहे थे, बस एक चिंगारी की प्रतीक्षा थी। 5 जून की रात अर्द्धसैनिक बलों ने बारमंग पुल के निकट एक वाहन को रोका, जिसमें स्थानीय मानवाधिकार एक्टिविस्ट सरदार उमर नजीर कश्मीरी और जॉइंट आवामी एक्शन कमेटी के एग्जीक्यूटिव सदस्य शाहजेब हबीब सफर कर रहे थे। अर्द्धसैनिक बलों ने इस वाहन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। एक गोली कश्मीरी के कान पर लगी और वह किसी तरह से वहां से भागने में सफल रहे, उनकी जान बच गई, लेकिन शाहजेब की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इस कोल्ड-ब्लडेड हत्या ने आग में घी का काम किया और जो नागरिक दशकों से आर्थिक शोषण को बर्दाश्त करते आ रहे थे, वह भड़क उठे। हजारों दुखी नागरिक व जेएएसी के सदस्य शाहजेब की मय्यत में हिस्सा लेने के लिए रावलकोट में कंबाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल के समक्ष एकत्र हो गये। अस्पताल के मैदान में विलाप कर रहे लोगों पर सुरक्षा बलों ने गोलियों व आंसू गैस के गोलों से हमला करना शुरू कर दिया। दर्जनों लोगों को मार डाला। जो सेना लोगों को अपना गम भी जाहिर न करने दे उसके बारे में क्या कजा जा सकता है। दरअसल पाकिस्तान की सेना पीओके में नरसंहार कर रही है। भारत को पाकिस्तान के इस दमन का विरोध करना चाहिए। पीओके नागरिक दरअसल भारत में शामिल होना चाहते हैं और इसके लिए भारत सरकार से मदद भी चाहते हैं। दरअसल वे जम्मू-कश्मीर के विकास से भी बहुत प्रभावित है।

> पाकिस्तान की सेना पीओके में बेगुनाह नागरिकों को मार रही है, नागरिकों को वाजिब हक और बुनियादी जरूरतों से पूरी तरह वंचित कर रही है।

विचार

जिसकी हम अभिलाषा करते हैं और जिसकी सिद्धि के लिए संपूर्ण अंत:करण से प्रयास करते हैं, तो उसकी प्राप्ति हमे अवश्य होती है।
-स्वेट मॉर्डन.

अज्ञानता मन की रात के समान है। ऐसी रात जिसमें न तो चांद होते हैं और न ही तारे।
-कन्फ्यूशियस.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।
-कालिदास.

जो खुशमिस्मत हैं, संतोष रखते हैं। अगर तू भी खुश किस्मत होना चाहता है तो संतोष के नूर से अपनी जान रोशन कर।
-शेख सादी.

मस्तिष्क के लिए अध्ययन की उतनी ही आवश्यकता है जितना की शरीर को व्यायाम की आवश्यकता है।
-एडीसन.

सोशल मीडिया

केंद्रीय कैबिनेट ने 7145 करोड़ से अधिक लागत के कानपुर से कबराई तक 117 मिलोमीटर लंबे 4/6 लेन एक्सेस नियंत्रित ग्रीनफील्ड राज मार्ग निर्माण को स्वीकृति प्रदान की है। सीएम योगी.

जिन कोचिंग संस्थानों ने पेपर लीक, शिक्षकों और शिक्षार्थियों की समस्याओं व अन्य मुद्दों पर आवाज उठायी है, उन पर लगे मुकदमे वापस लिया जायें। अखिलेश यादव

सपा बहादुर अखिलेश यादव को मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखने की लत लग गयी है, यूपी की जनता 2027 में तीसरी बार कम खिलाकर भाजपा की सरकार बनायेगी। केशव प्र. मौर्य.

आत्मावलोकन का महत्व

अंतर्दृष्टि

कोई भी मनुष्य पूर्ण नहीं होता है। हरेक कुछ खूबियां होती हैं और खामियां। व्यक्ति को अपनी खूबियों को निखारना चाहिए ताकि समाज में उसको वाजिब स्थान मिल सके। इसके लिए आत्मनिरीक्षण भी करते रहना चाहिए। आत्म निरीक्षण या आत्म अवलोकन मनुष्य को हमेशा सही रास्ते पर चलने और व्यक्तित्व के परिष्कार की प्रेरणा देता है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्लयुद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है।

लूटने का कार्यक्रम...

व्यंग्यलोक

आइये रामगढ़ किंग खबर जी! वेलकम बैक टू कहकहा-ए-गब्बर! कार्यक्रम में आपका स्वागत है। एक जोरदार चीत्कार उड़ी है। न्यूज चैनल 'कल सबको खा जाऊंगा' (केएसकेजे) ने रामगढ़ जंगल के ग्राउंड जीरो पर अपनी पंचायत जोड़ रखी है। खादी कुर्ता-पाजामा धारण किए। गब्बर का प्रवेश होता है। पहाड़ियों में सांय-सांय की आवाज। बिल्ली, चमगादड़, कुत्तों के रोने की मिक्सिंग! गब्बर हर दिशा में हाथ जोड़ता, चट्टान पर बैठता है। एंकरनी को बहुत गर्मी लग रही है, उसने अत्यंत न्यून कपड़े धारण किए हैं। एंकर न्यूज कुमार को बहुत ठंड लग रही है। उसने थ्री पीस कोट, सूट, टाई, बेल्ट, मौजे, जूतेआदि यंत्रों से अपने शरीर को पूरा ढका हुआ है। पहाड़ी पर रिमझिम बरसात हो रही है। गब्बर सहित सभी डाकू-गण अबके बरस सावन में... टाइप का गीत गा रहे हैं। गब्बर से वार्ता के लिए एंकरनी ने चीत्कारा- तो गब्बर जी, आपको कैसा लग रहा है? आप पिछले 80 वर्षों से डाकू की प्रख्यात पदवी पर बैठे हैं। चीत्कार से गब्बर घबराया। कहने लगा- प्लीज! धीरे बोलिए मुझे डर लग रहा है। कहां मेरी डाकू की शहंशाही पदवी? यह सब छूट गई है। जब बड़े-बड़े नेता को देखता हूं तो मेरा पसीना छूट जाता है। कुर्सी पर बैठे, एयर कंडीशनर में लेटे मंत्रीजी को डाका डालते देखता हूं, तो सिहर उठता हूं। सात समंदर पार हैकरों को बड़े-बड़े बैंकों और सरकारों के खजाने पर डाका डालते देखता हूं, तो मेरी रूह कांप उठती है। तभी एंकर न्यूज कुमार ने चीख कर कहा- लेकिन फिर भी आपका डाका डालने का अंदाज बहुत जोरदार था। आप चीखते थे, तो 50-50 कोस दूर...! तब गब्बर ने हाथ जोड़े। कहा- श्रीमान जी! मुझे आपसे बहुत डर लग रहा है। कृपया धीरे बोलें! कहां मेरा डाका डालने का अंदाज! मुझे बाकायदा पहले सूचित करना होता था। मुंह पर पर्दा लगाना होता था। काली वर्दी पहननी होती थी। आज के इंसानों को देखता हूं, तो ये सारी बातें हवा हो जाती हैं। इस चालू काल के डाकुओं के पास न कोई मान है न मर्यादा! न कोई इज्जत है न आबरू! घर बैठे, बिस्तर लेटे, बाथरूम करते-करते ही डाके डाल देते हैं। मैंने खुद अपने डाकू गैंग सहित इन सभ्य डाकू बंधुओं के आगे आत्मसमर्पण कर, ये खादी खद्दर वाली टोपी धारण कर ली है। अब अरबों-खरबों लूटने का कार्यक्रम यहीं से किया जाता है। डाकू व्यवसाय का का यह नया वेरिएंट मुझे बहुत पसंद आया है। तभी एंकरी बाई ने संपूर्ण शरीर से चीखा- ब्रेकिंग न्यूज! ब्रेकिंग न्यूज!! अभी-अभी खबर मिली है कि एक मंत्री ने अस्थि विसर्जन प्रबंधन में घोटाला कर पांच हजार करोड़ रुपयों का डाका डाल दिया है। न्यूज सुनकर डाकूराज गब्बर ने साष्टांग प्रणाम किया।

रामविलास जॉगिड़

अंतरिक्ष अभियानों से खुलेंगे आकाशगंगा के रहस्य

विज्ञान

आसमान में शक्ति और शिव का मिलना खगोल विज्ञान के क्षेत्र में निःसंदेह एक क्रांतिकारी घटना है। तारों के समूह के इस अतिप्राचीन श्रृंखला का हिंदू देवी-देवता के नाम पर शिव और शक्ति नामित करने के भी गहरे निहितार्थ हैं। हिंदू वांग्मय में शिव और शक्ति के मिलन से ब्रह्मांड की उत्पत्ति का विवरण मिलता है। सृजन और ब्रह्मांड के गठन का प्रतीक यह नामकरण आकाशगंगा की लौकिक कथा में भारतीय दर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका दर्शाता है। सितारों के दो नए समूह शृंखला शिव और शक्ति के मिलने के बाद अब हम अपनी आकाशगंगा और बह्मांड के कई गूढ़ रहस्यों को जान सकेंगें। ये तारा समूह आकाशगंगा की प्राचीन वंशावली का मानचित्रण करते हैं। नये भारत में खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान या लाइफ साइंसेज जितना लोकप्रिय विषय नहीं रहा। माना जाता है कि यह आम जीवन को सीधे सीधे प्रभवित नहीं करता। इसलिए इस क्षेत्र की बड़ी से बड़ी खोजों पर पर्याप्त चर्चा नहीं हो पाती और बहुधा नक्षत्र या ज्योतिष विज्ञान तक पहुंचकर ऐसी चर्चाओं की इतिश्री हो जाती है।

आमधारणा है कि जीवन संभावना से रहित किसी ग्रह, नये सितारे, उसके व्यवहार, क्रिया कलापों की खोज अथवा फिर उनके नामकरण से हमें आखिर क्या हासिल होने वाला है? आकाशगंगा के शोध अध्ययन से जो भी निकलेगा वह मात्र खगोल संबंधी, वायवीय और सैद्धांतिक होगा, व्यवहारिक नहीं। पर ऐसा नहीं है। इस संदर्भ में मात्र इतना ही कहना पर्याप्त है कि आकाशगंगाएं तारों की एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक जिन सामग्री या तत्वों का पुनर्चक्रण करती हैं, उनके और इस पुनर्चक्रण की क्रिया के बिना हमारा अस्तित्व ही नहीं होता। आकाशगंगाएं हमारा आकाशीय घर हैं, हमारी उत्पत्ति और उद्भव की मूल हैं। हमें अपनी जड़ों को जहां तक हो, जानना चाहिए। आकाशगंगाओं के अध्ययन से हम ब्रह्मांड की प्रकृति के अलावा यह भी जान पाते हैं कि ब्रह्मांड में पदार्थ बड़े पैमाने पर कैसे व्यवस्थित रहता है? आकाश गंगाओं का इतिहास हमें बताएगा कि वर्तमान आकाशगंगा और उसका संगठन पुरानी आकाश गंगा से क्यों और कैसे भिन्न है? आकाशगंगा में स्थित तारों की आबादी की घटत-बढ़त का पता लगाने से तारों के विलय, जन्मने या मर जाने का पता चलता है। 100 अरब आकाशगंगाओं वाली इस अंतरिक्ष प्रणाली में गुरुत्वाकर्षण से बंधे अरबों तारे, तारकीय अवशेष, धूल, अंततारकीय गैस और ब्लैक मैटर मौजूद हैं। पृथ्वी के आकार के कम से कम 17 अरब क्षुद्र ग्रह आकाशगंगा में रहते हैं और हम अपनी आकाशगंगा की विकास प्रक्रिया को जानने के बाद इसे दूसरी आकाश गंगाओं पर लागू करके देख सकते हैं कि यह प्रक्रिया उन पर कैसे काम करती है। इन संदर्भों में देखें तो जर्मनी के मैक्स प्लांक इंस्टिट्यूट में खगोलविद ख्याति मल्हान द्वारा यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया टेलीस्कोप से पुरानी सितारों की दो श्रृंखलाओं शिव और शक्ति की खोज का महत्व समझ में आता है।

'एस्ट्रोफिजिकल' नामक पत्रिका में प्रकाशित शोधपत्र बताता है कि हमारे सूर्य से एक-एक करोड़ गुना ज्यादा भार वाली ये दोनों शिव और शक्ति शृंखलाएं 12 से 13 अरब साल पुरानी हैं। बिग-बैंग से आकाशगंगाओं का निर्माण भी 13.8 अरब पहले आरंभ हुआ था, इस लिहाज से ये तकरीबन नई आकाशगंगा के निर्माण की समकालीन हुईं। ऐसे में हमारी आकाशगंगा कैसे बनी यह रहस्य जाना जा सकेगा? आकाशगंगा के केंद्र से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर स्थित शिव और शक्ति दो धाराएं हैं। शिव केंद्र के पास है, जबकि शक्ति समूह दूर। माना जाता है कि बड़ी आकाश गंगा का निर्माण छोटी आकाशगंगाओं के टकराने से होता है। टक्कर में तारे नहीं टकराते बल्कि तारों का समूह मिलता है और छोटी आकाशगंगा का बड़ी में विलय हो जाता है। ज्यादातर सितारे विलय के बावजूद मूल आकाशगंगा की कोणीय गति और दिशा से जुड़े बुनियादी गुण बनाए रखते हैं, सितारों की स्थिति, दूरियां और गति का आंकलन करने से पता चला कि शिव और शक्ति दो अलग-अलग आकाशगंगाओं के अवशेष हैं, जिन्होंने मिलकर संभवतः हमारी पृथ्वी की आकाशगंगा मंदाकिनी के निर्माण में महती भूमिका निभाई। शोधकताओं ने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के गाइया दूरबीन से उपलब्ध कराए गए डाटा और यूएस स्लोअन डिजिटल स्काई सर्वे के आंकड़ों का मिलान करने पर पाया कि शिव और शक्ति के तारों की कोणीय गति आकाशगंगा के केंद्र में स्थित तारों की तुलना में अधिक है। नए तारों में धात्विक तत्व अधिक होते हैं, जबकि इनमें बहुत कम था सो जाहिर है इनका निर्माण बहुत समय पहले हुआ होगा। **संजय श्रीवास्तव.**

आपकी बात

जनसंख्या संतुलन

देश बढ़ती जनसंख्या के बोझ से दब रहा है। इसलिए देश में विवेक पूर्ण जनसंख्या हमारी जरूरत है अन्यथा देश को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। आज देश की जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक है, जो विश्व में सर्वाधिक है। हालांकि 2021 में जनगणना नहीं की जा सकी, क्योंकि वह कोरोना महामारी का दौर था। जनगणना 2011 में की गई थी, उसके बाद 13 साल गुजर चुके हैं, लेकिन कोई अधिकृत जनगणना नहीं हुई है। 2011 में हिंदू आबादी 79.80 फीसदी थी, जबकि मुस्लिम आबादी 14.20 फीसदी थी। मुसलमानों की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 25 फीसदी थी, जबकि हिंदुओं की दशकीय बढ़ोतरी दर करीब 17 फीसदी थी। यानी हिंदुओं की तुलना में मुसलमानों की आबादी अधिक तेजी से बढ़ रही है। आजादी के बाद 1951 में देश में करीब 3.5 करोड़ मुसलमान थे, जिनकी आबादी 2023 में बढ़ कर 20 करोड़ के पार हो गई। अब तो यह आंकड़ा भी बदल चुका होगा! अब प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक रपट के जरिए चौंकाने वाले आंकड़े और रुझान सामने आए हैं। रपट में 1950 से 2015 तक जनसंख्या के रुझान के आंकड़े दिए गए हैं।

ये इस कालखंड में जनगणना के दौरान भी सामने आए होंगे! तो फिर आर्थिक सलाहकार परिषद की ऐसी रपट तब क्यों सार्वजनिक की गई, जब आम चुनाव, 2024 के तीन चरण के मतदान सम्पन्न हो चुके हैं? लोकसभा की 282 सीटों, करीब 52 फीसदी पर जनादेश ईवीएम में दर्ज हो चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक 1950 से 2015 तक की 65 साल की अवधि में बहुसंख्यक हिंदू आबादी 84.68 फीसदी से घट कर 78.6 फीसदी हो गई है, जबकि मुस्लिम आबादी 9.84 से बढ़ कर 14.09 फीसदी हो गई है। हिंदू करीब 8 फीसदी घटे हैं और मुसलमानों की बढ़ोतरी 43.15 फीसदी हुई है। आबादी का यह असंतुलन चुनौतीपूर्ण, खतरनाक, चिंताजनक और विस्फोटक हो सकता है। भारत इंडोनेशिया, मलेशिया, सूडान, सर्बिया आदि देशों में आबादी के असंतुलन के कारण विभाजन देख चुका है। देश दो फाड़ हुए हैं और नए देश बने हैं। इंडोनेशिया कभी हिंदू, बौद्ध बहुल देश था, लेकिन आज दुनिया के सबसे अधिक मुसलमान इंडोनेशिया में ही रहते हैं और बौद्ध अल्प संख्यक हो गए हैं। भारत में मुसलमान आबादी में वे शामिल नहीं हैं, जो जनगणना जैसे अभियानों का बहिष्कार करते रहे हैं। इस लिहाज से मुस्लिम आबादी की बढ़ोतरी अधिक हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, हिंदुओं के साथ-साथ जैन और पारसी की आबादी भी घटी है। मुसलमानों के अलावा सिख, बौद्ध, ईसाई की आबादी बढ़ी है। जैन, पारसी, ईसाई, बौद्ध, सिख समुदाय भी अल्पसंख्यक वर्ग में आते हैं। देश में पारसियों की आबादी तो करीब 57000 बताई जाती है, लेकिन उन्होंने अपने अधिकारों के लिए कभी भी जन-आंदोलन नहीं छेड़े। मुस्लिम आबादी लगातार बढ़ती रही है, जो चिंता का विषय है।

प्रवीण कुमार सिंह, लखनऊ.

ऐतिहासिक उपलब्धियां

हालांकि मध्य पूर्व संकट के बाद अर्थव्यवस्था में थोड़ी शिथिलता आयी है लेकिन फिर भी हमारी अर्थव्यवस्था बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में तेजी से प्रगति कर रही है। फिलहाल भारत की अर्थव्यवस्था चार ट्रिलियन डॉलर से अधिक की हो गयी है। चार ट्रिलियल के शिखर पर पहुंचने के बाद अब भारत उस लक्ष्य के भी बहुत निकट आ गया है, जब जीडीपी आकार के मामले में 4.4 ट्रिलियन डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जापान और 4.3 ट्रिलियन डॉलर के साथ चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत आगे निकल जायेगा और पांच ट्रिलियन के लक्ष्य को अगले तीन साल में प्राप्त कर लेगा। जीडीपी किसी देश की ठोस उपलब्धि होती है जिससे नागरिकों के जीवन में आमूलचूल बदलाव आता है। इसलिए जीडीपी का बढ़ना इस बात की गारंटी है कि भविष्य में शिक्षा का स्तर भी सुधरेगा।

आशुतोष कुमार सिंह, लखनऊ.

दैवीय आपदा पीड़ितों को समय पर मिले मुआवजा लापरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई

जिला संवाददाता

ललितपुर। शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का मौके पर जाकर समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताते हुए उपजिलाधिकारी तालबेहट को लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों की आख्या का नियमित परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी राजस्व कर्मी की लापरवाही, उदासीनता अथवा प्रलोभन लेकर कार्य करने की शिकायत सही पाई गई तो संबंधित के विरुद्ध निलंबन सहित कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों,

- डीएम ने लेखपालों की कार्यप्रणाली पर जताई नाराजगी, कहा शिकायत मिली तो करेंगे कडी कार्यवाही
- तालबेहट तहसील में जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

राजस्व निरीक्षकों एवं लेखपालों को निर्देश दिए कि आकाशीय बिजली, अतिवृष्टि तथा अन्य दैवीय आपदाओं से प्रभावित लोगों के मामलों में तत्काल मौके पर पहुंचकर क्षति का आकलन करें और समयबद्ध रिपोर्ट प्रस्तुत कर पात्र पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी की लापरवाही से यदि कोई पात्र व्यक्ति राहत या मुआवजे से वंचित पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक दिव्यांग महिला की पेंशन संबंधी समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के माध्यम से तत्काल ऑनलाइन आवेदन कराया तथा निर्देश दिए कि सभी औपचारिकताएं समयबद्ध पूरी कर अगले माह से पेंशन का लाभ उपलब्ध कराया जाए। जनसुनवाई में ग्राम तेरई निवासी धर्मेन्द्र ने भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर डीएम ने थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल को संयुक्त रूप से कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम पिपरई निवासी रामस्वरूप सहरिया ने लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक पर जमीन की पैमाइश न करने और अवैध धन मांगने का आरोप लगाया। जिलाधिकारी ने मामले की तहसीलदार स्तर से जांच कराने के निर्देश दिए। ग्राम सेमराडांग निवासी राधा अहिरवार द्वारा भूमि पर कब्जे की शिकायत, ग्राम बार निवासी भूपत द्वारा मनरेगा में फर्जी कार्य दिखाकर धन निकाले जाने तथा ग्राम गदयाना निवासी लाखन द्वारा सार्वजनिक रास्ते व सरकारी हैंडपंप पर कब्जे की शिकायतों पर भी संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें तथा शिकायतकर्ता की संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। जनपद की पांचों तहसीलों में कुल 266 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 29 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. इम्तियाज अहमद, उपजिलाधिकारी तालबेहट अभिजीत सिंह, क्षेत्राधिकारी तालबेहट सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील नवाबगंज में डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

बाराबंकी। तहसील नवाबगंज स्थित जन सभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में

- चकमार्गों पर अतिक्रमण हटाने के साथ तत्काल पटाई कराये जाने के निर्देश
- विभिन्न तहसीलों में आज 52 शिकायतों का हुआ त्वरित निस्तारण

जिलाधिकारी ने आये फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए प्रत्येक प्रकरण में संबंधित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि भूमि विवाद, सरकारी रास्ते एवं चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास तथा अन्य जनसामान्य से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

आज तहसील रामसनेहीघाट में 72 प्रार्थना पत्र में 9, तहसील सिरौलीगौसपुर में 29 में 8, तहसील नवाबगंज में 208 में 20, तहसील रामनगर में 44 में 7, तहसील फतेहपुर में 41 में 6, तहसील हैदरगढ़ में 81 में 2 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण सुनिश्चित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल सहित जिला स्तरीय उपस्थित रहे।

राम मंदिर सहित सभी धर्म स्थलों को संघ मुक्त करें: सीपीआई

बाराबंकी। राम मंदिर सहित सभी धर्म स्थलों को संघ मुक्त कराने को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी कार्यालय पर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। इस मौके पर पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एक अनुवांशिक संगठन विश्व हिंदू परिषद है। उसी तरह भारतीय जनता पार्टी उसका राजनीतिक मुखौटा है। दोनों संगठन संघ नियंत्रित व प्रशिक्षित कार्यकताओं द्वारा नियंत्रित होते हैं। माननीय उच्चतम न्यायालय ने राम मंदिर के निर्माण व प्रबंधन के लिए एक ट्रस्ट की स्थापना के लिए भारत सरकार को निर्देशित किया था। जिसके तहत गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का गठन किया और उस ट्रस्ट में मुख्य कर्ताधर्ता चंपतराय बंसल सहित अधिकांश सदस्य संघ के प्रचारक हैं। उक्त ट्रस्ट के संघी प्रचारकों ने जमीन खरीद से लेकर निर्माण कार्य, मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा से लेकर दान चोरी तक लाखों करोड़ रुपए का घोटाला कर राम भक्तों के साथ ठगी व लूट कर ली है। पार्टी के जिला सचिव बृजमोहन वर्मा ने मांग कि विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व भाजपा के दान लुटेरों ने भारतीय जनमानस की आस्था पर चोट पहुंचाई है। जांच करा कर मुकदमा दर्ज किया जाए। राज्य परिषद सदस्य परवीन कुमार ने कहा कि राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्टट्र को संघ, विश्व हिंदू परिषद व भाजपा से मुक्त कराकर सनातन धर्म के धर्माचार्यों को नियुक्त किया जाए। इस मौके पर अंशुमान सिंह, गिरीश पटेल, विनय कुमार सिंह, शिवदर्शन वर्मा, प्रेम चंद वर्मा, करन राजपूत, धर्मेन्द्र शर्मा, महेंद्र यादव, मुनेश्वर प्रसाद, कदीर हसन, सर्वेश यादव, राम नरेश वर्मा, दीपक वर्मा, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राजकुमार वर्मा, दीपक शर्मा, सुन्दर लाल सोनी, योगेंद्र सिंह, ज्ञानेश्वर वर्मा, संदीप तिवारी, संदीप वर्मा, राजेन्द्र बहादुर सिंह, आलोक वर्मा, आदित्य वर्मा, अभय आदि मौजूद रहे।

नांदेड़ यात्रा पर निकली सिख संगत का ललितपुर स्टेशन पर किया स्वागत

ललितपुर। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, ललितपुर द्वारा सोमवार को सचखंड एक्सप्रेस से अमृतसर स्थित गुरुद्वारा गुरु के महल से तख्त श्री हजूर साहिब, नांदेड़ की यात्रा पर निकली सिख संगत का ललितपुर रेलवे स्टेशन पर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों ने संगत का अभिनंदन करते हुए गुरु का प्रसाद वितरित किया और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की। इस दौरान अमृतसर से आई सिख संगत ने स्वागत से अभिभूत होकर श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा, मंत्री चरणजीत सिंह, जगजीत सिंह बॉबी, सतनाम सिंह भाटिया, अमोल सिंह, अगमजोत सिंह तथा गुरुद्वारा के मैनेजर केदार सिंह पिंटू को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। कमेटी के अध्यक्ष ओंकार सिंह सलूजा ने आगंतुक संगत का स्वागत करते हुए कहा कि ललितपुर की धरती पर सिख संगत का आगमन सौभाग्य की बात है। उन्होंने सभी यात्रियों की सुखद, सुरक्षित एवं सफल धार्मिक यात्रा की कामना करते हुए आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। स्वागत समारोह में श्री गुरु सिंह सभा के पदाधिकारियों एवं सिख समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

बकाया रुपया मांगने पर युवक पर लोहे की रॉड से हमला, भाई व महिला समेत तीन घायल

जिला संवाददाता

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम पुराघनकुआं में कृषि कार्य की बकाया मजदूरी मांगने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि 15 हजार रुपये मांगने पर चार लोगों ने एक युवक के घर पहुंचकर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई और एक महिला को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चारों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम पुराघनकुआं निवासी यशवंत पुत्र रामदास यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वर्ष 2025 में उन्होंने गांव के मान सिंह पुत्र गुलाब सिंह यादव के खेत पर जुताई, बुवाई, थ्रेसिंग और फसल कटाई का कार्य किया था। इस कार्य के एवज में उनके 15 हजार रुपये बकाया थे। पीड़ित के अनुसार 4 जुलाई 2026 को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे उन्होंने मान

- जुताई-बुवाई की मजदूरी मांगना पड़ा भारी

सिंह को फोन कर अपने बकाया रुपये मांगे। आरोप है कि फोन पर ही विवाद शुरू हो गया और मान सिंह ने उन्हें घर के बाहर बुलाते हुए रुपये देने की बात कही।

आरोप है कि जैसे ही वह घर के बाहर पहुंचे, मान सिंह अपने साथ देवेन्द्र, भगत सिंह (दोनों पुत्र गुलाब सिंह यादव) तथा दीपेश पुत्र मान सिंह यादव को लेकर वहां पहुंच गया। चारों के हाथों में लाठी-डंडे और लोहे की रॉड थी। रुपये मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर यशवंत पर हमला बोल दिया। मारपीट के दौरान दीपेश ने लोहे की रॉड से यशवंत की दाईं आंख के ऊपर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके हाथ, पैर और पीठ पर भी चोटें आईं। यशवंत की चीख-पुकार सुनकर उसका भाई रनमत तथा गांव की पेरा देवी पत्नी हरी सिंह यादव बीच-बचाव के लिए पहुंचे, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। दोनों को भी सिर, पीठ और पैरों में चोटें आईं। आरोप है कि जाते-जाते हमलावरों ने दोबारा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 352 एवं 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नाले निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

बाराबंकी। शुगर मिल से बंकी तिन्दोला मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर करोड़ों रुपए के नाले निर्माण कार्य में हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराये जाने की मांग को लेकर पर्यावरण सेवक मनीष मेहरोत्रा ने जिलाधिकारी को सम्पूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि शुगर मिल ग्वारी रोड से बंकी तिन्दोला रोड नगर पंचायत बंकी एवं 20 गाँव के हजारों आबादी के आवागमन को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण रोड है। नागरिकों के लिए एक मार्ग रेलवे स्टेशन से बम डिस्पोजल होने हुए जिस पर रेलवे क्रासिंग पड़ती है जो कि ज्यादातर बन्द रहती है। दूसरा मार्ग बंकी से शुगर मिल ग्वारी रोड है बंकी क्रासिंग बन्द होने पर नगर पंचायत बंकी के नागरिक एवं लगभग 20 गाँव की आबादी इस रोड का उपयोग करती है लेकिन ये रोड अपने इतिहास में कभी भी ठीक से बनी नहीं। पर्यावरण सेवक ने शिकायत का संज्ञान लेकर मौके पर जांच कर दोषी लोगों पर कार्यवाही कर नाला, सड़क का निर्माण कराये जाने की मांग की।

मेंथा किसानों ने कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया का पहनायी फूल माला, जताया आभार

जिला संवाददाता

बाराबंकी। प्राकृतिक मेंथा और सिंथेटिक मेंथा के मूल्य को अलग-अलग कोड में रखने, प्राकृतिक मेंथा के मूल्य को जीएसटी में छूट दिलवाये जाने के मुद्दे को लोकसभा में उठाकर प्राकृतिक मेंथा किसानों उचित मूल्य दिलवाने के लिये आज ओबरी आवास पर कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया का मेंथा किसानो ने फूल माला पहनाकर आभार व्यक्त किया। सिन्थेटिक मेंथा, प्राकृतिक मेंथा से सस्ता होने के कारण किसानो को उचित मूल्य नही मिलता था। किसानो की समस्या को कांग्रेस सांसद श्री पुनिया ने संसद में उठाकर उनको राहत दिलाने का काम किया। मेंथा का उचित मूल्य मिलने से मेंथा किसानों ने कहा कि

- किसान बोले! संसद में प्राकृतिक और सिंथेटिक मेंथा मुद्दा उठाकर दिलाई राहत

कांग्रेस सांसद श्री पुनिया ने संसद और संबंधित मंत्रालयों के समक्ष प्राकृतिक मेंथा उत्पादकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा उनके हितों की बात करने से किसानों की आवाज राष्ट्रीय स्तर तक पहुँची है। किसानों ने कहा कि प्राकृतिक मेंथा उत्पादकों को उचित मूल्य मिलने से उनकी आय में सुधार होगा और इस फसल के प्रति किसानों का विश्वास भी बढ़ेगा। इस अवसर पर सांसद श्री पुनिया ने कहा कि वे आगे भी किसानों के हितों की आवाज संसद में मजबूती से उठाते रहेंगे। इस मौके पर विशेष कुमार वर्मा, विक्रान्त सैनी, राम मिलन वर्मा, सियाराम वर्मा, राम सागर वर्मा, प्रदीप वर्मा, जगमोहन प्रधान, विनय सिंह वर्मा, रंजीत गौतम सुशील रावत आदि मेंथा किसान मौजूद रहे।

तेज रफ्तार अज्ञात बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत मामले में मुकदमा दर्ज

ललितपुर। थाना तालबेहट क्षेत्र के ग्राम टेटा के पास तेज रफ्तार अज्ञात मोटरसाइकिल की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई, जबकि उनका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल बुजुर्ग को झांसी मेडिकल कॉलेज ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक के अंतिम संस्कार एवं क्रिया-कर्म में व्यस्त रहने के कारण परिजनों ने घटना के 11 दिन बाद पुलिस में तहरीर दी, जिस पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। टिटा जमालपुर निवासी शिवकुँवर पत्नी दशरथ ने दी गई तहरीर में बताया कि 24 जून 2026 की शाम करीब 7.30 बजे उनके ससुर दुर्जू पुत्र हरि अपने साथी मंगल अहिरवार के साथ मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.के 7246 से बांसी से अपने गांव लौट रहे थे। दुर्जू बाइक पर पीछे बैठे थे। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल ग्राम टेटा स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रही अज्ञात मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 ए.के. 9247 ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एम्बुलेंस दोनों को जिला अस्पताल ललितपुर लेकर पहुंची। चिकित्सकों ने दुर्जू की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं घायल मंगल अहिरवार का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। शिकायतकर्ता शिवकुँवर ने पुलिस को बताया कि हादसे के बाद ससुर के इलाज, मृत्यु, अंतिम संस्कार और क्रिया-कर्म में व्यस्त रहने के कारण वह तत्काल थाने नहीं पहुंच सकीं। इसी कारण घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई। तहरीर के आधार पर तालबेहट पुलिस ने अज्ञात मोटर साइकिल चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281, 125(बी) एवं 106(1) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

तेज रफ्तार ट्रक ने कार व राहगीर को रौंदा

ललितपुर। झांसी-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मन्नूलाल पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर पैदल जा रहे एक राहगीर को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि राहगीर भी चोटिल हुआ है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नहर रोड, आजादपुरा निवासी दिलीप कुमार तिवारी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनके बड़े भाई जगदीश प्रसाद तिवारी 3 जुलाई 2026 की सुबह अपनी पत्नी को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) दिलाने के लिए कार संख्या यू.पी. 93 बी.पी. 5825 से परीक्षा केंद्र लेकर जा रहे थे। सुबह करीब 8 बजे जैसे ही उनकी कार झांसी-सागर मार्ग पर मन्नूलाल पेट्रोल पंप के आगे पहुंची, तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रहे ट्रक संख्या एच.आर. 38 वाई 0585 ने कार में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे में कार चालक जगदीश प्रसाद तिवारी के सिर में गंभीर चोट आई और अस्पताल में उनके सिर पर पांच टांके लगाए गए। उनके शरीर के अन्य हिस्सों में भी चोटें आई हैं। कार को टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित ट्रक ने सड़क पर पैदल जा रहे राधे मोहन पुत्र हरीराम, निवासी ग्राम गौना, थाना नाराहट, को भी टक्कर मार दी, जिससे वह भी घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक कुछ देर के लिए रुका, लेकिन बाद में वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही यूपी-112 पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची।

दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। परिजनों ने बताया कि घायल के उपचार में व्यस्त रहने के कारण तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई जा सकी। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281, 125(ए), 125(बी) एवं 324(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जनपद में भारी बारिश, आंधी-तूफान और वज्रपात का अलर्ट

ललितपुर। मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जनपद ललितपुर के लिए भारी वर्षा, तेज आंधी-तूफान और आकाशीय बिजली की चेतावनी जारी किए जाने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। जिलाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी निर्देशों में सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैयार रहने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी एडवाइजरी के अनुसार जनपद में 70 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने, वज्रपात और भारी वर्षा की संभावना जताई गई है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें तथा बड़े होर्डिंग्स, कमजोर दीवारों और पुराने पेड़ों के नीचे शरण लेने से बचें। जिला प्रशासन ने जनपद स्तरीय आपदा एवं कंट्रोल रूम को 247 सक्रिय रखने के निर्देश दिए हैं। सभी संबंधित विभागों को मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों पर लगातार नजर रखने और अलर्ट मिलते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है।

प्रेमिका के भाई का अपहरण

पिनाहट। कस्बे के पठान मोहल्ला में रविवार सुबह फिल्मी अंदाज में एक दबंग सिरफिरे ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। शादी का दबाव बनाने के लिए युवती के घर में घुसा युवक उसके 13 वर्षीय भाई की गर्दन पर चाकू रखकर अगवा कर ले गया। पीड़ित परिवार की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है। कस्बा पिनाहट के पठान मोहल्ला का युवक मौसिम खान का अपने ही समुदाय की युवती से दो साल से प्रेम संबंध थे। युवक और युवती शादी करना चाहते थे, मगर युवती के परिजन शादी के लिए राजी नहीं थे। युवती के पिता ने शादी के लिए दूसरी जगह लड़का देख रखा था। इसकी जानकारी किसी तरह प्रेमी युवक को हो गई। रविवार सुबह प्रेमी युवक चाकू लहराते हुए प्रेमिका के घर में घुस गया। गाली-गलौज करते हुए युवती के परिजन पर शादी का दबाव बनाया।

मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत पीटीओ ने किये 25 चालान, 1.25 लाख जुर्माना

बाराबंकी। बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर परिवहन विभाग द्वारा चलाये जा रहे मिशन सेफ फ्यूचर अभियान के तहत आज सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अमिताभ राय के नेतृत्व में यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने हैदरगढ़ मार्ग पर चेकिंग के दौरान ओवरस्पीडिंग, ओवरलोड, रेटो रिफ्लेक्टर टेप, एचएसआरपी व स्कूली वैन में फर्स्ट एड बाक्स, अग्निशमन उपकरण का उल्लंघन मिलने पर 25 चालान कर लगभग 1.25 लाख शमन शुल्क लगाया। तथा चालकों को रोड सेफ्टी नियमो का पालन करने को लेकर जागरुक भी किया।

गंदे पेयजल और उखड़ी सड़कों की समस्या को लेकर एसडीएम से शिकायत

ललितपुर। नगर के वार्ड संख्या 17 सिविल लाइन द्वितीय में पेयजल आपूर्ति की गंभीर समस्या और पेयजल पाइपलाइन बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मत नहीं होने से नाराज क्षेत्रवासियों ने वार्ड पार्षद कुंदन पाल के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को शिकायत पत्र सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। शिकायत में बताया गया कि वार्ड के कई मोहल्लों में पिछले कुछ समय से नलों में गंदा और दूषित पानी आ रहा है, जिससे लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि गंदे पानी की आपूर्ति से जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और लोगों में चिंता का माहौल है। इसके अलावा पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए जिन सड़कों को खोदा गया था, उन्हें अब तक ठीक नहीं कराया गया है। सड़कें उखड़ी होने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान इन स्थानों पर जलभराव और कीचड़ की समस्या भी बढ़ जाती है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। क्षेत्रवासियों ने उपजिलाधिकारी से मांग की है कि नलों में स्वच्छ पेयजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए तथा पाइपलाइन डालने के बाद क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उपजिलाधिकारी ने शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित विभागीय अधिकारियों को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया है।

जमीन बंटवारे के विवाद में महिला पर हमला, तीन सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। थाना पुराकलां क्षेत्र के ग्राम कन्धारी खुर्द में जमीन बंटवारे के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। खेत पर कृषि कार्य कर रही एक महिला के साथ तीन सगे भाइयों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि खेत जोतने का विरोध करने पर आरोपियों ने महिला के साथ लाठी-डंडों और लात-घूंसों से मारपीट की। शोर सुनकर पहुंचे ग्रामीणों के हस्तक्षेप से महिला की जान बची, जबकि आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम कन्धारी खुर्द निवासी प्रवेश पत्नी रामजीवन यादव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 जुलाई 2026 की शाम करीब छह बजे वह अपने खेत पर कृषि कार्य कर रही थीं। इसी दौरान गांव के देवीसिंह यादव, अरविन्द्र यादव तथा विशेष यादव, जो तीनों सगे भाई हैं और गनेश यादव के पुत्र बताए गए हैं, खेत पर पहुंचे और जमीन के बंटवारे के विवाद को लेकर जबरन खेत जोतने लगे। जब उन्होंने इसका विरोध किया और खेत जोतने से मना किया तो तीनों आरोपी आक्रोशित हो गए। पहले उन्होंने गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे एवं तिलक यादव मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। ग्रामीणों को आता देख आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले।

पूर्व उपप्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

बाराबंकी। बाबू जगजीवन राम का जन्म 5 अप्रैल 1908 को बिहार में हुआ था। उन्होंने सामाजिक समानता, दलित एवं वंचित वर्गों के अधिकारों तथा सामाजिक न्याय के लिए आजीवन संघर्ष किया। स्वतंत्र भारत की राजनीति में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। उक्त उद्गार ओबरी स्थित सांसद आवास पर आयोजित महान स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने

- कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया व पूर्व सांसद डॉ. पी एल पुनिया ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन

के उपरान्त पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने व्यक्त किये। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबू जगजीवन राम को भारतीय लोकतंत्र और सामाजिक समरसता के प्रमुख स्तंभों में गिना जाता है। उन्होंने कई मंत्रालयों एवं विभागों में अभूतपूर्व सुधार किए। खाद्य एवं कृषि मंत्री के रूप में उन्हें भारत में हरित क्रांति की सफलता का श्रेय दिया जाता है। जबकि रक्षा मंत्री के रूप में उन्होंने 1971 के युद्ध में भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई। जिसके फलस्वरूप बांग्लादेश का जन्म हुआ। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालो मे जिलाध्यक्ष मो0 मोहसिन, नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, अजय रावत, गोपी कनौजिया, सुशील वर्मा, इरफान कुरैशी, सूरज रावत, पंकज यादव आर0डी0 राव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

परिवारों को भेजी सहायता

नई दिल्ली। दुबई की एमिरेट्स सड़क दुर्घटना से प्रभावित परिवारों के लिए, यूएई के भारतीय उद्यमी डॉ. शमशीर वयालिल द्वारा घोषित रुपए 2.6 करोड़ का मानवीय राहत पैकेज, भारत के तेलंगाना और उत्तर प्रदेश में मृत कर्मचारियों के परिवारों तक पहुँच गया है। यह राहत पहल जून में दुबई में हुए एमिरेट्स सड़क हादसे के बाद शुरू की गई है, जिसमें मजदूरों को ले जा रही एक मिनीबस एक खड़े ट्रक से टकरा गई थी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई थी और नौ लोग घायल हो गए थे। बाद में पीड़ितों की पहचान प्रवासी मजदूरों के तौर पर हुई और इस हादसे के बाद पूरे यूएई और भारत में शोक और मदद की कोशिशें शुरू हुई। इस दुर्घटना में सात कर्मचारियों की मौत हो गई थी। डॉ. शमशीर के कार्यालय के प्रतिनिधियों ने दुर्घटना में मारे गए छह भारतीय कर्मचारियों के परिवारों से मुलाकात की।

कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर वैश्विक रुख के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में सोमवार को कच्चा तेल की कीमत 7 रुपये की गिरावट के साथ 6,561 रुपये प्रति बैरल रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जुलाई माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 7 रुपये या 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 6,561 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 1275 लॉट के लिए कारोबार हुआ। विश्लेषकों का कहना है कि हाजिर बाजार में कमजोर मांग के बीच प्रतिभागियों द्वारा अपनी जमा सौदों को बेचे जाने के बाद कीमतें गिर गईं। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68.59 डॉलर प्रति बैरल रह गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 0.35 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता 71.87 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

एनएसई का आईपीओ सितंबर तक लाने की योजना

नयी दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) करीब 30,000 करोड़ रुपये के आकार वाला अपना बहुप्रतीक्षित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) इस वर्ष सितंबर में लाने की तैयारी कर रहा है। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस आईपीओ के आने के साथ देश के सबसे बड़े शेयर बाजार एनएसई का मूल्यांकन पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाने का अनुमान है। आईपीओ के संबंध में जागरूकता फैलाने के लिए एनएसई जल्द ही प्रचार अभियान शुरू करने जा रहा है। निर्गम के सफलतापूर्वक होने की स्थिति में यह अक्टूबर, 2024 में आए हुंदै मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के निर्गम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकता है। सेबी के समक्ष पेश मसौदा दस्तावेज के मुताबिक, एनएसई का प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा, जिसमें 14.89 करोड़ इक्विटी शेयर बेचे जाएंगे। इस निर्गम के जरिए शेयरधारक सामूहिक रूप से करीब छह प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेंगे। एनएसई के करीब 1.8 लाख शेयरधारक हैं। इसके शेयरधारकों में भारतीय स्टेट बैंक लगभग 2.48 करोड़ शेयर बेचेगा, जबकि एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड 1.60 करोड़ शेयर बेचेगी। अन्य विक्रेता शेयरधारकों में कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड, अरांडा इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, द न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी, नेशनल इंश्योरेंस कंपनी और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी शामिल हैं।

लॉक अप: सच या सजा अब छठवें दिन भी स्ट्रीम होगा

नई दिल्ली। फैसला हो चुका है। फैन अपनी बात रख चुके हैं! सोशल मीडिया पर हलचल मचाने तथा जबरदस्त ड्रामा, चौंकाने वाले ट्विस्ट और बेबाक सच्चाईयों के साथ दर्शकों को बांधे रखने के बाद अब से लॉक अप: सच या सजा एक और दिन प्रसारित होने वाला है। नेटफ्लिक्स पर इस हफ्ते से यह कैप्टिव रियलिटी शो शनिवार से गुरुवार, रात 8 बजे प्रसारित होगा। यानी दर्शक हर हफ्ते एक और दिन लॉक अप देख पाएंगे। फैन्स के अपार स्नेह और जबरदस्त प्रतिक्रिया के साथ यह शो टीवी प्रेमियों का पसंदीदा शो बन गया है। इसके हर एपिसोड में नई बातें और यादगार लम्हे देखने को मिलते हैं। और अब, जब यह शो हफ्ते के लिए दर्शकों का उतावलापन बढ़ता जा रहा है, तो ड्रामा को और अधिक दिलचस्प बनाने के लिए यह हर गुरुवार को भी प्रसारित किया जाएगा।

सेंसेक्स में 521 अंकों की उछाल

मुंबई। दिग्गज बैंक शेयरों में खरीदारी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार दो माह के शीर्ष स्तर पर पहुंच गया। लगातार चौथे सत्र की बढ़त के दौरान सेंसेक्स में 521 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 160 अंक चढ़ गया।

विश्लेषकों के मुताबिक, विदेशी निवेशकों के ताजा पूंजी प्रवाह ने भी घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख को मजबूती दी। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 521.16 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,285.07 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 634.15 अंक यानी 0.81 प्रतिशत चढ़कर 78,398.06 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 159.50 अंक यानी 0.66 प्रतिशत बढ़कर 24,430.35 अंक पर बंद हुआ। यह घरेलू शेयर बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। इन चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स कुल 1,806.4 अंक यानी 2.36 प्रतिशत चढ़ चुका है, जबकि निफ्टी में 564.6 अंक यानी 2.36 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई है। सेंसेक्स की कंपनियों में एचडीएफसी बैंक का शेयर सर्वाधिक 3.59 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति के शेयर भी बढ़त में रहे। दूसरी तरफ कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फिनसर्व और पावर ग्रिड के शेयर नुकसान में रहे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.82 प्रतिशत के नुकसान के साथ 71.53 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 1,355.33 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। वैश्विक संकेतकों के मिले-जुले रुख के बावजूद घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के साथ कारोबार हुआ, जिसमें कच्चे तेल की स्थिर कीमतों से समर्थन मिला। कच्चे तेल में नरमी से मुद्रास्फीति, चालू खाते का संतुलन, पेट्रोलियम विपणन कंपनियों की लाभप्रदता और समग्र व्यापक आर्थिक स्थिरता को समर्थन मिलेगा। वैश्विक स्तर पर कृत्रिम मेधा से जुड़े शेयरों में मुनाफावसूली का असर बाजारों पर दिखा, लेकिन विदेशी निवेश प्रवाह में सुधार से भारत का प्रदर्शन खासकर बड़ी कंपनियों के शेयरों में बेहतर रह सकता है। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.71 प्रतिशत चढ़ गया जबकि छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप में 0.47 प्रतिशत की तेजी रही।

रुपया 20 पैसे टूटकर 95.38 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया सोमवार को 20 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.38 पर आ गया। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने से रुपये पर दबाव पड़ा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.25 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 95.22 से 95.48 के दायरे में रहा। अंत में रुपया 95.38 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा, जो पिछले बंद भाव की तुलना में 20 पैसे की गिरावट है। रुपया शुक्रवार को 17 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.18 पर बंद हुआ था। अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से रुपया कमजोर हुआ, क्योंकि बाजार में इस वर्ष अब भी ब्याज दरों में बढ़ोतरी के आसार है। हालांकि, घरेलू शेयर बाजार में मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी ने रुपये को कुछ समर्थन प्रदान किया। चौधरी ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 95.10 से 95.60 के दायरे में रहने का अनुमान है। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.12 पर रहा। अंतराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71.57 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 521.16 अंक चढ़कर 78,285.07 अंक पर जबकि निफ्टी 159.50 अंक की बढ़त के साथ 24,430.35 अंक पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 1,355.33 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी निवेश आने पर भारतीय रिजर्व बैंक रुपये को बहुत अधिक मजबूत होने देने के बजाय अपने विदेश मुद्रा भंडार को फिर से बढ़ाने का प्रयास करता है। आरबीआई के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 26 जून को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.65 अरब डॉलर घटकर 666.93 अरब डॉलर रह गया।

भारत की ऊर्जा प्रणाली पर पड़ेगा अल नीनो का सबसे ज्यादा असर

नयी दिल्ली। इस साल का अल नीनो का असर भारत की ऊर्जा प्रणाली पर दुनिया में सबसे अधिक देखने को मिलेगा। सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर (सीआरईए) के एक नए विश्लेषण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। अल नीनो मौसम का एक ऐसा चक्र है जो बार-बार आता है और जिससे दुनिया का तापमान बढ़ता है।

भारत के सामने दोहरी चुनौती है - अल नीनो की वजह से हवा और बारिश में कमी आने से टर्बाइन और पनबिजली उत्पादन तो घटेगा ही, साथ ही तापमान बढ़ने से एयर कंडीशनिंग (एसी) की मांग भी बढ़ेगी, जिसमें बहुत ज्यादा बिजली खर्च होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक साल के अंदर ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों से ज्यादा इस्तेमाल से अतिरिक्त मांग कुल मिलाकर 10 टेरावाट घंटे (टीडब्ल्यूएच) हो सकती है जो दिल्ली की सालाना बिजली खपत का एक चौथाई हिस्सा है। यह विश्लेषण जुलाई, 2026 से जून, 2027 तक भारत के बिजली क्षेत्र पर ला नीना से अल नीनो में होने वाले बदलाव के असर का मॉडल तैयार करता है। ला नीना, अल नीनो का ठंडा चरण है। हालांकि, विश्लेषण में एक विकल्प भी बताया गया है - सौर ऊर्जा। इसमें कहा गया, भारत को बिजली देने में सौर ऊर्जा की भूमिका लगातार बढ़ रही है।

सोना 150 रुपये टूटा, चांदी 5000 रुपये लुढ़की

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमतें 150 रुपये टूटकर 1,50,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। वहीं चांदी 5,000 रुपये के नुकसान में रही। वैश्विक स्तर पर सुस्ती के रुख और मजबूत डॉलर के कारण कारोबारियों ने कीमती धातुओं में अपने सौदों के आकार को कम किया जिससे सर्राफा कीमतों में गिरावट आई।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,50,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, चांदी की चार दिन की तेजी थम गई और यह शुक्रवार के 2,45,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद भाव से 5,000 रुपये टूटकर 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। व्यापारियों ने कहा कि बाजार एक दायरे में रहा क्योंकि निवेशकों ने मजबूत डॉलर और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति से जुड़ी उम्मीदों के बीच पश्चिम एशिया में बने भू-राजनीतिक जोखिमों के बीच संतुलन बनाया। सोमवार को घरेलू बाजारों में सोने की कीमतों में मामूली गिरावट आई, क्योंकि निवेशक अमेरिका-ईरान संबंधों की जटिल स्थिति को देख रहे है और साथ ही अमेरिका से महत्वपूर्ण मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं। अंतराष्ट्रीय बाजारों में, हाजिर सोने और चांदी की कीमतें क्रमशः 4,160.60 डॉलर और 62.24 डॉलर प्रति औंस तक गिर गईं। मजबूत डॉलर के कारण विदेशी व्यापार में सोने की कीमत गिरी है, क्योंकि व्यापारी इस साल अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में बढ़ोतरी की संभावना को ध्यान में रख रहे हैं।

सरकार ने दी अधिक वजन के तौल उपकरणों के सत्यापन मानकों में ढील

नयी दिल्ली। सरकार ने एक टन या उससे अधिक क्षमता वाले वजन तौल उपकरणों के सत्यापन के लिए अनुपालन मानकों में ढील दी है। इससे उद्योगों, गोदामों, ट्रक ऑपरेटर एवं धर्मकांटा संचालकों के लिए कारोबारी सुगमता बढ़ने की उम्मीद है।

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 में संशोधनों को अधिसूचित किए है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, नए प्रावधानों के तहत उच्च क्षमता वाले वजन उपकरणों के सत्यापन के लिए मानक वजन की आवश्यकता को वैज्ञानिक और रिपीटेबिलिटी टेस्ट के आधार पर कम किया गया है। पुराने नियमों के तहत एक टन या उससे अधिक क्षमता वाले उपकरणों के सत्यापन के दौरान अधिकतम क्षमता के कम-से-कम 50 प्रतिशत या एक टन के बराबर मानक वजन का उपयोग करना अनिवार्य था, जिसके बाद स्थिर भार का इस्तेमाल किया जाता था। मंत्रालय ने कहा कि इन प्रावधानों के कारण उद्योगों और धर्मकांटा संचालकों को परिवहन, लागत और संचालन से जुड़ी कई व्यावहारिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। अब संशोधित नियमों के तहत इस आवश्यकता को कम करते हुए अधिकतम क्षमता के 50 प्रतिशत से घटाकर केवल 20 प्रतिशत कर दिया गया है।

वाहनों की खुदरा बिक्री 21.83 प्रतिशत बढ़ी

नयी दिल्ली। देश में वाहनों की खुदरा बिक्री जून में सालाना आधार पर 21.83 प्रतिशत बढ़कर 25,57,234 इकाई हो गई। वाहन विक्रेता संघ फाडा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

देश में वाहनों की खुदरा बिक्री जून 2025 में 20,98,996 इकाई रही थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने बयान में कहा कि यात्री वाहनों (पीवी) की खुदरा बिक्री जून में 28.63 प्रतिशत बढ़कर 4,10,853 इकाई रही जो जून 2025 में 3,19,412 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री 21.22 प्रतिशत बढ़कर 18,28,458 इकाई हो गई जबकि एक साल पहले इसी महीने यह 15,08,378 इकाई थी। फाडा के अनुसार, जून में तिपहिया वाहनों की बिक्री 1,04,035 इकाई से सालाना आधार पर 16.2 प्रतिशत बढ़कर 1,20,889 इकाई रही। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री भी 16.88 प्रतिशत बढ़कर 90,972 इकाई हो गई, जबकि जून 2025 में यह 77,836 इकाई थी। भारतीय वाहन खुदरा कारोबार के लिए जून एक ऐतिहासिक महीना रहा। यह अब तक का सबसे बेहतर जून का महीना रहा जिसमें दोपहिया, तिपहिया, वाणिज्यिक वाहन, यात्री वाहन और कृषि उपकरण (ट्रैक्टर) सभी खंडों ने अब तक का रिकॉर्ड प्रदर्शन दर्ज हुआ। जुलाई के परिदृश्य पर फाडा ने कहा कि उद्योग जगत के डीलर का रुख सकारात्मक बना हुआ है। 51.24 प्रतिशत डीलर को वृद्धि की उम्मीद है, 41.79 प्रतिशत बाजार के स्थिर रहने का अनुमान लगा रहे हैं, जबकि केवल 6.97 प्रतिशत की गिरावट की आशंका है। उम्मीदें इस बात पर टिकी हैं कि मानसून अपनी कमी पूरी करेगा, खरीफ बुवाई गति पकड़ेगी और पश्चिम एशिया में युद्धविराम तथा कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बाद आपूर्ति सामान्य बनी रहेगी। कुल मिलाकर जुलाई 2026 का परिदृश्य सतर्कतापूर्ण आशावादी दिखता है। त्योहारी मौसम से पहले मानसून की भरपाई और ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी प्रवाह प्रमुख कारक रहेंगे। यात्री वाहन खंड ने जुलाई में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) और सीएनजी मॉडल की मजबूत बुकिंग तथा नए मॉडल पेश किए जाने के साथ प्रवेश किया है, जबकि माल ढुलाई तथा बुनियादी ढांचा गतिविधियों के चलते वाणिज्यिक वाहन खंड स्थिर रहने की संभावना है। वहीं मानसून सामान्य होने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में नकदी प्रवाह में सुधार तथा ईवी और ईंधन-कुशल मॉडल की बढ़ती मांग से दोपहिया वाहन खंड को समर्थन मिलेगा। हालांकि, कम वर्षा वाले क्षेत्रों और जुलाई में वाहन कंपनियों की मूल्य वृद्धि के कारण कुछ खरीदार इंतजार की रणनीति अपना सकते हैं।

ओपेक प्लस के सात देशों का अगस्त में अधिक तेल उत्पादन करने का फैसला

न्यूयॉर्क। तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक प्लस के कुछ सदस्य देशों ने अगस्त महीने में उत्पादन में मामूली बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इस कदम से वैश्विक बाजार में अतिरिक्त कच्चा तेल उपलब्ध होने की संभावना है।

ओपेक प्लस देशों का यह फैसला ऐसे समय में सामने आया है जब ईंधन की कीमतें हाल के महीनों में घटकर पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले के स्तर पर आ गई हैं। ओपेक और उसके सहयोगी देशों के समूह ओपेक प्लस ने रविवार को ऐलान किया कि सात देश अगस्त में कुल मिलाकर 1.88 लाख बैरल कच्चे तेल का प्रतिदिन उत्पादन बढ़ाएंगे। यह लगातार पांचवां महीना है जब समूह ने उत्पादन बढ़ाने पर सहमति जताई है। इस निर्णय में शामिल देशों में सऊदी अरब, रूस, इराक, कुवैत, कजाकिस्तान, अल्जीरिया और ओमान शामिल हैं। सदस्य देश बाजार की स्थितियों की निगरानी एवं आकलन जारी रखेंगे। उन्होंने बाजार स्थिरता बनाए रखने के प्रयासों के तहत सतर्क रुख अपनाने के महत्व को दोहराया है। पिछले एक महीने में बाजार में सकारात्मक संकेतों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आई है। यह गिरावट उस अंतरिम समझौते के बाद आई जिसमें अमेरिका और ईरान ने अपने संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाए। समझौते के तहत ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के निर्बाध आवागमन की अनुमति दी, जबकि अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों पर अपनी नाकेबंदी समाप्त करने पर सहमति जताई। होर्मुज जलडमरूमध्य से अब अधिक वाणिज्यिक जहाज गुजर रहे हैं, जो पहले वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत मार्ग था। हालांकि, जहाजों की आवाजाही अब भी संघर्ष-पूर्व स्तर से नीचे है और क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। अंतराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत रविवार देर रात कारोबार शुरू होने के बाद 72 डॉलर प्रति बैरल से नीचे रही।

पेज एक का शेष

एक्ट ईस्ट

के साथ बातचीत करेंगे। मोदी ने तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में इंडोनेशिया पहुंचने के तुरंत बाद सोशल मीडिया पर यह बात कही। इस यात्रा का उद्देश्य भारत की एक्ट ईस्ट नीति, महासागर दृष्टिकोण और एक स्वतंत्र, मुक्त एवं समावेशी हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करना है। विशेष सद्भावना के तहत हवाई अड्डे पर मोदी का स्वागत इंडोनेशियाई राष्ट्रपति सुबियांतो ने किया। इसके अलावा, प्रधानमंत्री की अगवानी के लिए चार मंत्री भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री मोदी का इस दौरान पारंपरिक ढंग से स्वागत किया गया और उन्होंने सलामी गारद का निरीक्षण किया। मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, जकार्ता पहुंच गया हूं। हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो द्वारा मेरा स्वागत किए जाने की सद्भावना से मैं बहुत प्रभावित हूं। वर्ष 2018 में संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जाए जाने के बाद से इंडोनेशिया की यह मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

स्टार्टअप मिशन

को आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत सूचीबद्ध राजकीय अस्पतालों और संबद्ध निजी अस्पतालों में आईपीडी (अंतरंगी विभाग) उपचार के लिए प्रति परिवार प्रतिवर्ष 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी। इससे गंभीर बीमारी की स्थिति में परिवारों को आर्थिक राहत मिलेगी। कैबिनेट ने सुरक्षा योजना के तहत प्रति होमगार्ड स्वयंसेवक एवं अवैतनिक अधिकारी 3 हजार रुपये वार्षिक प्रीमियम की दर से योजना संचालित की जाएगी। इसके लिए सरकार पर लगभग 35.50 करोड़ रुपये का वार्षिक वित्तीय व्यय अनुमानित है। इस कैशलेस चिकित्सा सुविधा योजना का संचालन साचीज के माध्यम से किया जाएगा। इस योजना से प्रदेश में लगभग 69 हजार होमगार्ड्स और उनके आश्रित लाभान्वित होंगे। कैबिनेट बैठक में वेतन समिति (2016) की संस्तुतियों पर मुख्य सचिव समिति द्वारा दी गई सिफारिशों को मंजूरी मिल गई है। कैबिनेट ने इन संस्तुतियों को यथावत स्वीकार करने का निर्णय लिया। इसके तहत गृह (पुलिस) विभाग के कर्मचारियों को मिलने वाले भत्तों में संशोधन किया जाएगा। साथ ही न्याय विभाग के अधीनस्थ न्यायालयों, कारागार प्रशासन एवं सुधार विभाग, वन विभाग, आबकारी विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा आयुष विभाग के कर्मचारियों के वर्दी, वर्दी नवीनीकरण और वर्दी धुलाई भत्ते में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। हालांकि अन्य भत्तों और मामलों में किसी प्रकार का संशोधन नहीं किया गया है। सरकार के अनुसार इस निर्णय से विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को राहत मिलेगी और उन्हें बढ़ी हुई दरों पर वर्दी संबंधी भत्ते प्राप्त होंगे। इन संस्तुतियों को लागू करने से राज्य सरकार पर लगभग 20 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

यूपी पौधरोपण

माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्याः के वैदिक संदेश को आत्मसात करते हुए उत्तर प्रदेश पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक नया इतिहास रचेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत 12 जुलाई को प्रदेश में एक ही दिन 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने सभी मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, महापौरों, जिला पंचायत अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों, नगर निकायों एवं पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अगले दो दिनों में स्थानीय स्तर पर बैठक कर अभियान की सभी तैयारियां पूरी कर लें। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पौधरोपण अभियान अब जनआंदोलन का स्वरूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि 5 जून, विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रदेश में पांच करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए, जबकि पिछले नौ वर्षों में राज्य में 247 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इस वर्ष महर्षि चरक औषधि वन, समरस वन, समृद्धि वन, कृषि वन, ऊर्जा वन और कपि वन जैसे विशेष वन विकसित किए जाएं। इसके साथ ही मिशन छाया, अविरल धारा पौधरोपण, सहजन भंडारा और आम भंडारा जैसे कार्यक्रम भी अभियान का हिस्सा बनाए जाएं।

चंपत राय

महासचिव बनाये गये कृष्ण मोहन अपनी सहायता के लिए एक टीम चुनने के लिए स्वतंत्र होंगे जो पारदर्शिता और प्रशासनिक प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से उपायों की निगरानी करेगी।

उन्होंने कहा कि ट्रस्ट 22 जुलाई को फिर से बैठक करेगा, तब तक उसे उम्मीद है कि कथित गबन की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप देगी। उन्होंने कहा कि बैठक में अतिरिक्त ट्रस्टियों की नियुक्ति के साथ रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी। गिरि ने कहा कि ट्रस्ट चाहता है कि बड़े साजिशकर्ताओं समेत कथित चोरी में शामिल सभी लोगों की पहचान की जाए और उन्हें दंडित किया जाए। उन्होंने इस विवाद का इस्तेमाल मंदिर ट्रस्ट को बदनाम करने और भक्तों के बीच विभाजन पैदा करने के प्रयासों के प्रति आगाह किया। उन्होंने भक्तों से झूठे प्रचार से गुमराह न होने की अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को दान की गई वस्तुओं के बारे में संदेह है तो वह सत्यापन के लिए ट्रस्ट कार्यालय से संपर्क कर सकता है। गिरि ने कहा कि दान के कथित गबन से उत्पन्न घटनाक्रम के मद्देनजर ट्रस्ट ने 11 जुलाई को होने वाली अपनी बैठक को आगे बढ़ाकर सोमवार कर दिया है।

आज की बैठक शाम में समाप्त हुई, जिसके बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास कार्यक्रम स्थल से चले गए। उन्होंने कहा कि कृष्ण मोहन, जिन्हें अंतरिम महासचिव के रूप में अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, अपनी सहायता के लिए एक टीम चुनने के लिए स्वतंत्र होंगे और पारदर्शिता और प्रशासनिक प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से उपायों की निगरानी करेंगे। गिरि ने कहा कि ट्रस्ट 22 जुलाई को फिर से बैठक करेगा, तब तक उसे उम्मीद है कि गबन की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंप देगी। उन्होंने कहा कि बैठक में अतिरिक्त ट्रस्टियों की नियुक्ति के साथ रिपोर्ट पर चर्चा की जाएगी। अंतरिम महासचिव मोहन ने बैठक के बाद कहा कि जो भी दोषी पाया जाएगा उसे उचित सजा मिलेगी। उन्होंने कहा कि सभी ट्रस्टी लोगों के विश्वास को बहाल करने और राम मंदिर ट्रस्ट के उद्देश्यों के अनुसार भक्तों द्वारा किए जाने वाले चढ़ावे का प्रबंधन करने के लिए काम करेंगे। यह बैठक राम जन्मभूमि मंदिर परिसर के अंदर अपराह्न करीब सवा तीन बजे शुरू हुई जिसमें ट्रस्ट के नौ स्थायी सदस्यों में से सात ने भाग लिया। यह बैठक शाम करीब साढ़े छह बजे खत्म हुई। मंदिर के चढ़ावे के गबन के आरोपों के बाद राय और मिश्रा द्वारा दिए गए इस्तीफे पर विचार-विमर्श करने, मामले की एसआईटी जांच की प्रगति की समीक्षा करने और इस्तीफे स्वीकार किए जाने पर ट्रस्ट में प्रमुख पदों पर नियुक्तियों पर चर्चा करने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी। बैठक से पहले, ट्रस्ट के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास ने कहा था कि वह रामलला मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी से बहुत दुखी हैं। उन्होंने जिम्मेदार लोगों के लिए कड़ी सजा की मांग की है। उन्होंने यह विश्वास भी जताया कि कथित अपराध से जुड़े सभी लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। राम मंदिर परिसर के आसपास व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, संपर्क मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। मीडियाकर्मियों एवं अन्य लोगों के निजी वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया गया था। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए बैठक स्थल को मणिराम दास छावनी से मंदिर परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया था।

मंदिर के चढ़ावे की कथित चोरी की जांच के लिए, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित एक एसआईटी ने पिछले महीने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी थी, जिसके बाद एक प्राथमिकी दर्ज की गई और आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांचकर्ताओं ने हटाए गए सीसीटीवी फुटेज भी बरामद किए हैं, जिसमें कुछ आरोपी मंदिर परिसर से बाहर जाते समय कथित तौर पर नोटों को छिपाते हुए नजर आ रहे हैं।

चढ़ावा चोरी

(सीएजी) से लेखा परीक्षण (ऑडिट) कराने का भी निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। सुनवाई की शुरुआत में अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने पीठ को बताया कि अजय कुमार राय की इसी प्रकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने 29 जून को निर्देश दिया था कि मामले को ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सूचीबद्ध किया जाए।

पाक संचालित

(आईएसआई) के इशारे पर काम कर रहे थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ की टीम ने दोनों मॉड्यूल को भंडाफोड़ किया और अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक, पहला मॉड्यूल पाकिस्तान स्थित राणा हुसैन द्वारा संचालित किया जा रहा था, जो भट्टी का कथित सहयोगी है। अधिकारी ने कहा इसे पेट्रोल बमों का इस्तेमाल कर कथित तौर पर दिल्ली में किसी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान या पुलिस प्रतिष्ठान पर हमला करने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के निवासी दो आरोपियों - दानिश उर्फ चांद मिया (24) और सलमान (20) को साजिश को अंजाम देने से पहले दिल्ली के विजय घाट इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया।

हाफिज सईद

गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। एनआईए द्वारा जारी बयान में कहा गया, आरोपपत्र में अभियुक्त के खिलाफ भारत के विरुद्ध युद्ध छेड़ने तथा सीमा पार से भारत के खिलाफ साजिश रचने के आरोपों से संबंधित दंडात्मक धाराएं भी लगाई गई हैं। बयान के अनुसार, पूरक आरोपपत्र में पाकिस्तान की साजिश, सईद की भूमिका और एनआईए द्वारा बारीकी से वैज्ञानिक जांच और जमीनी पड़ताल के जरिए इकट्ठा किए गए सबूतों की जानकारी दी गई है। सईद दुनिया के सबसे वांछित वैश्विक आतंकवादियों में से एक है। उसे मुख्य रूप से 1980 के दशक के उत्तरार्ध में गठित लश्कर-ए-तैयबा के सह-संस्थापक और प्रमुख के रूप में जाना जाता है। उसने लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना की, जो दक्षिण एशिया के सबसे बड़े और सक्रिय आतंकी संगठनों में से एक है और विशेष रूप से भारत को निशाना बनाने वाली गतिविधियों के लिए कुख्यात रहा है।

धामी सरकार

रूप से अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। अभियान के दौरान समाज कल्याण पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाणपत्र, स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, किसानों को कृषि यंत्र एवं उन्नत बीज जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। कई मामलों में लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र और प्रमाणपत्र भी तत्काल सौंपे जा रहे हैं, जिससे लोगों को लंबे इंतजार से राहत मिल रही है।

यूपी मिशन

भाजपा का हर कार्यकर्ता कोई मामूली नहीं है सभी अपनी एक महत्वपूर्ण भूमिका रखते हैं और उसी भूमिका को नितिन नबीन के दौरे ने साफ कर दिया है। खाट पर बैठकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के घर आम खाना केवल एक आम खाने की बात नहीं बल्कि 2027 के चुनावी रणनीति की चर्चा का केंद्र रहा, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री की मौजूदगी के साथ दोनों डिप्टी सीएम संगठन और सरकार के वरिष्ठ नेताओं का होना भी यह पैगाम देता है कि संगठन और सरकार हर मोर्चे की चुनावी तैयारी करने में जुटी हुई है। साथ ही वह भी आम आदमी की तरह ही जोड़ने की प्रक्रिया का हिस्सा दिखते है।

भारत व इंग्लैंड का मुकाबला आज

बिश्नोई की जगह तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में तेज गेंदबाज को मिल सकती है जगह

एजेंसी

नॉटिंघम। ब्रिटेन दौरे पर अब तक जीत का स्वाद चखने में नाकाम रही भारतीय टीम मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में संयोजन में बदलाव कर सकती है। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुआई में टीम प्रबंधन अतिरिक्त तेज गेंदबाज को अंतिम एकादश में शामिल करने पर विचार कर रहा है, जबकि लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की जगह खतरे में दिखाई दे रही है। अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक चार में से तीन मुकाबले हार चुका है। इनमें आयरलैंड के खिलाफ 0-2 की शर्मनाक श्रृंखला हार भी शामिल है। ऐसे में टीम के लिए तीसरा टी20 करो या मरो जैसा मुकाबला बन गया है। मैनचेस्टर में खेले गए दूसरे टी20 में बिश्नोई पूरी तरह लय से बाहर नजर आए। उन्होंने तीन बैक-फुट नो-बॉल फेंकी और पारी के 17वें ओवर में 29 रन लुटाए। चार ओवर में बिना विकेट लिए 60 रन खर्च करने के बाद उनकी टीम में जगह पर सवाल उठने लगे हैं।



विशेषज्ञों का मानना है कि जब अक्षर पटेल और वरुण चक्रवर्ती पहले से मौजूद थे, तब ओल्ड ट्रैफर्ड की परिस्थितियों में तीसरे विशेषज्ञ स्पिनर की जरूरत नहीं थी। ट्रेंट ब्रिज की परिस्थितियों को देखते हुए बिश्नोई का अंतिम एकादश में शामिल होना मुश्किल माना जा रहा है। उनकी जगह तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को मौका मिल सकता है। स्विंग और पिच से अतिरिक्त हरकत हासिल करने की उनकी क्षमता उन्हें प्रसिद्ध कृष्णा से बेहतर विकल्प बनाती है, जिनकी बैक-ऑफ-द-लेंथ गेंदें टी20 क्रिकेट में अपेक्षाकृत आसान साबित होती हैं। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने पिछले मैच में शुरुआती ओवर में दो विकेट समेत कुल तीन विकेट झटके थे, लेकिन इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक द्वारा उनके एक ओवर में बनाए गए 27 रन भी भारत की हार का बड़ा कारण बने। इंग्लैंड ने 191 रन का लक्ष्य एक ओवर शेष रहते हासिल कर लिया था। ट्रेंट ब्रिज की बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से एक बार फिर आक्रामक पारी की उम्मीद होगी। उनके साथ शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा भारतीय पारी की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। पिछले छह महीनों से आईपीएल समेत अधिकांश मुकाबले सपाट विकेटों पर खेलने वाली भारतीय बल्लेबाजी इकाई इंग्लैंड की अतिरिक्त उछाल, गेंद की हरकत और सैम कुरन जैसे गेंदबाजों की विविधताओं के सामने संघर्ष करती दिखी है। कप्तान श्रेयस अय्यर और इशान किशन ने कुछ उपयोगी रन जरूर बनाए हैं, लेकिन दोनों ही यह स्वीकार करेंगे कि वे इंग्लैंड के गेंदबाजों पर पूरी तरह हावी नहीं हो सके। तिलक वर्मा ने पिछले मुकाबले में आखिरी ओवरों में छोटी लेकिन उपयोगी पारी खेली लेकिन टीम बीच के ओवरों में रन गति बनाये रखने में संघर्ष करती दिख रही है।

धीमें गेंदबाजों और कुरन ने इस दौरान भारतीय बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। भारत ने पिछले दोनों मुकाबलों में क्रमशः 189 और 190 रन बनाए, लेकिन दोनों बार यह स्कोर कम से कम 25 से 30 रन कम साबित हुआ। भारतीय बल्लेबाजों में केवल अभिषेक शर्मा ही अपनी स्वाभाविक आक्रामक शैली पर कायम रहे हैं। उन्होंने दोनों मैचों में महज 24-24 गेंदों पर क्रमशः 59 और 43 रन बनाए। पदार्पण का दबाव पीछे छोड़ चुके वैभव सूर्यवंशी अब इंग्लैंड के गेंदबाजों पर खुलकर हमला करने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के स्पिनर लियाम डॉसन, विल जैक्स और आदिल रशीद लगातार गेंद की गति कम रखकर भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं। दूसरी ओर, भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती टी20 विश्व कप के बाद से अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं और थोड़ी तेज गति से गेंदबाजी कर रहे हैं।

भारत ने पिछली बार 2022 में ट्रेंट ब्रिज में टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला खेला था। उस मैच में सूर्यकुमार यादव ने 48 गेंदों में शानदार शतक जड़ा था, लेकिन उनकी विस्फोटक पारी भी भारत को हार से नहीं बचा सकी। मैच का समयः रात 10:00 बजे (भारतीय समयानुसार)। वहीं दूसरी ओर भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने सोमवार को कहा कि भारतीय टीम में चुने जाने के बाद से ही वैभव सूर्यवंशी पदार्पण के लिये तैयार था और टीम प्रबंधन इस युवा बल्लेबाज को तैयार करने के लिये कोई खास रणनीति नहीं अपना रहा था। 15 वर्ष 99 दिन की उम्र में सूर्यवंशी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा भारतीय खिलाड़ी बने जिन्होंने पिछले सप्ताह इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में पदार्पण किया। कोटक ने तीसरे टी20 से पहले पत्रकारों से कहा, टीम में चुने जाने के बाद से ही वह पदार्पण के लिये तैयार था। ऐसा नहीं है कि वह पिछले मैच में ही तैयार हुआ।

उन्होंने कहा ,हमारे लिये यही अहम था कि वह जैसा आज तक खेलता आया है, वैसे ही खेले। कोई खास निर्देश उसे नहीं दिये गए कि यह करना है या यह नहीं करना है। कोटक ने कहा कि नये कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ और हार्दिक पंड्या जैसे हरफनमौला के बिना भारतीय टीम बदलाव के दौर में है। उन्होंने कहा , हमारा प्रयास तीनों विभागों बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बेहतर प्रदर्शन करना है। पिछले विश्व कप से अगले दो साल में होने वाले विश्व कप तक, उससे आगे के स्तर पर कैसे पहुंचा जाये क्योंकि हर टीम प्रदर्शन बेहतर करने की कोशिश में लगी है। उन्होंने कहा, पिछले दो साल में हम कोई श्रृंखला नहीं हारे थे।

श्रीलंका ने भारत को आठ विकेट से हराया

हम्बनटोटा (श्रीलंका)। दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ ने 67 गेंद में 87 रन की उम्दा पारी खेली लेकिन इसके बावजूद श्रीलंका अंडर-19 टीम ने सलामी बल्लेबाज दिमांथा महाविथाना के नाबाद 155 रन की बदौलत सोमवार को यहां दूसरे युवा एकदिवसीय मैच में भारत अंडर-19 टीम को आठ विकेट से हरा दिया। अन्वय की पारी की मदद से भारत ने 285 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया लेकिन महाविथाना की 153 गेंद में 12 चौकों और पांच छक्कों से नाबाद 155 रन की पारी की बदौलत श्रीलंका ने 48 ओवर में दो विकेट पर 291 रन बनाकर जीत दर्ज की। तीन मैच की श्रृंखला अब 1-1 से बराबर है। महाविथाना ने सेनुजा वेकुनागोडा (60) के साथ दूसरे विकेट के लिए 103 और कप्तान विमथ दिनसारा (नाबाद 56) के साथ तीसरे विकेट के लिए 163 रन की अटूट साझेदारी करके मेजबान टीम की जीत की राह आसान की। भारतीय टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उसकी शुरुआत अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर चार विकेट पर 81 रन था। अन्वय (नौ चौके और एक छक्का) और अर्जुन राजपूत (76) ने टीम को संकट से उबारा।

विकेटकीपर-बल्लेबाज अन्वय और राजपूत ने पांचवें विकेट के लिए 145 रन जोड़कर भारत को 221 रन तक पहुंचाया। राजपूत के आउट होने से यह साझेदारी टूटी। अन्वय ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 47 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उनके पास शतक बनाने का अच्छा मौका था लेकिन वह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गिम्हान मेंडिस के हाथों आउट हो गए जिन्होंने श्रीलंका के लिए 41 रन देकर पांच विकेट लिए। उनके आउट होने के बाद भारतीय पारी ज्यादा देर तक नहीं चली। उसने अपने अंतिम तीन विकेट 22 रन के अंदर गंवा दिए। भारत ने पहले मैच में श्रीलंका को चार विकेट से हराया था।

भारत ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में चार स्वर्ण सहित जीते 20 पदक

पटाया। भारतीय पहलवानों ने अंडर-20 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण सहित 20 अपने नाम किये जिसमें सात रजत और नौ कांस्य पदक शामिल है। भारत ने चैंपियनशिप के महिला कुश्ती और पुरुष फ्रीस्टाइल में ओवरऑल टीम रैंकिंग में भी शीर्ष तीन में जगह पक्की की।

महिला कुश्ती में भारतीय टीम 184 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही जो चैंपियन चीन (189 अंक) से थोड़ा ही कम था। जापान (142 अंक) तीसरे स्थान पर रहा। भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल टीम 152 अंकों तीसरे स्थान पर रही। उससे आगे विजेता कजाकिस्तान (170) और ईरान (164) रहे। महिला वर्ग में परवीन (50 किग्रा), मुस्कान (53 किग्रा) और काजल (76 किग्रा) ने स्वर्ण पदक के साथ भारतीय चुनौती की अगुवाई की।

मान्या राजपूत (57 किग्रा), सविता (62 किग्रा) और मनीषा (72 किग्रा) को चीन के पहलवानों के खिलाफ अपने-अपने फाइनल मुकाबले हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। काजल (55 किग्रा), कोमल (59 किग्रा) और मानसी लाथर (65 किग्रा) के कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। पुरुष फ्रीस्टाइल में सुमित कुमार लक्ष्मण भारास्कर ने 70 किग्रा वर्ग में भारत के लिए इकलौता स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कजाकिस्तान के सुंगकर सेदाखमेट के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 13-7 से जीत हासिल की। पुष्प (61 किग्रा), सौरभ यादव (79 किग्रा) और रौनक (125 किग्रा) को फाइनल में शिकस्त झेलने के बाद रजत पदक मिला जबकि रोहित (57 किग्रा), आदर्श युवराज पाटिल (74 किग्र) और लकी (97 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।

विम्बलडन 2008 फाइनल की यादें ताजा करने लौटे रोजर फेडरर

लंदन। ग्रासकोर्ट के बादशाह रहे रोजर फेडरर सोमवार को विम्बलडन में लौटे। अवसर था 2008 फाइनल में पांच सेटों में रफेल नडाल से मिली हार की 18वीं सालगिरह का। भूरे रंग का सूट पहने आठ बार के एकल चैम्पियन फेडरर चौथे दौर के मैचों के लिये रॉयल बॉक्स में मेहमान थे। वह सेंटर कोर्ट पर फिलीपींस की अलेक्जेंड्रा ऐला और 2024 की उपविजेता जैसमीन पाओलिनी के बीच मैच के दौरान पहली कतार में बैठे थे। नडाल ने 2008 फाइनल में फेडरर को आखिरी सेट में 9 . 7 से हराया था और यह टेनिस के इतिहास के सबसे यादगार मुकाबलों में से एक माना जाता है। इसके साथ ही पहले दो सेट हारने के बाद विम्बलडन फाइनल जीतने वाले नडाल 1927 के बाद पहले पुरूष खिलाड़ी बन गए थे।

संक्षेप

हॉकी इंडिया ने एशियाई चैम्पियनशिप शिविर के लिये 15 सदस्यीय टीम की घोषणा

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सोमवार को पहली युवा हॉकी5 एशियाई चैम्पियनशिप की तैयारी के लिये चंडीगढ में सात से 18 जुलाई तक लगने वाले सब जूनियर पुरुष टीम के राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिये 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। टूर्नामेंट ओमान के मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक आयोजित होगा। शिविर चंडीगढ सेक्टर 14 में पंजाब यूनिवर्सिटी में भारत के पूर्व कप्तान सरदार सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। सरदार ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा , यह इतने बड़े स्तर पर नये प्रारूप में भारत के लिये खेलने का इन युवा खिलाड़ियों के पास अच्छा मौका है। हमारा लक्ष्य खिलाड़ियों को हॉकी5 की जरूरतों के बारे में समझाना और उनके बेसिक्स मजबूत करना होगा। सभी 15 खिलाड़ी हाल ही में मेजबान जापान को 4 . । से हराकर अंडर 18 एशिया कप जीतने वाली टीम में थे।

कजिंस के मार्गदर्शन में भारतीय तीरंदाजों की नजरें बेहतर प्रदर्शन पर

मैड्रिड। नये कोच डेव कजिंस के साथ भारतीय कंपाउंड तीरंदाज मंगलवार से यहां शुरू हो रहे विश्व कप के चौथे और आखिरी चरण में पिछले खराब प्रदर्शन को भुलाकर जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेंगे जबकि रिकर्व तीरंदाज एशियाई खेलों से पहले शानदार लय कायम रखना चाहेंगे। जापान में 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों से पहले यह भारतीय तीरंदाजों का आखिरी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है। दुनिया के सबसे कामयाब कंपाउंड तीरंदाजों में से एक अमेरिका के कजिंस तीन महीने पहले ही भारतीय टीम से जुड़े हैं। भारतीय कंपाउंड टीम ने हांगझोउ एशियाई खेलों में सभी पांच स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता था। इटली के सर्जियो पाग्नी उस समय भारत के कोच थे लेकिन उनके जाने के बाद से प्रदर्शन में गिरावट आई है। इस सत्र में विश्व कप के तीन चरण में भारत एक स्वर्ण और एक कांस्य ही जीत सका है। पिछले महीने अंताल्या चरण से टीम खाली हाथ लौटी। दूसरी ओर रिकर्व टीम आत्मविश्वास के साथ यहां पहुंची है जिसकी अगुवाई पेरिस ओलंपियन धीरज बोम्मदेवरा कर रहे हैं।

प्रज्ञानानंदा तीसरे, गुकेश छठे स्थान पर

एजेंसी

जाग्रेब। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा ने ग्रैंड शतरंज टूर के क्रोएशियाई चरण के अंतिम दिन सोमवार को शानदार वापसी करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने 23.5 अंकों के साथ खिताब अपने नाम

ग्रैंड शतरंज टूर

किया। प्रज्ञानानंदा ने फ्रांस के ही मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव के साथ 21.5 अंक जुटाकर संयुक्त तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दिन की शुरुआत जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार के साथ की लेकिन इसके बाद अंतिम आठ बाजियों में छह अंक जुटाकर

शानदार वापसी की। उन्हें दूसरी हार हमवतन और मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश के खिलाफ मिली, जबकि उन्होंने टूर्नामेंट विजेता फिरोजा को हराने में सफलता हासिल की।

ब्लिट्ज के पहले दिन नौ में से आठ अंक हासिल कर शानदार शुरुआत करने वाले अलीरेजा अंतिम दिन लय बरकरार नहीं रख सके और केवल पांच अंक ही जोड़ पाए। इससे उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव ने भी कुल 23.5 अंकों के साथ उनकी बराबरी कर ली। इसके बाद खिताब का फैसला टाई-ब्रेक से हुआ। शुरुआती दो मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद आर्मागेडन मुकाबले में काले मोहरों से खेल रहे अलीरेजा ने ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। जर्मनी के विंसेंट कीमर 20 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे, जबकि मौजूदा विश्व चैंपियन डी. गुकेश 18.5 अंकों के साथ छठे स्थान पर रहे। नीदरलैंड के अनीश गिरि 17 अंकों के साथ सातवें, रोमानिया के डेएक बोगदान डेनियल 15 अंकों के साथ आठवें, नीदरलैंड के जोर्डेन वान फॉरेस्ट 12.5 अंकों के साथ नौवें और मेजबान क्रोएशिया के इवान सारिच सात अंकों के साथ दसवें स्थान पर रहे।

आईएसएल चैंपियन ईस्ट बंगाल ने हबास को मुख्य कोच नियुक्त किया

कोलकाता। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) चैंपियन ईस्ट बंगाल ने 2026-27 सत्र के लिए स्पेन के एंटोनियो लोपेज हबास को मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की है। यह नियुक्ति उस समय हुई है जब कोलकाता की यह दिग्गज टीम अपनी पहली आईएसएल लीग शील्ड का बचाव करने की तैयारी कर रही है और साथ ही अपने स्वामित्व ढांचे को लेकर अनिश्चितता का सामना भी कर रही है। ईस्ट बंगाल 25 जुलाई को यहां डूरंड कप के पहले मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान का सामना करेगा। क्लब के सूत्रों के मुताबिक हबास मैच से पहले टीम की कमान संभाल लेंगे।

ब्राजील विश्व कप से बाहर

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम। फीफा विश्व कप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में ब्राजील की चौकाने वाली हार से केरल में मायूसी का माहौल है जहां के प्रशंसक निराशा में टीम के विशाल कटआउट हटाने के साथ भावुक वीडियो साझा किए और महान फुटबॉलर नेमार के

केरल में छलका प्रशंसकों का दर्द

अंतरराष्ट्रीय करियर को भावुक अंदाज में विदाई दी। केरल में फुटबॉल केवल खेल नहीं बल्कि एक जुनून है और ब्राजील की हार ने बड़ी संख्या में यहां मौजूद प्रशंसकों को झकझोर दिया। पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील की प्री-क्वार्टर फाइनल में नॉर्वे से 1-2 की

हार से मलप्पुरम से लेकर कोझिकोड तक निराशा में दिखा। हार के बाद सोशल मीडिया और सार्वजनिक स्थानों पर निराशा और भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा।

विश्व कप से पहले केरल के कई इलाकों में नेमार और ब्राजील के अन्य खिलाड़ियों के विशाल कटआउट और फ्लेक्स लगाए गए थे, जो ब्राजील फुटबॉल के प्रति राज्य के गहरे लगाव का प्रतीक थे। लेकिन हार के कुछ घंटों के भीतर ही निराश समर्थकों ने इनमें से अधिकांश कटआउट और बैनर हटा दिए। सोशल मीडिया पर ब्राजील समर्थकों की भावुक प्रतिक्रियाओं वाले कई वीडियो वायरल हो गए।

सबसे मार्मिक वीडियो में एक छोटा बच्चा हार के बाद बिस्तर पर लेटकर फूट-फूटकर रोता दिखाई दिया, जबकि उसकी मां उसे सांत्वना देने की कोशिश करती रही। कोझिकोड से सामने आए एक अन्य वीडियो में सार्वजनिक स्क्रीनिंग के दौरान पीली जर्सी पहने सैकड़ों प्रशंसक ब्राजील के हर आक्रमण पर उत्साह से झूमते नजर आए। हालांकि नॉर्वे के विजयी गोल के साथ ही उत्सव का माहौल अचानक गहरे सन्नाटे में बदल गया।

महिला क्रिकेट स्वर्णिम युग में है : जय शाह

एजेंसी

लंदन। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया का इंग्लैंड को हराकर सातवां आईसीसी टी20 विश्व कप खिताब जीतने के बाद कहा कि महिला क्रिकेट अपने स्वर्णिम युग में चल रहा है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीत कर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और उसे चार विकेट पर 150 रन ही बनाने दिए। इसके बाद उसने 17.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर दिया। बाद में शाह ने ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनी को ट्रॉफी प्रदान की। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को उनके सातवें आईसीसी महिला टी20 विश्व कप खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई। उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। इंग्लैंड क्रिकेट को भी उपविजेता बनने पर बहुत-बहुत बधाई।

उन्होंने कहा, इस टूर्नामेंट ने हमें याद दिलाया कि महिला क्रिकेट क्यों देखने लायक है। शुरू से अंत तक शक्ति, जुनून और उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन देखने को मिला। दोनों टीमों और इस विश्व कप को इतना खास बनाने वाले सभी लोगों का आभार। महिला क्रिकेट स्वर्णिम युग में है।

बालोगुन के मामले में फीफा का फैसला समझ से परे : यूईएफए

नियोन (स्विट्जरलैंड)। अमेरिका के फारवर्ड फोलारिन बालोगुन को पिछले मुकाबले में रेड कार्ड मिलने के बावजूद सोमवार को बेल्जियम के खिलाफ विश्व कप मैच खेलने की अनुमति देने पर यूरोपीय फुटबॉल महासंघ (यूईएफए) ने फीफा की कड़ी आलोचना की है। यूईएफए ने अपने बयान में कहा कि फीफा ने यह फैसला लेकर एक ऐसी सीमा लांघ दी है, जिसे पार नहीं किया जाना चाहिए। महासंघ का आरोप है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दबाव के बाद फीफा ने बालोगुन पर अनिवार्य एक मैच के प्रतिबंध को लागू नहीं किया। यूईएफए ने कहा, कभी-कभी नियमों की अलग-अलग व्याख्या की जा सकती है।

ओसाका विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

लंदन। जापान की नाओमी ओसाका ने विम्बलडन में इस साल के बहुप्रतीक्षित मुकाबले में विश्व नंबर एक एरीना सबालेंका को 6-2, 7-6 से हराकर पहली बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मुकाबले से पहले सबालेंका इस वर्ष तीनों भिड़ंतों में ओसाका को हरा चुकी थीं, जिनमें पिछले महीने फ्रेंच ओपन के इसी दौर का मुकाबला भी शामिल था।

ओसाका ने मैच के शुरुआती सेट में अपना सब कुछ झोक दिया और उनकी यह रणनीति कारगर रही। ओसाका की तेज और सपाट ग्राउंडस्ट्रोक्स के सामने सबालेंका बेबस नजर आईं। ओसाका ने कहा,

क्ले कोर्ट पर मुझे लगा कि वह लगातार मुझे बैकफुट पर धकेल रही थीं। इस बार मेरी कोशिश थी कि मैं पहले उन पर दबाव बनाऊं।

जीत के बाद ओसाका ने मुट्ठियां लहराकर जश्न मनाया, मुस्कुराईं और रैकेट सिर के ऊपर उठाकर घूमते हुए सेंटर कोर्ट पर अपने करियर की पहली जीत का उत्सव मनाया। सबालेंका ने हार स्वीकार करते हुए कहा, उन्होंने अपनी ताकत से मुझे पूरी तरह दबा दिया। उनका खेल अविश्वसनीय स्तर का था।

अंतिम आठ में ओसाका के सामने अब कारोलिना मुचोवा की चुनौती होगी। मुचोवा ने मौजूदा चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को 7-5, 5-7, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। इसके परिणाम के साथ यह भी तय हो गया कि इस बार विम्बलडन महिला एकल में नया चैंपियन मिलेगा। महिला एकल के अन्य मुकाबले में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलिंडा बेनचिच को 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार विम्बलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

फीफा वर्ल्डकप : नॉर्वे के असाधारण प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। ब्राजील जैसे दिग्गज को हराने के बाद स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड स्टेडियम के बीचोंबीच ड्रम पीटते नजर आये और लाल जर्सी में बैठे नॉर्वे के प्रशंसकों ने अनूठे वाइकिंग रो अंदाज में जश्न मनाया तो दुनिया भर के फुटबॉलप्रेमियों के रोंगटे खड़े हो गए। पांच बार के चैम्पियन ब्राजील को हराकर विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंची नॉर्वे टीम के प्रशंसकों का जश्न मनाने का यह अंदाज अब दुनिया भर में लोकप्रिय हो गया है। नॉर्वे के असाधारण प्रदर्शन, हालैंड के मैच दर मैच बढते गोल और प्रशंसकों की एकजुटता का परिचायक बन गया है वाइकिंग रो।

सोशल मीडिया इसकी रील्स और फोटो से भरा हुआ है और बोस्टन से लेकर न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वेयर तक और नॉर्वे की संसद से लेकर दिल्ली में इंडिया गेट तक वाइकिंग रो की झलक देखने को मिल रही है। इसकी शुरुआत में सबसे पहले नॉर्वे का एक पारंपरिक हॉर्न बजाया जाता है, जिसके बाद सभी फैंस जमीन पर एक लाइन में बैठ जाते हैं, मानो वे किसी पुरानी वाइकिंग लॉन्गबोट (समुद्री नाव) में बैठे हों। फिर एक लीडर ड्रम बजाना शुरू करता है। शुरुआत में बीट बहुत धीमी होती है, जो धीरे-धीरे तेज होती जाती है। ड्रम की बीट के साथ हजारों फैंस एक साथ अपने हाथों से नाव चलाने का एक्शन करते हैं और पूरी ताकत से रोउ चिल्लाते हैं। मैदान में जब हजारों लोग लाल रंग की नॉर्वे की जर्सी पहनकर एक साथ यह करते हैं, तो

स्टेडियम जोश से भर जाता है। अमेरिका के ईस्ट रदरफोर्ड में ब्राजील के खिलाफ मैच से पहले मीलों दूर दिल्ली में इंडिया गेट पर भी नॉर्वे के प्रशंसक वाइकिंग रो करते नजर आये। इस वीडियो को भारत में नॉर्वे के दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा करते कैप्शन दिया , नॉर्वे फुटबॉल का जोश भारत में। इंडिया गेट पर वाइकिंग रो।

फीफा की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार इसकी शुरूआत दिसंबर 2025 में हुई जब ओले फ्रोयस्टाड (अब मिस्टर रो रो के नाम से मशहूर) ने समुद्री नाव चलाने से प्रेरित यह नारा दिया। उन्होंने फीफा से कहा , लोगों को इस तरह साथ में नाव चलाने का एक्शन करते देखना मजेदार है। मैने सोचा भी नहीं था कि वाइकिंग रो इतना मशहूर हो जायेगा। नॉर्वे के प्रशंसकों के आधिकारिक समूह ने इसे बड़े पैमाने पर लोकप्रिय कर दिया। इस समूह के सदस्य टोरस्टेन हामरान ने कहा, इसकी शुरूआत ओले ने की और हमने इसे अपने अंदाज में अपनाया। कुछ लोगों को यह पसंद आया और कुछ को यह मूर्खतापूर्ण भी लगा। मार्च के अंत में ओस्लो में स्विटजरलैंड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ के दौरान यह पहली बार स्टेडियम में देखने को मिला।

भारत टैक्सी की तर्ज पर बनेगी सहकारी जीवन बीमा कंपनी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को घोषणा की कि सहकारी संस्थाओं के कारोबार का दायरा बढ़ाने के लिए एक सहकारी जीवन बीमा कंपनी स्थापित की जाएगी।

उन्होंने साथ ही कहा कि भारत टैक्सी की सेवाओं का विस्तार अगले दो साल में 500 शहरों तक किया जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी में सहकारिता मंत्रालय के पांचवें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भारत के सहकारी तंत्र की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए पेशेवरों की नियुक्तियों में भ्रष्टाचार समाप्त करने पर जोर दिया। शाह ने कहा कि मंत्रालय की स्थापना से भारत के सहकारी आंदोलन को नई ऊर्जा मिली है, जिसे कांग्रेस शासन के दौरान उपेक्षित आंदोलन बनाया गया था। भारत में लगभग 8.5 लाख सहकारी संस्थाएं हैं, जिनके 30 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। मंत्री ने मंत्रालय की ओर से उठाए गए कदमों का उल्लेख किया, जिनमें सहकारी तंत्र में पारदर्शिता और पेशेवर व्यवस्था लाने के प्रयास शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि सहकारी मॉडल के तहत शुरू की गई कैब सेवा से जुड़े मंच भारत टैक्सी का प्रदर्शन अच्छा रहा है और अगले दो वर्षों में इसका विस्तार 500 शहरों तक किया जाएगा। सहकारिता मंत्री ने कहा कि भारत टैक्सी की तर्ज पर हम सहकारी क्षेत्र में एक जीवन बीमा कंपनी स्थापित करेंगे। इससे बीमा क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं के विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उर्वरक क्षेत्र की सहकारी संस्था इफको का संयुक्त उद्यम इफको-टोकियो पहले से ही बीमा कारोबार में है। भारत में वर्तमान में 26



जीवन बीमा कंपनियां हैं। भारत टैक्सी सहकारिता मॉडल पर आधारित चालक-केंद्रित परिवहन मंच सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड की एक पहल है। वर्तमान में भारत टैक्सी के साथ 6.37 लाख पंजीकृत चालक और 35.77 लाख पंजीकृत ग्राहक जुड़े हुए हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह सेवा फिलहाल दिल्ली-एनसीआर, गुजरात, चंडीगढ़, मुंबई, जयपुर और कानपुर में संचालित हो रही है। अगले कुछ महीनों में इसे रांची, पटना, गुवाहाटी, भोपाल, कोलकाता, इंदौर में भी शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि विशेष रूप से बीज उत्पादन के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी संस्था का गठन किया गया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अगले तीन वर्षों में देश की सबसे बड़ी गैर-सरकारी बीज उत्पादन संस्था बनकर उभरेगी। मंत्री ने कहा कि सहकारी संस्थाओं ने डेयरी, चीनी, उर्वरक और बैंकिंग जैसे पारंपरिक क्षेत्रों से आगे बढ़ते हुए कई नए क्षेत्रों में भी प्रवेश किया है। कुल 394 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों (पैक्स) ने खुदरा ईंधन बिक्री केंद्र के लिए आवेदन किया है, जिनमें से तीन चालू हो चुके हैं। 54,000 से अधिक पैक्स साझा सेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में कार्य कर रहे हैं, जबकि 4,248 पैक्स को जन औषधि केंद्र खोलने की मंजूरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र का एक डेटाबेस तैयार किया है, जिससे देश में सहकारी संस्थाओं के विस्तार में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि गुजरात के आणंद में क्षमता निर्माण के लिए त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है, जो मानव संसाधन की समस्या से निपटेगा। मंत्री ने विश्वास जताया कि सहकारी क्षेत्र वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। केंद्रीय मंत्रालय पर राज्यों के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप करने की आशंका जताए जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस शासित राज्यों ने भी यह शिकायत नहीं की कि केंद्रीय मंत्रालय ने उनके अधिकार क्षेत्र में हस्तक्षेप किया है। केंद्रीय मंत्रालय का उद्देश्य राज्यों के विषयों में हस्तक्षेप करना नहीं है। इसका उद्देश्य नीतियां बनाना है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने में सहकारी क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन और भारतीय जनता पाटी की सरकारों ने हमेशा गरीबों के हित में सर्वांगीण विकास के लिए काम किया है।

ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में उमड़ी भारी भीड़

तेहरान। ईरान की राजधानी तेहरान में दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की अंतिम यात्रा में सोमवार को काले कपड़े पहने शोकाकुल लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ नारे लगा रहे थे और ट्रंप मुर्दाबाद के नारे लगा रहे थे।

ईरान के राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे खामेनेई (86) के ताबूत को एक ट्रक में रखा गया। इसी ट्रक में उनके परिजनों के ताबूत भी रखे गए जो 28 फरवरी को युद्ध की शुरुआत में इजराइल और अमेरिका के हवाई हमले में मारे गए थे। ईरान की धार्मिक सत्ता ने इस भारी जनसमूह को अपनी ताकत के प्रदर्शन के रूप में प्रोत्साहित किया। यह जुटान ऐसे समय में हुआ है, जब ईरान उस युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ बातचीत कर रहा है, जिसमें खामेनेई की मौत हो गई थी। ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित तस्वीरों में तेहरान के आज़ादी चौक से उसी नाम वाली सड़क पर कई किलोमीटर तक फैली विशाल भीड़ दिखाई दी। यह जनसमूह वर्ष 2020 में दिवंगत कासिम सुलेमानी की अंतिम यात्रा में उमड़ी भीड़ से भी बड़ा नजर आया। उस जुलूस में 10 लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे। अधिकारियों ने भीड़ की संख्या को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक आंकड़ा जारी नहीं किया। हालांकि, ट्रक के आसपास और अंतिम यात्रा मार्ग के विभिन्न हिस्सों में मौजूद लोग तख्तियां, पोस्टर और बैनर लिए हुए थे, जिन पर ट्रंप की मौत की मांग वाले नारे लिखे थे। शोकाकुल लोग ट्रक के पास पहुंचकर उसे छूने का प्रयास कर रहे थे। वहीं कुछ लोगों ने अपने स्कार्फ और अन्य वस्तुएं ट्रक पर मौजूद सहायकों की ओर उछालीं।

संक्षेप

मृतकों की संख्या बढ़कर 25 हुई

कोलंबो। श्रीलंका के पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो की एक जेल में हुई हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। क्षमता से अधिक कैदियों वाली इस जेल में रविवार को कैदियों के दो गुटों के बीच झड़प हुई थी। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को जब उपद्रवी कैदियों ने जेल के हथियारों पर कब्जा कर लिया तो फिर से हिंसा भड़क गई। हीरू न्यूज ने प्राधिकारियों के हवाले से बताया कि झड़पों और उसके बाद जेल में हुई हिंसा में 25 लोगों की मौत हो गई है जबकि 100 अन्य घायल हुए हैं। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आयी है कि यह हिंसा कथित तौर पर जेल के भीतर मादक पदार्थों की तस्करी का समर्थन करने वाले गुट और उसका विरोध करने वाले गुट के बीच हुई। पुलिस ने बताया कि स्थिति पर काबू पाने के लिए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है तथा पुलिस के विशेष कार्य बल और दंगा नियंत्रण इकाइयों को तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि झड़पों के बाद व्यवस्था बहाल करने और हिंसा रोकने के प्रयासों के तहत सोमवार को तीन कैदियों को पल्लानसेना जेल शिविर में स्थानांतरित किया गया। जेल विभाग के प्रवक्ता ए.सी. गजनायके ने बताया कि घटना की एक विशेष जांच शुरू कर दी गई है। जेल के महाआयुक्त के निर्देश पर एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है।

ममता गुट ने निर्वाचन आयोग को जवाब सौंपा

नयी दिल्ली। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले तृणमूल कांग्रेस के गुट ने सोमवार को निर्वाचन आयोग को अपना जवाब सौंपते हुए पार्टी पर प्रतिद्वंद्वी गुट के दावे को फर्जी करार दिया और कहा कि पार्टी संविधान के अनुसार दल की संगठनात्मक समितियां वर्ष 2027 तक वैध हैं। निर्वाचन आयोग को जवाब सौंपने के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि पार्टी ने बागी नेता ज तब्रत बनर्जी की ओर से दिए गए प्रतिवेदन के जवाब में निर्वाचन आयोग को बहुत विस्तृत उत्तर दाखिल किया है। उन्होंने बागी गुट के इस प्रमुख दावे को खारिज कर दिया कि अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) की समिति और राष्ट्रीय कार्य समिति का कार्यकाल वर्ष 2025 में समाप्त हो गया था। लोकसभा सदस्य बनर्जी ने कहा कि पार्टी संविधान में समय-समय पर संशोधन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2000 में कार्यकाल तीन वर्ष से बढ़ाकर चार वर्ष तथा वर्ष 2006 में पांच वर्ष कर दिया गया था।

गडकरी ने की एनएचएलएमएल की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देशभर में विकसित किए जा रहे बहु-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क (एमएमएलपी), रोपवे, इंटरमॉडल स्टेशन और राजमार्गों के किनारे स्थित सुविधाओं की परियोजना-स्तरीय प्रगति की सोमवार को समीक्षा की।

आधिकारिक बयान के अनुसार, नेशनल हाईवेज लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) की समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने भविष्य की जरूरतों के अनुरूप एकीकृत परिवहन तंत्र के निर्माण में इन

परिवर्तनकारी पहल के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये परियोजनाएं बहु-माध्यम को मजबूत करेंगी, नए आर्थिक अवसरों के द्वार खोलेंगी, संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देंगी और भारत की समग्र लॉजिस्टिक्स प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाएंगी। गडकरी ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन को प्रभावित करने वाली प्रमुख चुनौतियों का भी आकलन किया और सभी संबंधित पक्षों को प्राथमिकता के आधार पर बाधाओं को दूर कर परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के समयबद्ध तरीके से पूरा होने से लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार होगा।

राजग नेताओं ने कर्नाटक में एसआईआर में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाया

बेंगलुरु। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) वी. अंबुकुमार को औपचारिक शिकायत सौंपकर राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया।

शिकायत में सभी गणना प्रपत्रों की तत्काल जांच तथा घर-घर जाकर अनिवार्य रूप से दोबारा सत्यापन करने की मांग की गई है। उन्होंने इन अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार पाए जाने वाले सभी अधिकारियों और राजनीतिक पदाधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की भी मांग की।

नेताओं ने पत्र में लिखा, हम कर्नाटक राज्य में मतदाता सूची के एसआईआर से जुड़े कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरते जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए यह पत्र लिख रहे हैं। एसआईआर करने वाले अधिकारी स्वीकृत प्रक्रिया की बिल्कुल भी परवाह नहीं कर रहे हैं।

भाजपा ने मंत्रियों को हटाने संबंधी विधेयक का विरोध करने पर कांग्रेस को घेरा

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस गंभीर आपराधिक मामलों में लगातार 30 दिन तक न्यायिक हिरासत में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री को उनके पद से हटाने के प्रावधान वाले विधेयक का इसलिए विरोध कर रही है, क्योंकि कांग्रेस को लगता है कि उसे भ्रष्टाचार करने से नहीं रोका जाना चाहिए।

भाजपा की यह टिप्पणी कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश के इस बयान के एक दिन बाद आई है कि यह संविधान संशोधन विधेयक विरोधियों को राजनीतिक रूप से परेशानै करने के मकसद से लाया गया है और उनकी पार्टी इसका पुरजोर विरोध करेगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि प्रस्तावित कानून का मकसद कार्यकारी पदों पर बैठे लोगों के लिए जवाबदेही के समान मानक तय करना है। पूनावाला ने एक वीडियो संदेश में कहा, कुछ ऐसे लोग हैं, जिन्हें लगता है कि सिर्फ उन्हीं को सब कुछ पाने का हक है। उन्हें लगता है कि भ्रष्टाचार करना उनका अधिकार है। वे भ्रष्टाचार में शामिल होते हैं और अगर कोई उन्हें पकड़ ले, तो वे उत्पीड़न का रोना रोने लगते हैं। उन्होंने कहा, भ्रष्टाचार और अपराध को अपना अधिकार समझने की इस सोच को खत्म किया जा रहा है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जिक्र करते हुए पूनावाला ने सवाल उठाया कि क्या कोई निर्वाचित मुख्यमंत्री जेल से शासन चलाना जारी रख सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं ने कभी नहीं सोचा था कि अगर कोई मुख्यमंत्री या सरकार का कोई पदाधिकारी जेल जाता है, तो वह इस्तीफा नहीं देगा। हमने अरविंद केजरीवाल के मामले में ऐसा देखा, जिन्होंने जेल में रहते हुए भी सरकार चलाना जारी रखा। क्या प्रशासनिक तौर पर ऐसा मुमकिन है? यह ईमानदारी का भी सवाल है। पूनावाला ने विपक्षी दलों पर सार्वजनिक पद से इस्तीफे के मुद्दे पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया, पहले तो वे (विपक्षी नेता) एक आरोप का संकेत भर मिलने पर लोगों से इस्तीफा मांगते थे। अब जब अदालतें उन्हें एक के बाद एक मामलों में जेल भेज रही हैं, तो वे इस्तीफा नहीं दे रहे हैं।

भाजपा प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ अलग व्यवहार क्यों किया जाना चाहिए। उन्होंने सार्वजनिक पदों पर बैठे लोगों और आम नागरिकों के लिए एक समान मानक की वकालत की। अगर कोई आम आदमी जेल जाता है, तो क्या उसे एक दिन भी अपनी नौकरी जारी रखने की इजाजत मिलेगी? उसे तुरंत निलंबित कर दिया जाएगा।

सूडान युद्ध में पिछले छह महीने में 300 से ज्यादा बच्चे मारे गये

सूडान। सूडान युद्ध में पिछले छह महीने के दौरान 300 से ज्यादा बच्चे मारे गए हैं या घायल हुए हैं। इनमें से ज्यादातर बच्चे ड्रोन हमलों में हताहत हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूडान अप्रैल 2023 से सेना और अर्द्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच युद्ध में उलझा हुआ है। यूनिसेफ के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच लड़ाई अब मुख्य रूप से कोरडोफान, दारफुर और ब्लू नाइल राज्यों में केंद्रित हो गई है, जहां 60 फीसदी मृतकों की जान ड्रोन हमलों के कारण गई है। संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, ब्रिटेन और अन्य देशों ने उत्तर कोरडोफान के रणनीतक रूप से अहम शहर अल-ओबेद पर कब्जे के लिए आरएसएफ और सेना में भीषण लड़ाई के बीच लोगों पर संभावित अत्याचारों को लेकर चिंता जताई है। सोमवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित मानवाधिकार परिषद ने पांच यूरोपीय देशों की ओर से पेश उस प्रस्ताव को मंजूरी दी, जिसमें अल-ओबेद और उसके आसपास के क्षेत्रों में आरएसएफ और उसके सहयोगियों की बढ़ती हिंसा की निंदा की गई है। बिना मतदान के पारित किए गए इस प्रस्ताव में सूडान से आए शरणार्थियों को पनाह देने वाले देशों के लिए ज्यादा समर्थन को प्रोत्साहित किया गया है और युद्ध में बाहरी दखलअंदाजी के सभी रूपों की निंदा की गई है।

सूडान युद्ध में कम से कम 59,000 लोग मारे गए हैं, लगभग 1.3 करोड़ लोग विस्थापित हुए हैं और कई इलाके भुखमरी की चपेट में आ गए हैं। तीन करोड़ से ज्यादा लोगों को मानवीय सहायता की दरकार है।

इंटरटेनमेंट...

फिल्म सतलज हटाये जाने पर सेलेब्स ने किया विरोध

मुंबई। सेंसरशिप विवाद से रुकी हुई फिल्म सतलज (पहले पंजाब 95) को ओटीटी रिलीज के 3 दिन बाद ही जी 5 से भी हटा दिया गया है। बिना कोई पुख्ता कारण दिए, अचानक फिल्म हटाए जाने पर कई सेलेब्स ने नाराजगी जाहिर की है। इसी बीच फिल्म के एक्टर दिलजीत

> दिलजीत ने पायरेसी करने की अपील की, रणवीर कहानी छिपाने की परंपरा को बढ़ावा दिया

दोसांझ ने फैंस से बढ़-चढ़कर पायरेसी करने और फिल्म को ज्यादा से ज्यादा शेयर करने की अपील की है। ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटाए जाने के बाद फिल्म को यूट्यूब पर प्राइवेट चैनल पर रिलीज किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में फैंस फिल्म देख रहे हैं। क्रिकेटर हरभजन सिंह ने भी ये फिल्म देखी और जमकर तारीफ की है। इसी बीच कई सेलेब्स फिल्म हटाए जाने का विरोध कर रहे हैं। 'सतलज' को हटाए जाने की खबर सुनकर बेहद निराशा हूं। मैं लंबे समय से इस फिल्म का इंतजार कर रहा था। जिस देश की प्राचीन परंपरा और विरासत कहानियों से सीखने की रही हो, वहां यह समझ से परे है कि हम बार-बार कहानियों को दबाने और छिपाने की संस्कृति को ही बढ़ावा क्यों दे रहे हैं। रणवीर शोरे के अलावा सोनी राजदान और फिल्ममेकर संजय गुप्ता ने भी फिल्म हटाए जाने पर निराशा जाहिर की है। जलियांवाला बाग इतिहास के सबसे भयावह नरसंहारों में से एक है। इसे एक औपनिवेशिक शासन ने अंजाम दिया था। लेकिन जसवंत सिंह खालड़ा देखने के बाद मेरे मन में जो सवाल सबसे ज्यादा गूंजता है, वह कुछ और है। बाहरी शासक के अत्याचार से भी ज्यादा पीड़ादायक क्या होता है? जब अपने ही लोगों की रक्षा करने की जिम्मेदारी निभाने वाले लोग, उन्हीं के लिए सबसे बड़े डर की वजह बनने के आरोपों में घिर जाएं। एक पुलिस अधिकारी का कर्तव्य निर्दोष लोगों की रक्षा करना होता है।



हाथी दांत रखने के मामले में घिरे एक्टर मोहनलाल

मुंबई। मलयालम एक्टर मोहनलाल ने केरल वन विभाग के सामने 10 हाथी के दांत और हाथी दांत से बनी 13 मूर्तियां घोषित की हैं। यह घोषणा एक्टर ने सरकार की एमनेस्टी (माफी) योजना के तहत की है। मोहनलाल पर हाथी दांत गैर-कानूनी तरीके से रखने का 15 साल पुराना मामला चल रहा है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक इन सभी मूर्तियों का कुल वजन करीब 46 किलोग्राम है, जिनमें भगवान कृष्ण, राम और तिरुपति बालाजी की मूर्तियां शामिल हैं। एक्टर ने कहा कि यह चीजें उन्हें विरासत या तोहफे में मिली थीं। वन अधिकारियों के अनुसार, मोहनलाल ने पहले केवल चार हाथी के दांत होने की जानकारी दी थी। अब उन्होंने छह और हाथी दांत के साथ 13 मूर्तियों की घोषणा की है।

नेटफ्लिक्स शो में अशनीर ग्रोवर की पत्नी का विवादित बयान

मुंबई। नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉकअप 2' में बिजनेसमैन अशनीर ग्रोवर की पत्नी माधुरी जैन ग्रोवर के एक बयान पर विवाद हो गया है। शो में एलिमिनेशन से बचने के लिए माधुरी ने अपनी पर्सनल जिंदगी से जुड़ा एक सीक्रेट शेयर किया। इस दौरान उन्होंने अमीर और गरीब लोगों के बच्चे पैदा करने को लेकर एक विवादित टिप्पणी कर दी। माधुरी का यह सीक्रेट उन्हें शो से बाहर होने से तो बचा गया, लेकिन उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर लोग उन्हें लगातार ट्रोल कर रहे हैं। तीसरा बच्चा चाहते थे अशनीर ग्रोवर माधुरी जैन ग्रोवर ने शो के दौरान अपने परिवार से जुड़ा एक सच सामने रखा। उन्होंने बताया कि वे और अशनीर ग्रोवर एक तीसरा बच्चा चाहते थे। शुरूआत में उनका परिवार इस विचार के खिलाफ था, जिसके कारण उन्होंने अपना फैसला टाल दिया। बाद में जब दोनों ने दोबारा तीसरे बच्चे के लिए मन बनाया, तब तक काफी देर हो चुकी थी। माधुरी ने कहा कि तीसरा बच्चा आपको जवान रखता है।

> 'लॉकअप 2' में बोलीं माधुरी- अमीर बच्चे पैदा करेंगे तो अमीरी बढ़ेगी, गरीब करेंगे तो गरीबी

रणवीर सिंह हैं भारत के सबसे महंगे एक्टर

मुंबई। रणवीर सिंह ने फिल्मों में आने से पहले ओएंडएम जैसी नामी एजेंसी में कॉपीराइटर के तौर पर काम किया था। एक लड़का, जो बचपन से ही फिल्मों का दीवाना था और जब उसने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा, तो उसे शुरूआत में कई रिजेक्शन झेलने पड़े।

कास्टिंग काउच जैसे कड़वे अनुभवों का भी सामना करना पड़ा। यहां तक कि एक दिन जब वह काम की तलाश में अपना पोर्टफोलियो लेकर एक प्रोड्यूसर के घर पहुंचा, तो प्रोड्यूसर ने उसके पीछे कुत्ता छोड़ दिया। वही लड़का आज बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक है। उसने अपने करियर में 'धुरंधर', 'धुरंधर 2', 'पद्मावत' और 'बाजीराव

मस्तानी' जैसी कई सुपरहिट फिल्में दीं। सातवीं क्लास में रणवीर ने एक स्कूल मैच में सिर्फ 46 गेंदों पर 71 रन बना दिए।

इस शानदार पारी के बाद उन्होंने क्रिकेटर बनने का फैसला किया। अपने दोस्तों के साथ उन्होंने पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ की क्रिकेट अकादमी में ट्रायल देने का मन बनाया। रणवीर ने साल 2017 में फिल्म '83' के एक इवेंट में यह किस्सा सुनाया था। उन्होंने कहा, मेरे दोस्त क्रिकेट को लेकर काफी सीरियस थे और समय पर पहुंच गए, लेकिन मैं देर से पहुंचा।

अमरनाथ सर पिच के पास खड़े थे। उन्होंने मुझे देर से आने और मेरा खेल देखने के बाद रिजेक्ट कर दिया। उस दिन उन्होंने मुझे रिजेक्ट करके बिल्कुल सही फैसला किया, वरना आज मैं यहां एक एक्टर के रूप में नहीं बैठा होता। रणवीर की दादी चांद बर्क 1950 और 1960 के दशक की मशहूर एक्ट्रेस थीं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K